रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 7 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 347 मूल्य 3.00 ₹


**क्विक न्यूज़**

## ईडी की टीम हवाला लिंक की कर रही खोजबीन



**रायपुर।** रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव के सराफा कारोबारियों और सीए की कार्यालयों और घरों में ईडी के अधिकारियों ने दूसरे दिन हवाला से संबंधित लिंक की तलाश करती रही। अब तक ईडी सूत्रों ने इस बात से इंकार नहीं किया है कि सोना तस्करी मामले में सिंडिकेट से संबंध है। ईडी शुक्रवार को रायपुर दुर्ग और राजनांदगांव में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर हड़कंप मचा दिया था। उसके बाद से सराफा कारोबारियों के सहित 12 ठिकानों में दबिश दी थी। कार्यवाही लगातार जारी है।

# धनखड़ देश के अगले उपराष्ट्रपति, 11 अगस्त को लेंगे शपथ

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश के अगले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे। मतदान के बाद संसद में काउंटिंग शुरू हुई और देर रात चुनाव परिणाम की घोषणा की गई जिसमें जगदीप धनखड़ को विजयी घोषित किया गया।
उप राष्ट्रपति चुनाव अधिकारी और लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

उपराष्ट्रपति के लिए शनिवार शाम 5 बजे वोटिंग खत्म हुई। संसद में दोनों सदनों को मिलाकर फिलहाल 780 सदस्य (राज्यसभा में 8 सीटें खाली) हैं। लेकिन 725 (92.94प्रति) सदस्यों ने ही वोट किया। काउंटिंग में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के कैंडिडेट जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले, जबकि विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले। 15 वोट निरस्त कर दिए गए। धनखड़ 11 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है। ममता ने अपने 36 सांसदों को वोटिंग से दूर रहने की बात कही थी, लेकिन टीएमसी सांसद शिशिर अधिकारी और दिव्येंदु अधिकारी ने ममता के फैसले के खिलाफ वोट किया। आंकड़ों के हिसाब से एनडीए कैंडिडेट धनखड़ की जीत के लिए भाजपा के ही वोट काफी है। भाजपाके दोनों सदनों में 394 सांसद हैं, यह बहुमत के आंकड़े से ज्यादा है। सपा और शिवसेना के 2, जबकि बसपा के एक सांसद ने वोट नहीं किया। वही, भाजपा सांसद सनी देओल और संजय धोत्रे ने वोट नहीं किया।780 का निर्वाचन मंडल, 741 सांसदों ने हिस्सा लिया। अभी लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 245 में से 8 सीटें खाली हैं। यानी निर्वाचन मंडल 788 के बजाय 780 सांसदों का था। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था। राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को मिलाकर टीएमसी के 36 सांसद हैं।



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नई दिल्ली प्रवास के दौरान नव निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य मुलाक़ात की।

# नीति आयोग की बैठक में सीएम भूपेश बघेल उठा सकते हैं जीएसटी और कोल माइंस का मुद्दा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली दौरे पर है। सीएम बघेल रविवार को सुबह 10:30 बजे विज्ञान भवन में प्रस्तावित नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य के लिए कुछ विशेष मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रख सकते हैं। साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति, हसदेव अरण्य कोल माइंस का मुद्दा भी प्रधानमंत्री के समक्ष उठा सकते हैं। कोल माइंस एक्सटेंशन को लेकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस-भाजपा के नेताओं के बीच जुबानी जंग चल रही है। शनिवार को सीएम भूपेश बघेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य मुलाकात भी की। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। रायपुर के प्रदर्शन में शामिल होकर सीएम भूपेश बघेल दिल्ली पहुंचे। वे दिल्ली के किंग्सवे कैंप पहुंचे थे, जहां राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस सांसदों और कार्यकताओं को पुलिस ने डिटेन कर रखा था। सीएम भूपेश बघेल 8 अगस्त तक दिल्ली दौरे पर हैं।

### हिमाचल चुनाव को लेकर बनाएंगे रणनीति

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नीति आयोग की बैठक के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। चर्चा है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी के संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल से सीएम भूपेश बघेल और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंत्रणा करेंगे। पार्टी आलाकमान ने सीएम भूपेश बघेल को हिमाचल व अशोक गहलोत को गुजरात का चीफ ऑब्जर्वर बनाया है। सीएम भूपेश बघेल इससे पहले 23 जुलाई को दिल्ली गए थे। इस दौरान भी उन्होंने हिमाचल चुनाव को लेकर बैठक की थी। सीएम भूपेश बघेल रविवार को दिल्ली से शिमला जाएंगे। वहां हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकें होनी हैं।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट गौठान होंगे पुरस्कृत

**रायपुर।** राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा उत्कृष्ट गौठनों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है। कृषि विभाग ने उत्कृष्ट गौठानों के चयन के लिए बुनियादी ढ़ांचा, गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादन, विविध आजीविका एवं स्वावलंबन को आधार मानते हुए इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए हैं।

## देश में कोरोना संक्रमण के 19406 नए मामले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 19,406 नए मामले सामने आए है और 19,928 मरीजों के स्वस्थ होने से



इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 43465552 हो गयी है। देश में सक्रिय मामले 571 कम होने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,34,793 रह गयी है। इस महामारी से पिछले 24 घंटों में 38 लोगों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,26,649 हो गया है। इस बीच देश में 205.92 करोड़ से अधिक टीके लगाये जा चुके हैं। पिछले 24 घंटों में 32,73,551 लोगों का टीकाकरण किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 19,406 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,26,994 हो गयी।

## ईडी ने राउत की पत्नी से की पूछताछ



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कथित धनशोधन मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत की पत्नी वर्षा से शनिवार को पूछताछ की। राउत की ईडी रिमांड की अवधि बढ़ाए जाने के दो दिन बाद ईडी ने वर्षा को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। मुंबई में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को राउत की ईडी रिमांड अवधि आठ अगस्त तक बढ़ा दी थी।

# 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं, युवा को रोजगार देने की बात करें : राहुल

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिक्षा नीति, परीक्षा पर चर्चा' आदि को दिखावा बताते हुए कहा है कि सच्चाई यह है कि उनके पास युवाओं रोजगार देने की योजना ही नहीं है। गांधी और वाड्रा ने कहा कि देश को तीन चार लोग मिलकर चला रहे हैं और ये लोग तानाशाही करके देश को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं। उसी का परिणाम है कि आज सीयूईटी परीक्षा के लिए 50 हज़ार युवा अयोग्य हो गये हैं। उन्होंने ट्वीट किया अमृतकाल' की नयी एजुकेशन पॉलिसी : एग्जाम से पहले 'परीक्षा पर चर्चा' एग्जाम के वक्त 'नहीं पर्चा, नहीं चर्चा' परीक्षा के बाद अंधकार में भविष्य जो सियूएटी के छात्रों के साथ हो रहा है, वो आज देश के हर युवा की कहानी है। चार लोगों की तानाशाही देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। वाड्रा ने कहा तकनीकी' खराबी के कारण 50 हज़ार से अधिक छात्र सीयूईटी परीक्षा देने में असमर्थ हो गए हैं। क्या यह सरकार छात्रों के प्रति इतनी असंवेदनशील बन गयी है कि वह गंभीर स्तर की सरकारी नीतिगत स्थिति को भी नहीं देख सकती है। क्या हमारे युवाओं के लिए यही सब कुछ है।

# उपराज्यपाल के निर्णय से सरकार को हज़ारों करोड़ के राजस्व का नुकसान : सिसोदिया

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि कुछ चुनिंदा दुकानदारों को फायदा पहुँचाने की नीयत से एक्साइज पॉलिसी 2021-22 में शराब की दुकानों के खुलने से ठीक दो दिन पहले उपराज्यपाल ने अपना निर्णय बदला जिससे सरकार को हजारों करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ। सिसोदिया ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि मई 2021 में जब सरकार ने एलजी ऑफिस में पॉलिसी को मंजूरी के लिए भेजा तो उपराज्यपाल ने इसे ध्यान से पढ़कर इसमें कई बड़े बदलाव करवाए थे। उस समय उनका स्टैंड अनऑथराइज्ड एरिया में दुकानें खोले जाने के पक्ष में था और उन्होंने उसे बाकायदा मंजूरी भी दी लेकिन वह पॉलिसी जिसे कैबिनेट ने व स्वयं एलजी ने मंजूरी दी थी, उसे किसके दबाव में आकर दुकानों के खुलने से ठीक दो दिन पहले बदला गया और क्यों कुछ दुकानदारों को फायदा पहुँचाने के लिए एलजी द्वारा अपने स्तर पर ही यह निर्णय लिया।

उपमुख्यमंत्री ने इस मसले का पूरा ब्यौरा सीबीआई को भेजा है और इसकी जाँच की मांग की है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में नई एक्साइज पॉलिसी 2021-22 के तहत दिल्ली में शराब की दुकानों की कुल संख्या न बढ़ाते हुए उन्हें पूरी दिल्ली में समानता के आधार पर वितरित करने का प्रावधान रखा गया था। दिल्ली में पहले 849 दुकानें थी, नई पॉलिसी में भी पूरी दिल्ली में 849 दुकानें होनी थी और ये दुकानें पूरी दिल्ली में बराबर बटनी थी। इसलिए पॉलिसी में ऐसे वार्डस का विवरण देते हुए बहुत स्पष्ट लिखा गया था।

**प्रतिनिधिमण्डल शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलकर रखेगा पक्ष**

# जनसम्पर्क अधिकारियों से अमर्यादित व्यवहार, संगठन ने खोला मोर्चा कलेक्टर सरगुजा कुंदन कुमार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ द्वारा सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा दो जनसम्पर्क अधिकारियों से अमर्यादित व्यवहार, अपशब्दों के प्रयोग के मामले पर संघ की बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। संघ ने मुख्यमंत्री से इस विषय में तत्काल संज्ञान लेकर कलेक्टर सरगुजा के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संघ ने यह भी मांग की है कि कलेक्टर सरगुजा अपने अमर्यादित व्यवहार के लिए खेद व्यक्त करें। इसके साथ ही नियम विरूद्ध किए गए जनसम्पर्क अधिकारी का संलग्नीकरण भी तत्काल निरस्त करें। इस सम्बंध में संघ का प्रतिनिधिमण्डल जल्द ही मुख्यमंत्री से भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ की कार्यकारिणी की बैठक में कलेक्टर सरगुजा कुंदन कुमार द्वारा सहायक संचालक दर्शन सिंह सिदार एवं सहायक सूचना अधिकारी सुखसागर वारे के साथ किए गए अमर्यादित व्यवहार और धमकी के साथ वारे को अनाधिकृत रूप से अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय सरगुजा में संलग्न करने का कड़ा विरोध व्यक्त करने निर्णय लिया गया है। साथ ही संघ द्वारा कलेक्टर के इस अमर्यादित कृत्य के लिए निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया है। छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद तंबोली ने कहा है कि कलेक्टर द्वारा जनसम्पर्क अधिकारियों के साथ अमर्यादित व्यवहार और मुख्यमंत्री के ही प्रचार-प्रसार के औचित्य पर प्रश्न उठाना अत्यंत खेद जनक है। तंबोली ने बताया कि जनसम्पर्क कार्यालय अम्बिकापुर में पदस्थ दोनों ही अधिकारी अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हैं। ऐसी स्थिति में कलेक्टर सरगुजा द्वारा अधिकारियों से अमर्यादित व्यवहार असंवैधानिक और राज्य सरकार की रीति-नीति के भी विपरीत है। अध्यक्ष तंबोली ने यह भी कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनसम्पर्क विभाग के भार साधक मंत्री भी हैं। समस्त शासकीय कार्यों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ही किया जाता है। यह प्रतीत होता है कि सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार व्यक्तिगत प्रचार-प्रसार के आदी हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर सरगुजा कुंदन कुमार द्वारा बैठक में शासकीय अधिकारियों को निलंबित करने या कार्यवाही सहित कई प्रकार के निर्देश दिए जाते हैं और जब उनके निर्देश अनुसार जनसम्पर्क अधिकारियों द्वारा समाचार जारी किए जाते हैं तो कलेक्टर द्वारा इसे नेगेटिव प्रचार-प्रचार की संज्ञा देकर सहायक संचालक दर्शन सिंह सिदार एवं सहायक सूचना अधिकारी वारे के साथ डांट-फटकार, गाली-गलौच और अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। कलेक्टर द्वारा यह कहा जाता है कि जनसम्पर्क अधिकारी केवल मुख्यमंत्री का ही प्रचार-प्रसार करते हैं। आप लोग कलेक्टर का पावर नहीं जानते हो, अगर कलेक्टर को गुस्सा आ गया तो यहां दिखाई नहीं दोगे।




# भाजपा के साथ आने को तैयार थे उद्धव, शिंदे गुट के नेता का दावा-पीएम से चल रही थी बात

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र की राजनीति में मची उथल-पुथल के बीच आए दिन चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच एकनाथ शिंदे समूह के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने दावा किया है कि सुशांत मामले में बेटे आदित्य को बचाने के लिए उद्धव ठाकरे सीएम पद छोड़कर भाजपा के साथ आने के लिए तैयार थे। दीपक के मुताबिक इस मामले में उद्धव ठाकरे की पीएम मोदी से भी बातचीत चल रही थी। दीपक केसरकर ने शुक्रवार को मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लेकिन नारायण राणे के केंद्रीय मंत्रिमंडल में जाने के बाद यह मामला अटक गया।

**उद्धव ठाकरे को अब मिला नया काम, संजय राउत की जगह खुद करेंगे 'सामना'**

पीएम से कहा था आपके साथ पारिवारिक संबंध जरूरी, प्रेस कांफ्रेंस में दीपक केसरकर ने यह भी बताया कि इस दौरान पीएम मोदी और उद्धव ठाकरे के बीच क्या बातचीत हुई थी। शिंदे गुट के प्रवक्ता के मुताबिक ठाकरे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि उद्धव ने मुझे इस यात्रा के दौरान हुई चर्चाओं के बारे में जानकारी दी थी। उद्धव ठाकरे ने पीएम मोदी से स्पष्ट कर दिया था कि मैं पद से ज्यादा आपके साथ पारिवारिक संबंध बनाए रखने को तवज्जो देता हूं। दीपक का कहना है कि इस बातचीत के मुताबिक उद्धव ठाकरे को 15 दिनों में अपने पद से हटना था। लेकिन मुंबई लौटने के बाद उद्धव को एहसास हुआ कि यह बातें कार्यकर्ताओं से भी बताई जानी चाहिए, नहीं तो गलत मैसेज जाएगा। इसके बाद उद्धव ठाकरे ने कुछ समय मांगा था।

**भाजपा सदस्यों के निलंबन से भी बढ़ी थी परेशानी**

दीपक केसरकर ने यह भी दावा किया कि मोदीजी पार्टी के मुखिया और परिवार के मुखिया के रूप में उद्धव ठाकरे के मन मुताबिक सबकुछ करने को तैयार थे। उन्होंने कहा कि हम तीनों को यह सब पता था। इसके अलावा रश्मि ठाकरे को भी यह बात पता थी। लेकिन इसमें काफी समय लग गया और इस बीच विधानसभा सत्र में भाजपा के 12 विधायकों को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद भाजपा की तरफ से उद्धव ठाकरे को मैसेज दिया गया था। इसमें कहा गया था कि जब हमारे बीच बातचीत चल रही थी तब भाजपा विधायकों को इतने लंबे समय तक निलंबित करना ठीक नहीं था।

**समय की कमी बनी बाधा**

एकनाथ शिंदे गुट के प्रवक्ता ने बताया कि इसी बीच नारायण राणे को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया। यह बात भी उद्धव ठाकरे को पसंद नहीं आई थी। इसके चलते उद्धव से बातचीत बंद हो गई थी। दो महीने बाद उद्धव ठाकरे से बात की। उस समय उन्होंने कहा था कि छोटी-छोटी बातें होती रहती हैं। लेकिन उद्धव ठाकरे को लगा कि बातचीत फिर से शुरू होनी चाहिए और इसमें से कुछ अच्छा निकलना चाहिए। लेकिन दीपक केसरकर ने कहा कि उद्धव ठाकरे के साथ समय की कमी के कारण यह संभव नहीं हो पाया।

## प्रेम-प्रसंग में फरार विवाहिता की हत्या: कहीं हॉरर किलिंग तो नहीं! पुलिस ने जमीन खोद कर निकाली लाश

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में प्रेम-प्रसंग में फरार हुई विवाहिता की हत्या कर लाश को दफन कर देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को महिला का शव जमीन खोद कर बाहर निकाला। हत्या का आरोप पति समेत ससुराल वालों पर लगाया जा रहा है। सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमाटर्म के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। घटना सकरा थाना के पिलखी ठिकहां गांव की है। मृत महिला इंदल राम की पत्नी सीता देवी, 35 वषज्, थी। मामला हॉरर किलिंग का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक सीता देवी का पति इंदल राम मजदूर है। वह भी एक ईंट भट्ठा में काम करती थी। सीता देवी और इंदल राम के तीन बच्चे हैं। लेकिन सीता को गांव के ही एक युवक अकलु राम से प्रेम हो गया। करीब छह महीने पहले दोनों गांव से फरार हो गए। इस बात की चचाज् इलाके में आग की तरह फैल गई। पिछले जून महीने में पति इंदल ने बहला फुसला कर उसे गांव बुला लिया था। मृत महिला के भाई दिनेश राम ने बताया कि गांव आने के बाद पंचायत कराई गई।

## सभापति चुनाव: ग्वालियर, उज्जैन में सफल रही बीजेपी की रणनीति, केंद्रीय मंत्री तोमर के गढ़ में लगा बड़ा झटका



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की कई नगर पालिकाओं और परिषदों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभापतियों के ऐलान हो गए है। एक के बाद एक शहर और नगर से परिणाम सामने आने लगे हैं। कई शहरों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की जीत के साथ ही जश्न के जुलूस निकलने लगे हैं। हालांकि, अब तक के आए नतीजों में कहीं सरकार के बड़े नेताओं को झटका लगा है तो कहीं इतिहास रचा है।

**ग्वालियर में 1 वोट से जीती BJP**

ग्वालियर सभापति के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी मनोज तोमर ने जीत दर्ज की है। यहां बीजेपी ने कांग्रेस को 1 वोट से मात दी। बीजेपी के सभापति प्रत्याशी मनोज तोमर 34 वोट मिले हैं, तो वहीं के 33 वोट कांग्रेस सभापति प्रत्याशी लक्ष्मी गुर्जर को मिले हैं। जिसके बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बीजेपी के सभापति प्रत्याशी मनोज तोमर पूर्व सभापति घोषित कर दिया है। बीजेपी भले ही ग्वालियर में महापौर का पद हासिल नहीं कर पाई लेकिन सभापति के लिए कुशल रणनीति और बाड़ेबंदी का उन्हें फायदा मिल गया। यही नहीं ग्वालियर चंबल-अंचल के दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर लगातार सभापति पद को हासिल करने के लिए रणनीति बनाते रहे।

## 8 साल का बच्चा घर के सामने खेल रहा था, पानी के टैंकर ने मारी टक्कर, मौत

**इंदौर।** इंदौर के मल्हारगंज इलाके के एक 8 साल के बच्चे को पानी की टैंकर ने शुक्रवार की शाम टक्कर मार दी। पानी की टैंकर से टकराने से बच्चे की मौत हो गई। मोहम्मद फ़राज़ नामक लड़का अपने घर के बाहर खेल रहा था। यह दुर्घटना तभी घटी। इंदौर नगर निगम से जुड़े पानी के टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने कहा कि सड़क खोदने के कारण टैंकर के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।



**कैसे हुआ दुर्घटना**

मोहम्मद फ़राज़ जब अपने घर के बाहर खेल रहा था तभी इंदौर नगर निगम से जुड़े पानी के टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने कहा कि सड़क खोदने के कारण टैंकर के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

**दुर्घटना के बाद ड्राइवर पुलिस स्टेशन भागा**

बच्चे के टक्कर के बाद भारी भीड़ जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने ड्राइवर को घेर कर पिटने की कोशिश की लेकिन ड्राइवर वहां से भाग गया।

## बांके बिहारी को 10 हजार महिलाओं ने भेजी राखी तो एक ने भेज दिया रेनकोट, वजह जानकर हैरान रह जाएंगे

एजेंसी मथुरा
www.dailypioneer.com



भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन नजदीक है। ऐसे में वृंदावन में बांके बिहारी जी के मंदिर में राखियों का सिलसिला पहुंचना लगातार जारी है। जानकारी के मुताबिक बांके बिहारी जी को देश के कोने-कोने से अबतब दस हजार से ज्यादा बहनें राखी भेज चुकी हैं। ये वो महिलाएं हैं जो बांके बिहारी जो को अपना भाई मानती हैं। अपने भाई कान्हा को लेकर बहनों का ये प्रेम देख मंदिर के पुजारी भी भावुक हैं। कुछ महिलाएं ने अपने भाई कान्हा के लिए बड़े प्यार से राखी के साथ रोली-अक्षत और मिठाई भी भेजी है। कई बहनों ने तो अपने भाई को राखी के साथ-साथ चिट्ठी भी भेजी है जिसमें उन्होंने अपने भाई कान्हा को बताया है कि उनके जीवन में क्या समस्याएं चल रही है। कहीं किसी बहन ने चिट्ठी के साथ अपने भाई कान्हा के साथ लाड़ लड़ाया है। जानकारी के मुताबिक बांके बिहारी जी को सबसे ज्यादा दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र से राखियां आई हैं। इसके अलावा देश के बाकी राज्यों से भी बहनों ने अपने भाई कान्हा को राखी के रूप में प्यार भेजा है। इस बीच पुणे से कान्हा के नाम एक अनूठी राखी भी आई है जिसमें एक बहन ने ठाकुर जी को राखी, रोली, चावल और मेवे के साथ दो रेनकोट भी भेजा है। इसके साथ ही एक चिट्ठी भी लिखी है जिसमें उस बहन ने लिखा है कि उसने सपने में देखा कि बिहारी जी राधा रानी के साथ निधिवन में रास रचा रहे हैं। इस दौरान बारिश हो जाती है और दोनों भीग जाते हैं। चिट्ठी में आगे लिखा है कि निधिवन में रास रचाने जाते राधा रानी और बिहारी जी भीग ना जाएं इसलिए वो राखी के साथ दोनों के लिए रेनकोट भेज रही हैं। अपने भाई कान्हा के लिए इस बहन का प्रेम और सच्ची भावना को देखकर मंदिर के पुजारी और कर्मचारी भी भाव विभोर हैं।

## सरकारी खजाने पर आखिर पहला हक किसका 'फ्री की रेवड़ी' पर वरुण गांधी ने अपनी सरकार को घेरा



**नई दिल्ली।** अपनी ही पार्टी पर ताजा कटाक्ष करने में मशहूर भाजपा सांसद वरुण गांधी ने इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपक्ष को 'फ्री की रेवड़ी' वाले तंज का जवाब दिया है। पीलीभीत के सांसद ने ट्वीट किया कि जो सदन गरीब को 5 किलो राशन दिए जाने पर 'धन्यवाद' की आकांक्षा रखता है। वही सदन बताता है कि 5 वर्षों में भ्रष्ट धनपशुओं का 10 लाख करोड़ तक का लोन माफ हुआ है। सरकारी खजाने पर आखिर पहला हक किसका है? भाजपा सांसद वरुण गांधी ने अपनी ही पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के उस बयान पर भी तंज बोला। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा में कहा था फ्री की रेवड़ी वालों से सावधान रहना चाहिए। मामले में वरुण गांधी ने ट्वीट करते हुए अपनी ही पार्टी को कठघरे में खड़ा किया।

लिखा, जो सदन गरीब को 5 किलो राशन दिए जाने पर 'धन्यवाद' की आकांक्षा रखता है। वही सदन बताता है कि 5 वर्षों में भ्रष्ट धनपशुओं का 10 लाख करोड़ तक का लोन माफहुआ है। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने ट्वीट किया कि मेहुल चौकसी और ऋषि अग्रवाल का नाम फ्री की रेवड़ी सूची में सबसे ऊपर है। वो आगे लिखते हैं कि सरकारी धन पर पहला अधिकार किसका है?

वरुण गांधी ने वित्त राज्य मंत्री भागवत के कराड द्वारा सदन में पेश डाटा को भी ट्वीट में साझा किया। इसमें उन्होंने यह बताने की कोशिश की कि सरकार ने पिछले कुछ सालों में अरबपतियों को करोड़ों के लोन दिए और वे देश छोड़कर भाग निकले।

## चीन में कोरोना बेकाबू, सान्या सिटी में 80 हजार से ज्यादा टूरिस्ट फंसे, हालात पर काबू पाने को लगा लॉकडाउन

एजेंसी बीजिंग
www.dailypioneer.com



चीन में कोरोना एक बार फिर से बेकाबू हो गया है। चीन के 'हवाई' कहे जाने वाले सान्या शहर में शनिवार को अधिकारियों ने लॉकडाउन लगा दिया। इसके चलते वहां पर करीब 80 हजार पर्यटक फंस गए हैं। अधिकारियों ने पूरे शहर में एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। शनिवार सुबह से सान्या शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर पाबंदी लगा दी गई है और लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। सान्या शहर की आबादी 10 लाख से ज्यादा है। देश के दक्षिणी तट पर स्थित हैनन प्रांत की राजधानी सान्या एक टूरिस्ट स्पॉट है।

**चीन के सामने नई चुनौती**

कोरोना के मामलों में आए इस अचानक उछाल ने चीन के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं। अब उसके लिए जीरो कोविड और इकॉनमिक ग्रोथ की पॉलिसी के बीच बैलेंस बनाने में खासी मशक्कत करनी होगी। वहीं इस नए लॉकडाउन के बाद आशंका है कि घरेलू पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ेगा। बता दें कि एक अगस्त से शनिवार सुबह तक सान्या शहर में कुल 455 कोरोना केस मिले थे। लेकिन बड़े पैमाने पर टेस्ट की शुरुआत होने के बाद अचानक से कोरोना विस्फोट के हालात बन गए। हैनान प्रांत के स्वास्थ्य कमीशन ली वेंग्जिउ ने ग्लोबल टाइम्स को बताया कि यहां पर बीए5.1.3 वैरिएंट है। यह स्थानीय स्तर पर पहली बार पकड़ में आया था और इसकी संक्रमण दर भी काफी ज्यादा है। हवाई टिकट हुए काफी महंगे इसके बाद शनिवार सुबह अधिकारियों ने इस हालात को बेहद गंभीर बताते हुए प्रतिबंध लागू कर दिए। सान्या शहर में सोशल मीडिया के जरिए आम लोगों और पर्यटकों से अपील की गई है कि वह हालात को समझें और सरकार को इस काबू पाने में अपना समर्थन दें। सरकारी मीडिया के मुताबिक सान्या के डिप्टी मेयर हे शिगैंग ने बताया कि फिलहाल सान्या में 80 हजार से ज्यादा पर्यटक रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि सान्या छोड़ने से पहले लोग सुनिश्चित करें कि 48 घंटे के अंदर उनके दो निगेटिव पीसीआर टेस्ट हो चुके हों। इस बीच हवाई टिकटों के दाम अचानक से बढ़ने लगे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि शहर में फंसे सभी लोग यहां से कैसे निकल पाएंगे।

# ओपी जिन्दल : उद्योग जगत के पुरोधा, सामाजिक सुधारों के अग्रदूत

- शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, युवाओं और महिलाओं के सशक्तीकरण की मशाल प्रज्वलित की
- इस्पात एवं ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया



**92वीं जयंती पर विशेष**

जन्म से किसान, कर्म से उद्योगपति, हृदय से समाजसेवी बाऊजी ओमप्रकाश जिन्दल जी ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी और असंख्य देशवासियों के प्रेरणास्रोत बन गए। वे सच्चे कर्मवीर थे, जिन्होंने हमेशा बाधाओं में ही आगे बढ़ने का रास्ता ढूंढ़ निकाला। उनकी हिम्मत, कर्तव्यपरायणता, राष्ट्र और समाज के प्रति निष्ठा पूरी मानवता के लिए एक मिसाल है और यही वजह है कि उन्हें इस्पात जगत के पुरोधा, स्वच्छ राजनीति के शिखर पुरुष, जरूरतमंदों के मसीहा और सामाजिक विकास के जननायक के रूप में सदैव याद किया जाता है। आज उनकी 92वीं जयंती पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है।

बाऊजी ओपी जिन्दल जी का जन्म 7 अगस्त, 1930 को हरियाणा के हिसार स्थित गांव नलवा में हुआ था। उनके पिता नेतराम जिन्दल एक साधारण किसान थे और उनकी माता चंद्रावली देवी गृहिणी थीं। उनमें बचपन से ही कुछ नया करने की ललक थी। एक बार उनके गांव के स्कूल के अध्यापक ने देखा कि इस छात्र का मन पुस्तकों से ज्यादा मशीनों में रमता है, उन्होंने यह बात उनके पिता नेतराम जी को बताई। खेतों में चल रहे रहट हों या गांव के आसपास से गुजरती गाड़ियां, उस छात्र के मन में मशीनों के प्रति आकर्षण सभी को चकित कर देता था। किशोरावस्था में प्रवेश करने के साथ ही इस जोशीले नवयुवक में अपने सपने साकार करने की भावना प्रबल होने लगी। मशीनों और टेक्नोलॉजी के प्रति उनके जुनून ने काम करने के नए-नए तरीके खोजने की उनकी लालसा और बेचैनी को और बढ़ा दिया और साधारण माहौल में लालन-पालन के बावजूद ओपी जिन्दल मात्र 20 साल की उम्र में ही निकल पड़े भारत की आर्थिक आजादी के लिए एक नया इतिहास रचने।

ओपी जिन्दल ने सबसे पहले पूर्वी भारत की यात्रा की जो तत्कालीन भारत का ऐसा एकमात्र स्थान था, जहां उद्योगों के लिए तमाम संभावनाएं और अवसर मौजूद थे। 1952 में कोलकाता प्रवास के दौरान उन्होंने सड़क किनारे पड़े पाइपों पर 'मेड इन इंग्लैंड' लिखा देखा और उसी समय उनके मन में सवाल उठा कि यह 'मेड इन इंडिया' क्यों नहीं हो सकता। यही वो मोड़ था जहां स्वावलंबी भारत की कथा की भूमिका शुरू हुई। 1952 में ही उन्होंने अपने सपनों को साकार करने के लिए कोलकाता के पास लिलुआ में एक पाइप कारखाना की स्थापना की। भारत के बेहद सम्मानित औद्योगिक घरानों में से एक ओपी जिन्दल ग्रुप की यात्रा इसी के साथ शुरू हुई।

लिलुआ में पाइप और सॉकेट की फैक्टरी स्थापित कर वे न सिर्फ देश बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय हो गए। लेकिन उन्होंने अपनी जन्मभूमि की सेवा का व्रत लिया था इसलिए 1959 में वे वापस हिसार आ गए और एक छोटी-सी यूनिट के साथ अपनी औद्योगिक यात्रा आगे बढ़ाई। 1962 में उन्होंने हिसार में जिन्दल इंडिया नामक पाइप फैक्टरी की स्थापना की, जहां बने पाइप से देश के अनेक राज्यों में बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। इस कंपनी को आज जिन्दल इंडस्ट्रीज के नाम से पुकारा जाता है। इसके बाद उन्होंने 1970 में जिन्दल स्ट्रीप्स नामक कंपनी खोली और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में मजबूती से अपने कदम आगे बढ़ाए। फिर जिन्दल सॉ, जेएसडब्ल्यू, जिन्दल स्टेनलेस और जेएसपीएल जैसी कंपनियों की स्थापना कर बाऊजी ओपी जिन्दल एक अंतरराष्ट्रीय शख्सियत बन गए।

बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने नवंबर, 2004 में भारतीय इस्पात उद्योग में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें प्रतिष्ठित ''लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड'' से सम्मानित किया। प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'फोर्ब्स' ने उन्हें 13वां सबसे अमीर भारतीय खिताब दिया।

### एक स्वप्नदर्शी

आज भारत की जो चमकती तस्वीर हमारे सामने है, उसका सपना कुछ महान स्वप्नदर्शियों ने गुजरे कल में देखा था और उसे अपनी दूरदृष्टि, मेहनत और लगन से साकार किया। ओपी जिन्दल जी ऐसे ही एक महान स्वप्नदर्शी थे, जिन्होंने इस्पात उत्पादन में आत्मनिर्भरता के माध्यम से आधुनिक और मजबूत भारत का सपना देखा। उनके दृढ़ विश्वास और सकारात्मक सोच ने उनके सपनों को हकीकत में बदला। उन्होंने दीर्घकालिक सामाजिक मूल्यों का निर्माण करने वाली उद्यमशीलता पर विचार किया, जो उद्यमियों की नई पौध तैयार करने में मार्गदर्शक बना।

ओपी जिन्दल की भाषा हिम्मत और दृढ़निश्चय की थी। उन्होंने उस समय सपनों को ललकारा जब दुनिया उन्हें अविश्वास की नजरों से देख रही थी। जहां दूसरे लोग दीवार देख रहे थे, वहां उन्होंने दरवाजा देखा और अपनी नियति अपने हाथों से लिखी, अपने विश्वास को हकीकत में बदलने का काम किया। अनुकरणीय निष्ठा और उत्साह से उस महान व्यक्ति ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ऐसी अमिट छाप छोड़ी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया।

### एक नेता

एक चमत्कारी प्रेरक उद्योगपति, एक राजनीतिक नायक, आदर्शवाद और व्यावहारिकता के पथप्रदर्शक, अपने कामगारों के इकलौते 'यूनियन' लीडर और न जाने कितने उपनाम उनकी कीर्ति का बखान करते हैं। संक्षेप में कहें तो ओपी जिन्दल 'जनता के आदमी' थे, जिनकी लोगों की नब्ज पर मजबूत पकड़ थी, जिनके लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। यह उनके नेतृत्व की सफलता और लोगों से मिले अपार स्नेह का ही नतीजा था कि उन्होंने चार राजनैतिक चुनावों (तीन विधानसभा व एक लोकसभा) में शानदार जीत हासिल की। बाऊजी की सोच थी कि राजनीति में निचले स्तर पर भ्रष्टाचार से आम आदमी को कष्ट होता है, इसी कारण वे 1991 में सक्रिय राजनीति में आए और हिसार से विधायक निर्वाचित हुए। 1996 में वे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए और केंद्र में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भागीदार बने। उनकी सोच थी कि दलित, पिछड़े एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के उत्थान से देश का सामाजिक विकास संभव है। उनका स्पष्ट मानना था कि कमजोर लोगों के हाथ मजबूत होंगे तभी हमारा देश भी मजबूत होगा। उन्होंने जरूरतमंदों के लिए अपने दरवाजे सदैव खुले रखे। हरियाणा के ऊर्जामंत्री के साथ-साथ उन्होंने कई महत्वपूर्ण ओहदों पर कुशलतापूर्वक काम किया, जिससे वे अपने देश के लिए समग्र रूप से योगदान करने में सफल हुए और राष्ट्र को गौरवान्वित किया।

### एक पिता और लोगों के अभिभावक

ओपी जिन्दल एक पिता, दार्शनिक, मार्गदर्शक और इन सबसे ऊपर अपने बच्चों के लिए एक आदर्श प्रेरणास्रोत थे, जो न केवल जिन्दल परिवार में पूजनीय थे अपितु एक ऐसे औद्योगिक समूह के संस्थापक थे, जो राष्ट्र निर्माण की जोत प्रज्ज्वलित कर रहा है। एक पिता के रूप में उनकी भूमिका केवल अपने चार बेटों और पांच बेटियों तक सीमित नहीं थी बल्कि उन्होंने अपने सभी कर्मचारियों और लोगों के लिए एक पोषक पिता की विशाल भूमिका को भी पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से निभाया। एक अनुशासन प्रिय पिता के रूप में ओपी जिन्दल ने शायद ही कभी अपने प्यार का इजहार किया हो लेकिन उनके हावभाव में सभी के प्रति अपार स्नेह झलकता था। आज उनके बच्चे अपनी सफलताओं का श्रेय अपने बाऊजी के उन अनकहे संदेशों को देते हैं, जो उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में उदाहरणों से प्रस्तुत किया।

यह बाऊजी का दिया हुआ संस्कार ही है, जो उनके बेटे पृथ्वीराज जिन्दल, सज्जन जिन्दल, रतन जिन्दल और नवीन जिन्दल न सिर्फ सफल व्यवसायी हैं बल्कि जमीन से अपने जुड़ाव के लिए भी जाने जाते हैं। आज उनकी तीसरी पीढ़ी सुस्मिनू जिन्दल, पार्थ जिन्दल, अभ्युदय जिन्दल और वेंकटेश जिन्दल उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आगे आए हैं।

### जनकल्याण

बाऊजी का मानना था कि वह उद्योग सफल नहीं हो सकता, जिसके आसपास का समाज विफल हो इसलिए उन्होंने 'लोग प्रथम' की नीति अपनाई। यही वजह रही कि जनसेवा उनके जीवन का अनिवार्य अंग बन गया। उन्होंने हर उस छोटी चीज के मूल्य को भी समझा, जो जिन्दगी ने उन्हें दिया था और इनमें सबसे महत्वपूर्ण था कठिन और सूझबूझ से किये गए कठिन परिश्रम के महत्व को समझना। वे किसी को बताए बगैर मदद करने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने न केवल उन कार्यों के लिए लाखों रुपये दान कर दिए, जिनमें उन्हें सामुदायिक विकास की झलक दिखाई देती थी बल्कि जरूरतमंदों की भी सदैव दिल खोलकर मदद की।

यही वो सोच थी जिसके तहत उन्होंने हिसार में 1968 में 500 बिस्तरों वाला एनसी जिन्दल अस्पताल खोला, जिसे आज मिनी एम्स के नाम से पुकारा जाता है। इसी तरह हिसार के अग्रोहा में महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर उन्होंने प्रथम मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जो आज हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के तीन करोड़ लोगों की उम्मीद की किरण बन गया है।

शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने दिल्ली में एनसी जिन्दल पब्लिक स्कूल और हिसार में लड़कियों की शिक्षा के लिए विद्यादेवी जिन्दल आवासीय विद्यालय खोला। उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज का विकास संभव है इसलिए उन्होंने गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर सदैव जोर दिया। शिक्षा के क्षेत्र में देश को अग्रणी बनाने की दिशा में बाऊजी के दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए उनके बेटों ने अनेक शैक्षिक संस्थान खोले, जिनमें नवीन जिन्दल द्वारा हरियाणा के सोनीपत में स्थापित ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी आज देश का अग्रणी निजी विश्वविद्यालय है। यह न सिर्फ भारत के 20 शीर्ष 'इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस' में शामिल है बल्कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भी अग्रणी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में गिना जाता है। इसी तरह रायगढ़ स्थित ओपी जिन्दल यूनिवर्सिटी स्टील इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मील का पत्थर है और नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मोदी सरकार की कौशल विकास की नीति के अनुरूप छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में स्थापित ओपी जिन्दल कम्युनिटी कॉलेज ने लाखों युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित किया है। इसी तरह ओपी जिन्दल स्कूल के माध्यम से माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का काम भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

देश के विकास के सपनों को हकीकत में बदलने वाले, व्यावहारिक ज्ञान की जोत जलाने वाले, स्वदेशी मशीनों का ईजाद कर देश में आर्थिक विकास की नई लहर बहाने वाले, सतत विकास की सोच और असंख्य लोगों के लिए उन्नति के द्वार खोलने वाले बाऊजी ओपी जिन्दल जी ने 31 मार्च 2005 को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी की लेकिन उनके विचार आज भी हमारे पास हैं, हमारे साथ हैं। उन्होंने हमें मेहनत, हिम्मत और स्वच्छ राजनीति की जो विरासत दी, उसपर चलकर हम देश और देशवासियों की सेवा करते रहें, यही उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# भाजपाइयों ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

## कृषि केंद्र में नकली खाद बेचने का मामला

पायनियर संवाददाता ◀ पखांजूर
www.dailypioneer.com





तहसील अंतर्गत बांदे के एक कृषि केंद्र व्यापारी के द्वारा किसानों को नकली खाद बेचने का मामला सामने आया है,जिससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश है,वही बीवी किसानों को इफको कम्पनी के बोरी में नकली डी ए पी खाद बेचकर किसानों के साथ धोखादारी की अब धान की फसल पुरी तरह बर्बाद की कागार पर है किसानों को अब पता चला कि एक माह पूर्व धान लगाने के बाद भी धान की फसल जस की तस बना हुआ है ,खाद को जांच करने पर नकली पाया गया है दुकानदार ग्राम पंचायत विष्णुपुर के ग्राम 99 के नीलकंठ बिस्वास का बताया जा रहा है,यही दुकानदार ने क्षेत्र में कई हजार बोरी खाद किसानों के पास बेचा है,आप इसमें अन्दाजा लगा सकते है कि सैकड़ों किसानों की फसल बर्बाद हो गये है,अब किसानों के फसलों की मुआवजा की मांग के लिए बांदे के मुख्य सड़क पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह उसेंडी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ चक्का जाम कर आंदोलन कर दुकानदार के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष बांदे क्षेत्र में नकली कीटनाशक बेचने का मामला भी इसी दुकानदार का कृत था।दो वर्ष पूर्व में भी इस इसी दुकानदार के द्वारा नकली खाद बेचा गया था,तब भी कृषि विभाग मामूली कारवाही करके छोड़ दिये थे आगर उस वक्त मामले को गंभीरता से लेकर कारवाही करते तो आज इन गरीब किसानों का फसल बर्बाद नही होता न किसानों के ऊपर कर्ज का दोहरी मार पड़ता, दुकान संचालक द्वारा प्रति वर्ष इस प्रकार कृत एवं किसानों से ठगी कर मालामाल होते जा रहे है तो वही कृषि विभाग मुख दर्शक बने बैठे है आखिर इस व्यापारी पर बार -बार महेरबान होना कही न कही विभाग की मिली भगत बु आरही है।जब बीते वर्ष एक्पायरी दवाई किसानों को खपाया गया था उस वक्त विभाग द्वारा छापामारी कार्यवाही करते हुए दुकान को सील भी किया गया था,विभाग की मेहरबानी देखिये कुछ दिन बाद वही दुकान का सील खोल दिया जाता है, पूरा मामले को देखकर विभाग पर सवाल उठना लाजमी हैं। साथ ही ग्राम पंचायत विष्णुपुर में उपसरपंच में रहते हुए मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, सड़क निमार्ण तथा उनके धर्म पत्नी के नाम से फर्जी बिल लगाकर 22 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया था, तब भी सम्बंधित बिभाग जाँच के दौरान के कार्य मे घोटाला पाया गया था विभाग द्वारा तत्कालीन सरपंच रहे चुके नीलकण्ठ बिस्वास को 22 लाख का रिकवरी किया जाना था,पर अब तक रिकवरी करने में असमर्थ रहे विभाग। बता दे नकली खाद के कारोबार से कारोबारी मालामाल हो रहे हैं, वहीं इससे सीधे तौर पर किसान हलाल हो रहे हैं। उनकी गाढ़ी कमाई पानी में डूब रही है। नकली खाद के फेर में बीज के साथ-साथ फसलों की अन्य लागत भी बर्बाद हो रही है। इससे किसानों की माली हालत दिन-ब-दिन और खराब होता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में इसका व्यापक असर हो रहा है। गांवों के भोले-भाले किसान असली के फेर में नकली खाद खरीद रहे हैं। कीटनाशक दुकानदार के लिए यह इस बात का संकेत है कि यहां धंधा काफी दिनों से फल फूल रहा है।

वही इस मामले में नायाब तहसीलदार ने कहा कि मामला बहुत गंभीर है,इसे उच्च अधिकारी को अवगत कराया जाएगा, अधिकारियों के निर्देशनुसार ही जो जाँच किया जाएगा,और जाँच उपरांत दोषी पाए जाते है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। तहसील अंतर्गत बांदे के एक कृषि केंद्र व्यापारी के द्वारा किसानों को नकली खाद बेचने का मामला सामने आया है,जिससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश है ,वही बीवीकिसानों को इफको कम्पनी के बोरी में नकली डी ए पी खाद बेचकर किसानों के साथ धोखाधड़ी की अब धान की फसल पूरी तरह बर्बाद की कागार पर है किसानों को अब पता चला कि एक माह पूर्व धान लगाने के बाद भी धान की फसल जस की तस बना हुआ है।

# बेरोजगारी के मुद्दे पर सैकड़ों भाजपाइयों ने किया एसडीएम कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर शुक्रवार को पूर्व विधायक सेवकराम नेताम के निवास कार्यालय में भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक आहूत की गई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी टेकेश्वर जैन शामिल हुए थे। जहां सर्वप्रथम विधानसभा के चारों मण्डल अध्यक्षों ने मुख्य अतिथि को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात संगठन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वहीं राज्य सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में सैकड़ों की संख्या में भाजपाइयों ने केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा के माध्यम से सीएम भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंप कर चुनावी वादे पूरा करने का आग्रह किया। इस दौरान एसडीएम कार्यालय के समक्ष सुरक्षा में लगे पुलिस के जवानों व भाजपा कार्यकर्ताओं में थोड़ी झूमा झटकी भी हुई।

इस दौरान मुख्य वक्ता व विधानसभा प्रभारी टेकेश्वर जैन ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव प्रदेश के यशस्वी प्रधानमंत्री की एक ऐसी पहल है जहां पहली बार देश भर में हर घर तिरंगा का सपना लेकर लोग आगे आएंगे। उन्होंने बताया कि अपने विधानसभा में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों दवा 75 बाइक लेकर जन जन तक पहुँच झण्डा लगाने सहित अनेक मुहिम चलाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, वरिष्ठ नेता प्रवीर बदेशा, सन्तोष कटारिया व राजेंद्र नेताम, झाड़ीराम सलाम, आकाश मेहता, धनराज मालू, संगीता पोयाम, अनिता नेताम, गणेश दुग्गा, हरिशंकर नेताम, अंजोरी नेताम, रामेश्वर उसेंडी, परदेशी नाग, बिशु सिरदार, हेमचन्द देवांगन, अजय मिश्रा, प्रशांत पात्र , नवदीप सोनी, जमुना बघेल, विजय पोया, वीर बघेल सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# मुआवजे को नाकाफी बताते हुए और मुआवजे की मांग की





**पखांजूर।** ग्राम देवपुर में एक वर्ष पूर्व आई आपदा के दौरान पीड़ितों को प्रशासन की ओर से अतरिक्त मुआवजा राशि के भुगतान का मामला प्रकाश में आने के बाद अब इस विवाद में स्थानिय जनप्रतिनिधि भी कूद पड़े है। इस आपदा के दौरान प्रशासन की ओर से बांटे गऐ मुआवजे को नाकाफी बताते हुए और मुआवजे की मांग की है। स्थानिय जनप्रतिनिधियों ने बताया की जिस दौरान प्रशासन द्वारा मुआवजा का वितरण किया जा रहा था उस दौरान ही नुकसान के हिसाब से कम राशि दिऐ जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया था पर प्रशासन की ओर से सभी को समझा बुझा कर मामला शान्त करा दिया गया था। वतर्मान में प्रशासन द्वारा दी गई राशि को अधिक बताया जा रहा है एसे में ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। परलकोट क्षेत्र में विगत वर्ष जनवरी माह में बारदा क्षेत्र में ओलावृष्टी तथा मई माह में ग्राम देवपुर में आई आंधी से हुए ग्रामीणों के घरों को नुकसान के मामले में प्रशासन की ओर से दिया गऐ मुआवजे को ले विवाद शुरू हो गया है। प्रशासन द्वारा बांटी गई राशि को अधिक बताया जा रहा है तो स्थानिय पीड़ितों ने प्राप्त राशि को बेहद कम बताते हुए प्रशासन के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है।

# भूपेश बघेल युवा मोर्चा से भयभीत : अमित साहू

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




दंतेवाड़ा एस.डी.एम. कार्यालय का घेराव युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। दंतेवाड़ा में कार्यालय घेराव करने भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू स्वयं शामिल हुए जिससे युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में जोश दोगुनी हो गई। आवराभाटा स्थित दुर्गा पंडाल में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के खिलाफ धरना पर बैठने उपरांत कांग्रेस सरकार का विरोध करते हुए हजारों की संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर विरोध किया। युवा मोर्चा को रोक पाने में पुलिस प्रशासन असमर्थ नजर आई। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भूपेश सरकार को युवा मोर्चा का डर सता रहा है। इसी वजह से लगातार आंदोलन कर रहे युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है, प्रशासन के द्वारा युवा मोर्चा की वाल रायटिंग को मिटा दिया जाता है, पोस्टर हटा दिए जाते हैं। हम दंतेवाड़ा युवा मोर्चा के माध्यम से सरकार को चेतावनी देते हैं कि यही युवा मोर्चा कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर करने का कारण होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा कि कांग्रेस की झूठ बोलने की नीति को छत्तीसगढ़ के युवा समझ चुके हैं।

युवा छत्तीसगढ़ में बढ़ती हुई बेरोजगारी से परेशान हैं ।यही कारण है कि प्रदेश का युवा कांग्रेस के विरुद्ध खड़ा हो चुका है।इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अट्टामी कमला विनय नाग, ओजस्वी मंडावी, धीरेन्द्र प्रतापसिंह, दुर्गा सिंह, मुकेश शर्मा, नंदलाल मुडामी, मुन्ना मरकाम, रामू नेताम, पायल गुप्ता, सुनिता भास्कर, दीपक बाजपाई,कुलदीप ठाकुर, अनोज भदौरिया, युवा मोर्चा दंतेवाड़ा प्रभारी रंजीत राजा ठाकुर, रोहित कश्यप, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर, महामंत्री कृष्णकांत शिवहरे, राघवेन्द्र गौतम, सुमित भदौरिया, राहुल दुबे, अभिषेक राठौर, लक्ष्मी यादव, श्रवण कड़ती, नवीन विश्वकर्मा, कामों, राज तिलक, जितेंद्र वट्टी, सेख मुर्सिद, अविनाश मिश्रा, अजय अवस्थी, राजेश नाग, बंटी टेकाम, नंदलाल नाग, कुक्कू, उद्देश, चंदन,बृजेश, निखिल, शंभू, दिनेश, रिषभ, वेणु, सुमित इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिना हेलमेट एवं तीन सवारी के विरूद्ध यातायात पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में यातायात पुलिस द्वारा सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिये दुपहिया वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही में तीन सवारी एवं बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले दुपहिया वाहन चालको के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । वाहन चालको को समझाईश दी गई कि अपनी जान की सुरक्षा व अन्य पैदल चलने वालो की जान को जोखिम मे न डाले, यातायात नियमों का पालन करें एवं तीन सवारी एवं बिना हेलमेट पहने वाहन न चलाये । शाम के समय यातायात पुलिस की कार्यवाही में तेज रफ्तार बाइक चलाने वालो के विरूद्ध चलानी कार्यवाही करते हुये 16 प्रकरण में तीन हजार दो सौ रूपये समन शुल्क राशि की वसुली की गई । तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले को समझाईश दी गई की दुबार इस प्रकार तेज रफ्तार बाइक चलाते पाये जाने पर लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावेगी । पालकों से आग्रह है कि बच्चों को यातायात नियमो का पालन करते हुये बाईक चलाने की समझाईश देवे, एक छोटी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती है । नाबालिग बच्चों को बाइक न चलाने देवे ।

# सर्वदलीय,सर्वसमाज के बैनर तले ब्रिटिश कालीन अंतागढ़ को जिला बनाने अनिश्चितकालीन धरना

पायनियर संवाददाता ◀ अंतागढ़
www.dailypioneer.com



सर्वदलीय,सर्वसमाज के बैनर तले ब्रिटिश कालीन अंतागढ़ तहसील को जिला बनाने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आज दूसरे दिन दिन भी जारी रसोईया संघ अंतागढ़ ने अंतागढ़ जिला का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्नीसवीं शताब्दी के ब्रिटिश कालीन अंतागढ़ तहसील को जिला का दर्जा दिलाने सर्वदलीय, सर्वसमाज के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पिछले वर्ष अंतागढ़ के वीरनारायण चौक में धरना 18 अगस्त से शुरू किया गया जो 150 दिन से भी अधिक दिनों तक चली जिसके बाद वैश्विक महामारी करोना के चलते आंदोलन को कुछ दिनों तक स्थगित कर दिया गया था लेकिन अब स्थिति सामान्य होने के बाद बाद अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग को अब पुनः 5 अगस्त से इस आंदोलन को दोबारा गति दिया जा रहा है वही आज इस आंदोलन के दूसरे दिन रसोईया संघ अंतागढ़ व पेंशनर समाज अंतागढ़ द्वारा सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर अंतागढ़ जिला का समर्थन कर मुख्यमंत्री के नाम एडिशनल कलेक्टर अंतागढ़ को ज्ञापन सौंपा गया।

# सिहावा रवाना हुए हजारों कावड़ यात्री



पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मजदूर हमाल संघ एवं बोल बम समिति केशकाल के तत्वाधान में हजारों कावड़ यात्रियों का दल सिहावा स्थित शिवधाम श्रृंगीऋषि के लिए रवाना हो गए हैं। यह सभी कावड़ यात्री सोमवार को गंगा नदी में स्नान कर गंगाजल लेकर 70 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर केशकाल के गोबरहीन पहुंचेंगे। जहां बड़े ही भव्यता के साथ भगवान शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाएगा। इस वर्ष कावड़ यात्रा को लेकर शिवभक्त ों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। आपको बता दें कि विगत वर्ष कोरोना संक्रमण के चलते बोल बम कावड़ यात्रा के कार्यक्रम आयोजित नहीं हो रहे थे। लेकिन इस वर्ष की सामान्य स्थिति को देखते हुए मजदूर हमाल संघ एवं बोल बम समिति केशकाल के द्वारा बड़े ही भव्य रूप से कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। शनिवार को केशकाल से निकले कावड़ियों के दल में केशकाल, खालेमुरवेंड, धनोरा, बहिगांव समेत अन्य गांव के लगभग 1200-1300 कावड़ यात्री शामिल हुए हैं।

# शांति फाउंडेशन ने बच्ची की पढ़ाई की व्यवस्था की

पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



पिछले कुछ सालों से भानुप्रतापपुर नगर में नाबालिग बच्ची भीख मांगा करती थी। सामाजिक संस्था शांति फाउंडेशन ने इस बात की जानकारी ली तो उन्हें पता चला कि नगर के बाजार पारा मे रहने वाली इस बच्ची की मां अर्धविक्षिप्त है, और बाप हमेशा शराब के नशे में डूबा रहता है। जो कि खुद अपने बच्चों को भीख मांगने के लिए भेजते थे। संस्था कई दिनों से इस पीड़ा दाई अवस्था को व्यवस्थित करने के लिए उच्च अधिकारियों से मिल इस संबंध में जानकारी एकत्र कर शांति फाउंडेशन ने नगर पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी को विशेष परिस्थिति में इन बच्चों को आश्रम में रखकर स्कूल में शिक्षा ग्रहण कराने के लिए पत्राचार कर आग्रह किया जिसमें परिस्थिति को देखते हुए अनुमति दे दी गई । बच्ची वही आश्रम में रहकर स्कूली शिक्षा ग्रहण करेंगी। शांति फाउंडेशन के तुषार ठाकुर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ इस कार्य में विशेष सहयोग करने वाले सुनील बबला पाढ़ी अध्यक्ष नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, संजय ठाकुर खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर, पोटाई मैडम शासकीय कन्या आश्रम अधीक्षका भानुप्रतापपुर, मुस्कान मोटवानी सदस्य शांति फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन

# मोदी सरकार कांग्रेसियों और आम लोगों को डराना बंद करे, महंगाई कम कर युवाओं को रोज़गार दे : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com





अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ज़िला मुख्यालय बीजापुर में ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने देश में बढ़ती महँगाई और बेरोज़गारी के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन किया। और राष्ट्रपति के नाम ज़िला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि कांग्रेस ने पिछले 70 सालों में देश के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया है। देश में कृषि क्क्रांति, संचार क्रांति, रेल सेवा, देश की प्रतिष्टित हवाई अड्डे, बड़ी सिंचाई परियोजनायें, ऊंच शिक्षा, हाईवे सड़कें, जैसे संस्थानों को स्थापित किया है, जिन्हें मोदी सरकार और भाजपा सडयंत्र पूर्वक निजीकरण कर देश की बहुमूल्य संपत्ति को अपने चुनिंदा उद्योगपति मित्रों को बेच रही है। साथ ही देश के संवैधानिक संस्थाए जैसे चुनाव आयोग, श्वष्ठ, सीबीआई, जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं का दुरुपयोग कर देश की लोकतांत्रिक ढांचे को तहस-नहस करने में कोई भी कोरकसर भाजपा और मोदी सरकार नही छोड़ रही है यदि कोई मोदी सरकार के खिलाप बोलता है जनता के मुद्दों को उठता है तो उसे श्वष्ठ और आईटी जैसे संस्थाओं के माध्यम से दवाव बना कर जेल में डालकर देश की लोकतंत्र को ख़त्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही नीतियों के कारण आज देश महंगाई का दंश झेल रहा है पेट्रोल, डीज़ल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थों की क़ीमतें आसमन छू रही है बेरोज़गारी देश के इतिहास में अब तक सबसे अधिक है। आज पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस और खाद्य पदार्थो की बढ़ती कीमतों से आम आदमी त्रस्त है, विक्रम मंडावी ने मोदी सरकार और भाजपा को साल 2014 में देश की जनता से किए वादों को याद दिलाते हुए कहा कि प्रति वर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार, प्रति व्यक्ति के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपए देने के वादों का क्या हुआ। रोज़गार देना तो दूर उल्टे मोदी सरकार के अपने आठ साल के कार्यकाल में देश में बेरोज़गारी अपने चरम पर है और महंगाई देश के इतिहास में सबसे अधिक है। मोदी सरकार अपने किए वादों से मुकरते हुए विपक्षी पार्टियों को परेशान कर आम जनता के आवाज़ को कुचल रही है मोदी सरकार ने कफ़न और स्कूली बच्चों के कापी, किताब, पेन, पेंसिल जैसी वस्तुओ पर जबरन जीएसटी लगाकर उनसे भी रुपए कमा कर अपने उद्योग पति मित्रों को लाभ पहुँचा रही है। आज मोदी सरकार और भाजपा की नीतियां हम दो अर्थात् नरेंद्र मोदी और अमित शाह और हमारे दो अर्थात् अड़ानी और अम्बानी के लिए है। मोदी सरकार और भाजपा को देश की 135 करोड़ जनता से कोई मतलब नही हैं। विक्रम मंडावी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ÷जिस तरह से देश में महंगाई बढ़ रही है केंद्र की मोदी और भाजपा की सरकार के ख़िलाफ़ देश की आम जनमानस में महंगाई के ख़िलाफ़ आक्रोश है केंद्र सरकार से मांग है कांग्रेसी नेताओं को डराना बंद करे और महंगाई कम कर देश के बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार दे।

उपस्थित लोगों को जिला पंचायत बीजापुर के अध्यक्ष शंकर कुड़ियाम, सदस्य जिला पंचायत बीजापुर एवं सदस्य कृषक कल्याण बोर्ड बसंत राव ताटी, अध्यक्ष कृषि उपज मंडी बीजापुर कामेश्वर गौतम, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भोपाल पटनम मिच्चा मुतैया, जिला पंचायत सदस्य संतकुमारी मंडावी, कृषि मंडी सदस्य रत्ना सोढी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भैरमगढ़ लच्छुराम मौर्य,नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, कांग्रेस ज़िला महामंत्री सुखदेव नाग, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर सुनील उद्दे, युवा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ऐजाज सिदिकी, जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गीता कमल, संजना चौहान, सरस्वती मंडल आदि ने किया वही नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुसुतोम सलूर ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में चारों ब्लॉक से आए कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता की दुहाई देने वाले अधिकारियों के नाक के नीचे गुणवत्ताहीन निर्माण

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





लगातार गुणवत्ता की दुहाई देने वाले अधिकारियों के आंख नीचे निर्माण एजेंसी गुणवत्ताहीन कार्य कर मालामाल हो रहे हैं और अपनी काली कमाई का कुछ हिस्सा अधिकारी कर्मचारी को चढ़ावा के रूप में चढ़ा कर आसनी से राशि निकाल लेते हैं और जब कभी ऐसे गुणवत्ता हीन कार्यों को उजागर के लिए पत्रकार पहुंचते तो तरह तरह आरोप लगाकर पत्रकार के खिलाफ़ ही झूठी एफआईआर की झड़ी शुरू कर देते हैं कुछ ऐसा ही मामला देवभोग ब्लॉक में सामने आया है जहां ग्राम पँचायत अमाड़ में वार्ड क्रमांक 9 की महिला पंच का पति पारेश्वर नागेश वँहा की महिला सरपँच को झांसे में रख पँचायत के सभी निर्माण कार्य को अवैधानिक रूप से करता है। जिला विकास मद से गली कांक्रीटीकरण के लिए 4 लाख की मंजूरी मिली थी।3 दिन पहले काम शुरु किया गया,पंच पति अपने अमाड़ के बजाए जामगुरिया पारा से मजदूर बुलवाया,राजमिस्त्री का काम भी अपने रिश्तेदारों को देकर स्वयं खड़ा होकर काम करवा रहा है। तय मापदंड के मूताबिक सड़क की मोटाई 17 सेंटीमीटर होना था,पर ज्यादातर जगह इससे आधी मोटाई देकर मटेरियल बंचाने की कोशिश हुई। पर्याप्त जगह होने के बावजूद सड़क की चौड़ाई 3.75मीटर से कम कर दिया। गुणवत्ता हीन सामग्री व मापदंड की अनदेखी देख ग्रामीण भड़क गए। भड़के ग्रामीणों से एक डमरू राम के कोठा ( मवेशी रखने के स्थान ) को तत्काल ठेकेदार ने कांक्रीटीकरण करवा कर मुँह बन्द करने की कोशिस किया।115 मीटर लंबाई के लिए इंजिनियर ने जिन स्वीकृत स्थानो तक ले आउट दिया था वँहा तक सड़क को बनाने के बजाए, टुकड़े टुकड़े में अन्यत्र जगह गली को ढलवा कर ग्रामीणों को संतुष्ट करने की कोशिश होती रही। मामले की भनक लगी तो एक निजी चैनल व दो अखबार के प्रतिनिधि खबर कव्हर करने मौका पर पहूच गए।कलई खुलने के डर से कथित ठेकेदार मौके पर ही पहले तो पैसे का ऑफर करता रहा, पर कवरेज करने की प्रक्रिया थमी नही तो माइक आईडी छीन कर पत्रकारो से हुज्जत भी किया।इतने से जी नही भरा तो महिला सरपँच को उकसा कर पैसे मांग की झूठी शिकायत का आवेदन दिलाया।प्रेस क्लब देवभोग ने इसकी निंदा कर झूमा झटकी करने वाले कथित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर थाना प्रभारी बीएल साहू को ज्ञापन सौपा है।थाना प्रभारी ने सब इंस्पेक्टर के एल महिलांग को जांच के निर्देश दिया है।सीसी सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर सीईओ एम एल मंडावी ने जांच टीम गठित कर जांच कर उचित कार्यवाही करने की बात कही है।

## मिनिमल इनवेसिव कार्डियक सर्जरी

# छोटा चीरा लगाकर श्रीबालाजी हॉस्पिटल में हो रही हार्ट की सफल सर्जरी

## कीहोल सर्जरी के अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. विवेक वाधवा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



कार्डियक सर्जरी का नाम सुनते ही दिमाग में सबसे पहले ओपन हार्ट सर्जरी का नाम आता है। लेकिन मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी की नई तकनीक आने के बाद अब मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी कराने की जरूरत नहीं पड़ रही है। बल्कि कुछ खास उपकरणों की मदद से एक सर्जन छोटे से चीरे के जरिए हार्ट सर्जरी कर सकता है। इस तकनीक की मदद से मोवा स्थित श्रीबालाजी हॉस्पिटल में कई मरीजों की सफल हार्ट सर्जरी की गई है। कार्डियक सर्जरी में डॉ विवेक वाधवा को 10 वर्षो से अधिक का अनुभव है। इन्हें मिनिमल इनवेसिव कार्डियक सर्जरी (कीहोल सर्जरी) के अनुभवी विशेषज्ञ माना जाता है। इन्होंने अब तक 5000 से ज्यादा सफल कार्डियक सर्जरी कर चुके है। बाई. पास सर्जरी, मिनिमल इनवेसिव कार्डियक सर्जरी (कीहोल सर्जरी) कोरोनरी आर्टरी सर्जरी, एरोटिक सर्जरी, वाल्वुलर हार्ट सर्जरी( वाल्व रिपेयर एवं रिप्लेसमेंट )कंजेनिटल (बच्चो की हार्ट सर्जरी) में डॉ विवेक वाधवा को महारत हासिल है। श्री बालाजी हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जन डॉ विवेक वाधवा ने बताया कि पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी में लगभग 8 से 10 इंच का चीरा लगाया जाता है। लेकिन मिनिमल इनवेसिव तकनीक से अधिकांश मामलों में वहीं सर्जरी लगभग 2.5 इंच के चीरे से की जा सकती है। डा वाधवा ने कहा कि मिनिमली इनवेसिव तकनीक का उपयोग कर दिल की कई बीमारियों का इलाज किया जा सकता हैण् जैसे बाईपास सर्जरी, वॉल्व रिपेयर एंड रिप्लेसमेंट और दिल के छेद जैसे मामले,उनके मुताबिक इस तकनीक की कुछ सीमाएं भी हैं क्योंकि इमरजेंसी में और हर मरीज के लिए हर परेशानी के लिए इसका उपयोग नहीं किया जा सकता।

### क्या है मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी के फायदे

- छाती की मुख्य हड्डी काटनी नहीं पड़ती
- ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी तेजी से होती है
- सामान्य सर्जरी के मुकाबले दर्द काफी कम होता है
- इंफेक्शन का खतरा काफी कम होता है
- अस्पताल से जल्द छुट्टी
- नार्मल लाइफ में 1 हफ्ते में लौट सकता है मरीज

# पीईटी एवं नीट परीक्षाओं की तैयारी के लिए 26 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, 100 अभ्यर्थी ( 64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति ) जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 26 अगस्त 2022 सायं 4 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हेतु जिलें की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओवी डॉट अथवा कार्यालयीन सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

# शासकीय कॉलेज में कोविड-19 बूस्टर डोज टीका कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य डॉ.ए.एल.पटेल के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी यू.के. बरिहा के निर्देशन में महाविद्यालय में कोविड-19 टीकाकरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली के स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सहयोग से 50 बूस्टर डोज का उपयोग किया गया। इस बूस्टर डोज टीकाकरण में महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने कोविड-19 का टीका लगाया साथ ही बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बूस्टर डोज का टीका लगवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर आलोक शुक्ला, देवेंद्र कुमार मांझी, दीपक पाराशर और कर्मचारी शरन नाग आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सुविधा में बड़ी छलांग, जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट का ट्रायल रन सफल

- जल्द ही होगा प्रारंभ, अब जिले में ही हो सकेगी मरीजों की डायलिसिस

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के प्रयासों और निर्देश से जिले में किडनी की बीमारी से ग्रसित ऐसे मरीज जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता होती है उनके लिए अब जिला अस्पताल में ही डायलिसिस की व्यवस्था प्रारंभ होने वाली है। इस संबंध में आज स्थानीय जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में लगी मशीनों का ट्रायल किया गया जो कि सफल रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि इस डायलिसिस यूनिट में कुल 4 मशीनें लगाई गई हैं। डायलिसिस में लगभग 4 से 5 घंटे का समय लगेगा अतरू प्रतिदिन जिला अस्पताल में 7 से 8 मरीजों की डायलिसिस संभव हो सकेगी। जब किडनी की कार्य क्षमता 80-90 प्रतिशत तक घट जाती है तो इस स्थिति में अपशिष्ट उत्पाद और द्रव शरीर से बाहर नहीं निकल पाते हैं। विषाक्त पदार्थ जैसे - क्रीएटिनिन और अन्य नाइट्रोजन अपशिष्ट उत्पादों के रूप में शरीर में जमा होने से मतली उल्टी, थकान सूजन और सांस फूलने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे समय में सामान्य चिकित्सा प्रबंधन अपर्याप्त हो जाता है और मरीज को डायलिसिस शुरू करने की आवश्यकता होती है। डायलिसिस के माध्यम से यह अपशिष्ट पदार्थ कृत्रिम तरीके से शरीर से बाहर निकाले जाते हैं। अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने कहा कि जिले में डायलिसिस की प्रक्रिया शुरू हो जाने से आम जनता को काफी राहत मिलेगी क्योंकि अभी वर्तमान में ऐसे मरीज रायपुर, बिलासपुर या फिर अन्य किसी निजी संस्थानों में अपनी डायलिसिस करवाते हैं जिस कारण उनको दूर जाना पड़ता है जो कि मरीज और उनके परिजनों हेतु काफी कष्ट दायक भी हो जाता है। ऐसे में जिले में डायलिसिस की व्यवस्था आरंभ होने से मरीजों को सुविधा होगी। इसका विधिवत प्रारंभ शीघ्र ही किया जाएगा। ताकि मरीजों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 600.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 600.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज छः अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1496.1 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 267.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 362.1 मिमी, बलरामपुर में 288.3 मिमी, जशपुर में 345.8 मिमी, कोरिया में 378.4 मिमी, रायपुर में 393.0 मिमी, बलौदाबाजार में 556.1 मिमी, गरियाबंद में 658.8 मिमी, महासमुंद में 574.0 मिमी, धमतरी में 689.6 मिमी, बिलासपुर में 631.5 मिमी, मुंगेली में 628.9 मिमी, रायगढ़ में 549.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 701.0 मिमी, कोरबा में 468.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 560.0 मिमी, दुर्ग में 531.7 मिमी, कबीरधाम में 563.4 मिमी, राजनांदगांव में 622.3 मिमी, बालोद में 710.8 मिमी, बेमेतरा में 391.8 मिमी, बस्तर में 835.7 मिमी, कोण्डागांव में 695.5 मिमी, कांकेर में 803.6 मिमी, नारायणपुर में 668.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 867.4 मिमी और सुकमा में 582.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# स्थानीय स्व सहायता समूह की महिलाओं ने झंडा निर्माण कर लगाया बिक्री स्टाल

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय ध्वज राष्ट्र का प्रतीक है इसी गौरव को संवर्धित करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर झंडा कार्यक्रम आयोजित किया जाना है सभी भारतीय नागरिकों को अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित हो एवं राष्ट्र ध्वज के सम्मान में भी वृद्धि हो कार्यक्रम में सार्वजनिक उपक्रम स्वसहायता समूह सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारी एवं परिवार की सक्रिय भागीदारी कारपोरेट एवं निजी संगठनों को भी सी एस आर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना ग्राम सरपंच पंच एवं अन्य पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए झण्डा कोड को ध्यान में रखते हुए झंडो की संख्या मांग के अनुरूप पता लगाने ग्रामसभा का आयोजन नए ग्राम में झंडा वितरण और बिक्री करना और झण्डा निर्माण के लिए स्थानीय स्व सहायता समूह को प्रोत्साहित करना ग्राम पंचायत द्वारा बड़े पैमाने पर स्व सहायता समूह से झंडा खरीदी को प्रोत्साहित करना है ताकि हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

# प्री-प्रायमरी सहायक शिक्षिका की होगी भर्ती,10 अगस्त तक मंगाए आवेदन

**बलौदाबाजार।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम एम.डी.व्ही. उ.मा. शिक्षण समिति विद्यालय बलौदाबाजार में संचालित प्री-प्रायमरी शाला में संविदा प्री-प्रायमरी सहायक शिक्षिका के 1 पद पर जिलें के मूल निवासी केवल महिला योग्यताधारी आवेदकों से निर्धारित आवेदन प्रारूप में आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के पते पर 10 अगस्त 2022 को कार्यालयीन समय अपरान्ह 5 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से मंगाया गया है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हेतु जिलें की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओवी डॉट अथवा कार्यालयीन सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

# डीके कालेज में तुलसी दास जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में 4 अगस्त को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती उल्लासपूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय मुख्य वक्ता, संदीप पाण्डेय, डॉ. पी. झा (विभागाध्यक्ष गणित), डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ( विभागाध्यक्ष हिन्दी), डॉ.सी.के. चन्द्रवंशी (विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र), डॉ. रीता यादव ( विभागाध्यक्ष हिन्दी), डॉ.राजेन्द्र वर्मा , डॉ.आरती ध्रुव बोरकर एवं हिन्दी विभाग के समस्त विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ गोस्वामी तुलसीदास जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके विद्यार्थी इंद्राणी वर्मा कने उनका जीवन परिचय बतलाया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय जी ने गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस के महत्व को बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संदीप पाण्डेय जी ने तुलसी जी द्वारा रचित रामचरित मानस का वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण करके बतलाया । डॉ. पी. झा ने तुलसी जी की रचना लेखन के महत्व को विस्तार से समझाया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रीता यादव एवं डॉ. राजेन्द्र वर्मा ने विस्तार से रामचरित मानस के महत्वपूर्ण प्रसंगों को विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम का संचालन एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. खुशबु वर्मा ने किया। कार्यक्रम के समापन में डॉ. आरती ध्रुव बोरकर ने रामचरित मानस में श्री राम चन्द्र जी को लोकनायक के रूप में एवं उनके महत्व को बता कर समस्त का हिन्दी विभाग की ओर से सहृदयता से आभार व्यक्त किया।

## गोवलकर विद्यालय में छात्रों को कॉपी, पेन अन्य सामग्री वितरण किया

# रक्तदान सेवा समिति ने किया ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com




रक्तदान की दिशा में पिछले 9 वर्षों से कार्यरत संस्था रक्तदान सेवा समिति, छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के छात्र-छात्राओं को समिति के द्वारा कॉपी, किताब पेन अन्य शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया, आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष मुस्तफीज आलम ने कहा कि रक्तदान सेवा समिति पिछले 9 वर्षों से रक्तदान के साथ-साथ शिक्षा, वृक्षारोपण एवं अन्य सामाजिक कार्यों के लिये छात्र-छात्राओं सहित आमजनों को जागरूक करने का कार्य कर रही है, इसी क्रम में आज छात्रों को शिक्षा सामग्री एवं कुछ छात्रों के वार्षिक शिक्षण शुल्क प्रदान कर उन्हें उत्साहित किया जा रहा है। उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम प्रधान के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र - छात्राओं को रक्तदान से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई एवं अपने स्तर पर परिवार एवं आस-पास के लोंगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करने कहा, साथ ही जिस किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता हो उन्हें समिति संचालकों के मोबाईल नंबर पर सूचना देने की बात कही, समिति के सदस्य एवं महासमुंद पुलिस विभाग में पदस्थ सोमेन्द्र सिंग जगत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ने एवं विषयवस्तु के चयन कर अपने रूचि अनुसार क्षेत्र के लिये अभी से मानसिक रूप तैयारी रखने की बात कही, वहीं सरल शब्दों में कानून की जानकारी देकर पुलिस और प्रशासन के कार्य से अवगत करवाया, समिति के वरिष्ठ सदस्य उत्तम कठार ने बताया कि रक्तदान सेवा समिति के द्वारा पिछले 9 वर्षों में 85000 ब्लड के ज़रूरतमंद मरीजों को को निःशुल्क ब्लड अथवा रक्तदाता उपलब्ध करवाने की जानकारी दी एवं किसी भी आपात स्थिति में किसी की जान रक्त की कमी से न जाये इस हेतु समिति के द्वारा सोशल मिडिया में किये जा रहें ऑनलाईन ब्लड कॉल सेंटर के विषय में जानकारी दी, शिक्षा के क्षेत्र में रक्तदान सेवा समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सहदेव प्रधान ने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं को उनकी जरूरत की चीजें उपलब्ध करवाने के लिये समिति धन्यवाद के पात्र है एवं शाला परिवार समस्य पदाधिकारियों सहित समिति का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं, व्याख्याता पूणार्नंद पाणिग्राही ने बताया कि रक्तदान सेवा समिति का कार्य क्षेत्र के लिये गौरव का विषय है इस प्रकार के कार्य निरंतर करते रहने का निवेदन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनीश सुरजाल, रितेश साहू, लोकेश सिंह, भोजराज बारीक, पदमन पटेल, पंकज मेश्राम, नवीन साहू, पवन सिदार, सुरेश साव, झनक मिरी, वरुण सिदार, उमेश सिदार, नवीन मालाकार, आकश राजपुत, अतुल प्रधान, मुस्तकिम खान, सुनील सागर, शरद प्रधान, विनोद रात्रे, गोवर्धन भोई, आरती साहू, ममता साहू, गौरी साहू, मनीषा मांझी, आमनी भास्कर तोमर, मोहन यादव, हेमनाथ सिदार, ओमप्रकाश बघेल, भेष कुमार नायक, पुरूषोत्तम यादव, संदीप भोई, सुमन मानिकपुरी, जितेन्द्र कुमार, निराकार, गोकुल बेहरा, सोमेन्द्र सिंग जगत, ब्रजेश बाघ, उमेश साहू, देव यादव समिति के सदस्य एवं समस्त स्कूल के स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### // निविदा सूचना //

(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 69/103830 | B.T. Patch Repair Under Construction Sub. Division No. 2 Raipur (C.G.) (1) R.P.B. Road- (3.2 K.M.) (2) Tikrapara Sejbahar Road- (2.5 K.M.) (3) Pt. J.N.M. Medical College- (2.0K.M.) (4) Central Jail (1.50 K.M.) (5) Changora Bhata Internal Road - (2.5 K.M.) (6) Kutchery-(1.2 K.M.) & Various Approch Road | रू. 51.32 लाख |
| 73/105203 | Construction of C.G. State Livestock Development Agency Office & State Level (Call Center Building) at Veterinary Hospital Pandari, Raipur (C.G.) | रू. 40.00 लाख |
| 76/105205 | Construction of Sub Ragistrar office at Tilda Neora, Distt. Raipur (C.G.) | रू. 37.36 लाख |
| 74/105206 | Construction of Two Additional Class Rooms at Higher Secondary School Building Daldalseoni & One Class Room at High School Kachna Block-Dharsiwa, Distt.-Raipur (C.G.) | रू. 22.21 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 12.08.2022 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G- 93410/3

# अंदरूनी क्षेत्रों की बुनियादी शिक्षा का हाल बेहाल

## 2018 में बना पोटा केबिन बैम्बू स्ट्रक्चर स्कूल का किनारे का हिस्सा टूटा पड़ा चलती क्लास में घुस जाते है जानवर

■ प्रधान अध्यापक पिछले दो सत्रों से है स्कूल से गायब

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





अन्तागढ़ ब्लॉक अंतर्गत आमाबेड़ा के ग्राम पंचायत अर्रा के आश्रित ग्राम दर्रो खल्लारी में एक ऐसा स्कूल है जहाँ की स्थिति को देख आप दंग रह जायेंगे। जहाँ नक्सलियों के हस्तछेप के चलते पक्की भवन नहीं बन पाया है किंतु वर्ष 2018 में बैम्बू स्ट्रक्चर तैयार कर प्राथमिक शाला संचालित किया जा रहा है गौर करने वाली बात यह है कि हर वर्ष इसके रख रखाव के लिए स्कूल को राशि भी जारी होती है किंतु यह राशि स्ट्रक्चर के रख रखाव के बजाये किसी की जेब में यह राशि जा रही यह इस स्कूल को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है। और यदि बच्चों को शासन प्रशासन द्वारा मिलने वाली सुविधा मुहैय्या नहीं होती है तो इसका जिम्मेदार कौन है और इतने वर्षो से सिर्फनक्सली क्षेत्र का हवाला देकर सही मॉनिटरिंग नहीं करने वाले उच्च अधिकारियों पर कार्यवाही क्यों नहीं यह एक बड़ी सवाल के साथ ही साथ समस्या भी है साथ ही उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासिनता को भी दर्शाता है जोकि चुनाव के दौरान किये वायदे और पद मिलने के बाद कि उनकी जिम्मेदारी क्या है?

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 से 65 किमी दूरी पर स्थित ग्राम दर्रोखल्लारी जहाँ सड़क तो पक्की पहुँच गई किंतु स्कूल भवन बच्चों को नहीं मिल पाया जिसका एक कारण नक्सलियों की गतिविधियों को भी बताया जाता है। भवन नहीं बनना अलग बात है किंतु जिस स्थान में बच्चे पढ़ाई कर रहे है वह भी जंगल के किनारे जहां पर बैम्बू स्ट्रक्चर के किनारे-किनारे का हिस्सा पूरी तरह टूटा हुआ है जिससे बच्चों को जंगली जंतुओं का भय बना रहता है वहीं बारिश के दिनों में तो सर्प, कीड़े मकोड़े जैसे जहरीली जीव जंतुओं का प्रवेश करना आम बात है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार सरपंच से शिकायत की है जिसके बाद भी इस ओर कोई विशेष रुचि नहीं ली जाती है। जिससे कहीं न कहीं शासन की जो योजना है अंदरूनी क्षेत्रों के बच्चों तक नहीं पहुँच पाई है।

इस स्कूल को लेकर सरपंच रमेश मंडावी ने बताया कि 2018 में यह बैम्बू स्ट्रक्चर पोर्टा केबिन (बांस) से बना यह स्कूल स्वीकृत हुआ था जिसको लेकर हमने पक्का भवन का मांग किया किंतु यहाँ जितनी राशि में यह बैम्बू स्ट्रक्चर बना है उतनी राशि में एक अच्छा भवन बन सकता था लेकिन इसके बावजूद हमारी बात नहीं सुनी गई वहीं इस बैम्बू स्ट्रक्चर को तैयार करने में लगभग 23.25 हजार की राशि स्वीकृत हुई है जिसका बच्चों को लाभ मिलना था उतना नहीं मिल पा रहा हैं। रोज पढ़ाई के दौरान स्कूल में सुअर घुस जाते है। इसको लेकर कलेक्टर से भी लिखित शिकायत की जा चुकी है किंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है।

### एक शिक्षक के भरोसे पहली से पांचवीं तक बच्चें

इस प्राथमिक शाला स्कूल में वैसे तो एक प्रधान अध्यापक व एक शिक्षक नियुक्त है किंतु पिछ्ले दो सत्रों से प्रधान अध्यापक कृष्ण कुमार गोटा स्कूल से नदारद है जिसकी मॉनिटरिंग खण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक की होती है किंतु प्रधान अध्यापक पर नोटिस के अलावा कोई उचित कार्यवाही नहीं कि गई है जो भी एक गम्भीर विषय है जिसको लेकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए। जिस पर संकुल समन्वय एसआर तेता ने बताया कि मैं महीने एक से दो बार स्कूल निरीक्षण में जाता हूं व प्रधान अध्यापक द्वारा दो सत्र से स्कूल नहीं आने की जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी अन्तागढ़ राधेलाल देवांगन को दे चुका हूँ साथ ही बार बार मुझे फोन मत किया करो ऐसा कहकर बात को टाल दिया जाता है इसलिये उन्हें ज्यादा फोन भी नहीं करते है। अब यह भी एक गम्भीर विषय है कि आखिर एक कर्मचारी अपने उच्च अधिकारी को समस्या से अवगत नहीं कराएगा तो किसको इसकी जानकारी देगा और इस सुधार कैसे आयेगा खण्ड शिक्षा अधिकारी के ऐसे जवाब से तो लगता है कि वो जानबूझकर इस ओर ध्यान नहीं देना चाहते है। इस सबन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी अन्तागढ़ राधेलाल देवांगन से फोन पर सम्पर्क किया गया किंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### दो रूम का बना बैम्बू स्ट्रक्चर में ही स्कूल व आंगनबाड़ी संचालित

यहाँ केवल दो रूम का बैम्बू स्ट्रक्चर बना हुआ जिसमें एक में कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तो वही एक रूम में आंगनबाड़ी संचालित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी के लिए भवन बनना है किंतु सिर्फकालम ढ़ालकर ही इसको अधूरा छोड़ दिया गया। इस सबन्ध में ग्राम पंचायत अर्रा सरपंच रमेश मंडावी ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन के लिए 6.45 लाख स्वीकृति हुई है जिसमें 1 लाख रुपये ही मिला जिसमें सिर्फनींव को ही ढाल कर छोड़ा गया है। इस पूरे मामले को लेकर कांकेर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से हमेशा की तरह सम्पर्क किया गया किंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया। स्कूल शिक्षा से मामला जुड़े होने के कारण प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन से भी उनके फोन पर सम्पर्क किया गया किंतु उन्होंने भी फोन नहीं उठाया।

# सैकड़ों भाजपाइयों ने एसडीएम कार्यालय का किया घेराव, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर पूर्व विधायक सेवकराम नेताम के निवास कार्यालय में भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक आहूत की गई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी टेकेश्वर जैन शामिल हुए थे।

जहां सर्वप्रथम विधानसभा के चारों मण्डल अध्यक्षों ने मुख्य अतिथि को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात संगठन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वहीं राज्य सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में सैकड़ों की संख्या में भाजपाइयों ने केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा के माध्यम से सीएम भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंप कर चुनावी वादे पूरा करने का आग्रह किया। इस दौरान एसडीएम कार्यालय के समक्ष सुरक्षा में लगे पुलिस के जवानों व भाजपा कार्यकर्ताओं में थोड़ी झूमा झटकी भी हुई। इस दौरान मुख्य वक्ता व विधानसभा प्रभारी टेकेश्वर जैन ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव प्रदेश के यशस्वी प्रधानमंत्री की एक ऐसी पहल है जहां पहली बार देश भर में हर घर तिरंगा का सपना लेकर लोग आगे आएंगे।।उन्होंने बताया कि अपने विधानसभा में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों दवा 75 बाइक लेकर जन जन तक पहुँच झण्डा लगाने सहित अनेक मुहिम चलाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, वरिष्ठ नेता प्रवीर बदेशा, सन्तोष कटारिया व राजेंद्र नेताम, झाड़ीराम सलाम, आकाश मेहता, धनराज मालू, संगीता पोयाम, अनिता नेताम, गणेश दुग्गा, हरिशंकर नेताम, अंजोरी नेताम, रामेश्वर उसेंडी, परदेशी नाग, बिशु सिरदार, हेमचन्द देवांगन, अजय मिश्रा, प्रशांत पात्र , नवदीप सोनी, जमुना बघेल, विजय पोया, वीर बघेल सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के लिए लोगों में दिख रहा उत्साह खरीद रहे है तिरंगा

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



देश भर में 75 वां स्वतंत्रता दिवस को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारत के प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराने के अपील पर देशवासी जमकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की खरीदारी कर रहे हैं। बता दें किरन्दुल में भी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोग उत्साहित नज़र आ रहे हैं एवं 15 अगस्त पर अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु पोस्ट ऑफिस से तिरंगा खरीद रहे हैं। पोस्ट ऑफिस प्रभारी सुशांत कुमार ने बताया कि 25 रु प्रति नग तिरंगा का विक्रय किया जा रहा है एवं लोग भी उमंग के साथ राष्ट्रीय ध्वज की खरीददारी कर रहे हैं।

# एक वर्षीय कोचिंग योजना अंतर्गत कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आदिम जाति तथा अनूसूचित जाति प्री. मेडिकल तथा प्री. इंजीनियरिंग परीक्षा पूर्व कोचिंग योजनांतर्गत वर्ष 2022-23 में प्रवेश लेने के इच्छुक प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्री. मेडिकल तथा प्री. इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाया जाता है। यह आवासीय एक वर्षीय कोचिंग योजना अंतर्गत कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा जीव-विज्ञान एवं गणित विषय के साथ न्यूनतम 70 अंको से उत्तीर्ण हाने वाले ड्रापर्स अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ 01 वर्षीय कोचिंग दिलाया जाता है। योजना का लाभ ऐसे अभ्यर्थी प्राप्त कर सकेंगे, जिनके पालक आयकरदाता न हो। इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ठ विद्यार्थियों को चयन किया जा सके। इस योजना अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा कार्यालय आदिवासी विकास बेमेतरा में 26 अगस्त 2022 शाम 4:00 बजे तक आवेदन कर सकते है।

# जनपद पंचायत में सरपंच संघ ब्लाक बेरला की बैठक हुई

पायनियर संवाददाता < बेरला
www.dailypioneer.com



सरपंच संघ ब्लाक बेरला का बैठक जनपद पंचायत में संपन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम ग्राम पंचायत भटगांव के दिवंगत सरपंच तरुण साहू को संघ द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात कार्यवाही प्रारंभ किया गया जिसमें सरपंच संघ के द्वारा जनहित एवं संघ के विभिन्न समस्याओ एवं मांग को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया !

पेंशन योजना की पात्रता के लिए शासन द्वारा बीपीएल सर्वे सूची 2002-03 एवं सन् 2011 की सूची को निर्धारित मापदंड माना गया है जिसमें अधिकांश गरीब बुजुर्गो का नाम नही होने के कारण वह योजना से लाभान्वित नही हो पाते जिसके लिए संघ ने पेंशन पात्रता का चयन करने का अधिकार ग्रामसभा को देने का मांग किया है जिससे गांव के सभी पात्र बुजुर्गो को पेंशन मिल सके। वर्तमान में शासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतो के आंगनबाड़ी, स्कूल एवं अन्य शासकीय भवनों में रनिंग वाटर (पेयजल व्यवस्था) एवं सभी पंचायतों में सार्वजनिक शौचालय, गौठान निर्माण (मटेरियल कार्य) निर्माण कराने का आदेश जारी किया था जिसको सभी सरपंचो ने गंभीरता से लेते हुए दुकानदारो से कर्ज मे सामान लेकर कार्य को पूर्ण तो कर लिया है और उसकी उपयोगिता भी कार्यालय में जमा कर चुके है परंतु उसकी राशि अभी तक पंचायतों को नही मिला है जिससे सभी सरपंच कर्ज मे डूबे हुए है दुकानदार बार-बार सरपंचो को फोन करके अपने पैसे के लिए तगादा लगा रहे है जिससे सभी सरपंचो को भारी मानसिक परेशानी हो रहा है उक्त कार्य की राशि को तत्काल जारी करने का मांग संघ ने शासन-प्रशासन से किया है।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में नर्सरी की कक्षाएं प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की उपस्थिति में नर्सरी के लिए एलकेजी एवं यूकेजी की कक्षाएं प्रारंभ की गई। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन बड़े ही धूमधाम से की गई। विद्यार्थियों के अध्ययन कक्ष को उनके अनुरूप सुसज्जित किया गया, जिससे खेल के माध्यम से वे आधारभूत शिक्षाएं भी प्राप्त कर सकें। अध्ययन कक्ष को देखते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा भी उनकी खुशी में शामिल हुए। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पायलट योजना के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिलों में कुल 177 स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालित हैं।

# स्वाइन फ्लू से बचने दिशा निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वाईन फ्लू श्वसन तंत्र संक्रमण है जो मनुष्यो में इन्फ्लुएंजा वायरस के कारण होता है। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार एवं बदन दर्द जैसे लक्षण होते है। संक्रमित व्यक्ति सामान्यतः एक सप्ताह के भीतर सामान्य उपचार से स्वस्थ्य हो जाता है। परन्तु उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों जैसे गर्भवती महिलायें, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे, 65 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध एवं किसी अन्य रोग से ग्रसित व्यक्तियों में इस संक्रमण की जटिलताएं होने की संभावना होती है। स्वाईन फ्लू के लक्षण में संर्दी, खांसी, गले में खरास, बदन दर्द, थकावट, कभी-कभी दस्त व उल्टी होना है। स्वाईन फ्लू से रोकथाम हेतु मास्क का उपयोग किया जावे, हाथो को साबुन से बार-बार धोए, चेहरे को छुने से पहले हाथो को साबुन से धोए अथवा सेनेटाईलर से हाथो को सेनेटाईज करे, भीड-भाड़ वाले स्थानो में जाने से बचे, स्वाईन फ्लू के लक्षण होने पर तत्काल अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल में निःशुल्क परामर्श लेकर ईलाज करावे। केवल केटेगरी ''सी'' के मरीजो जैसे कोमार्बिड मरीज/अस्पताल में भर्ती का ही स्वाईन फ्लू जांच किया जाना है, तथा स्वाईन फ्लू की जांच रिपोर्ट आने तक स्वयं को आईसोलेट कर लेवें, स्वाईन फ्लू धनात्मक आने पर प्रोटाकॉल का पालन किया जावेगा।

# वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से फसल उत्पादन में हो रही वृद्धि

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम धोबघट्टी के कृषक चन्द्रभान सेन पिता ढेलूराम सेन ने बताया कि वे विगत कई वर्षो से रासायनिक खेती कर रहे है। लेकिन इस वर्ष कृषक द्वारा कृषि विभाग के ग्रा.कृ.वि. अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर 0.80 हेक्टेयर में 2.00 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का धान की रोपाई के समय किया गया जिससे की फसल का विकास बहुत अच्छा हुआ है। साथ ही साथ कंसो की संख्या भी अधिक है एवं कीट व्याधि आदि का प्रकोप नही हुआ है। कृषक ने बताया कि उनके खेत की मिट्टी गत वर्ष की अपेक्षा अधिक नरम व उपजाऊ है, जिसका सीधा प्रभाव धान की फसल पर दिख रहा है। कृषक ने प्रसन्नचित मन से कहा की मुझे फसल की स्थिति देखकर प्रतीत हो रहा है।

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन की एक और बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत बाईपास रोड टोल प्लाजा के समीप स्थित मनोज राजपूत ले आउट प्राइवेट लिमिटेड की बाहरी संरचना को जिला प्रशासन व निगम प्रशासन के अमले ने बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर दिया गया। अवैध प्लाटिंग के मामले में शहर के भीतर हुई यह फिर एक बड़ी कार्यवाही है। मनोज ले आउट के साइट नाली निर्माण में बायपास के पास पाइप लाइन को अवरुद्ध कर मनोज राजपूत द्वारा नाला मार्ग में कब्जा कर बाउंड्रीवाल खड़ी कर रखा था जिसका सीमांकन किया गया उसके बाद कार्रवाही कर अवैध रूप से शासकीय भूमि में निर्मित बाउन्ड्रीवाल को तोड़ दिया गया है। कार्यवाही के मौके पर जिला प्रशासन से एसडीएम मुकेश रावटे, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थावनी, तहसीलदार प्रकाश सोनी, सहायक भवन अधिकारी गिरीश दीवान, दुर्ग थाना टीआई ,मोहन नगर थाना टीआई,उड़नदस्ता प्रभारी शिव शर्मा,भवन निरीक्षक विनोद मांझी,विकास दमाहे सहित राजस्व विभाग व नगर निगम अमला के साथ चार जेसीबी लेकर 12 बजे पहुंचे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद थे। इसके बाद दल ने अवैध भूमि विकास के क्षेत्र को चिन्हित किया इसके बाद कार्यवाही शुरु की। सबसे पहले मनोज ले आउट के मुख्य द्वार के बाजू में बाउंड्रीवाल को ध्वस्त किया गया। इसके बाद सड़क के किनारे की बाउन्ड्रीवाल तोड़ी गई। प्रशासन व निगम की यह कार्यवाही लगभग दो घंटे तक चली।

# औचक निरीक्षण, कलेक्टर मीणा ने न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात सुधारने एवं सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं निगम अफसरों के साथ दुर्ग आज न्यू बस स्टैंड एवं दीनदयाल उपाध्यय कम्प्लेक्स के आस पास का औचक दौरा किया। उन्होंने गंदगी फैलाने वालों एवं अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर की सफाई और सड़क किनारे अतिक्रमण करके दुकान के बाहर होडिंग लगाने वालों पर ज्यादा ध्यान देते हुए और होडिंग को निकलकर जब्त करें निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

साथ ही उन्होंने चौक-चौराहों के सुंदरीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने न्यू बस स्टैंड के सामने यात्री प्रतीक्षालय में लगे होडिंग सफ सफाई बेहतर हो। दीनदयाल उपाध्यय प्रतिमा चौक व समीपस्थ चौराहों में साफसफाई को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सफाई को लेकर एवं अतिक्रमण को हटवाकर यातायात व्यवस्थाओं पर स्वास्थ्य अधिकारी व अतिक्रमण अधिकारी को स्वयं मानीटरिंग कर कार्य योजना बनाने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान अवैध व बेतरतीब पोस्टर एवं प्रचार सामग्री को हटाने के निर्देश दिए। यू बस स्टैंड के समाने पचरी पारा जाने वाले मार्ग पर होटल, पान ठेला वालो को लाइन से दुकान लगाने कहा कहा गया।

इसके बाद उन्होंने यू बस स्टैंड जाने वाली सड़क का निरीक्षण किया। दीनदयाल उपाध्यय के समीप लगे ठेले दुकानों के आसपास के सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कुछ दुकानदार कचरे को नाली में डाल रहे थे। जिस पर कलेक्टर ने उन व्यापारियों से जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। जायजा के दौरान उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता शंकर दयाल शर्मा, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थावनी,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अतिक्रमण प्रभारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता राजेन्द्र धबाले, उपअभियन्ता भीम राव,बाजार अधिकारी थानसिंग यादव, जलकार्य निरीक्षण नारायण ठाकुर,नारायण यादव, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, राजू बक्शी, भुवनदास साहू, सफाई दरोगा राजू सिंह, महेंद्र मौजूद थे।

# संबलपुर गणेश स्वामी मंदिर समिति की बैठक आयोजित

**भानुप्रतापपुर।** सिध्द गणेश स्वामी मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता रोहित राठी गणेश मंदिर समिति के अध्यक्ष रहे उनकी उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की समिति का पंजीयन ट्रस्ट के रूप में करने का निर्णय लिया गया एवं इस पंजीयन की कार्रवाई का संपूर्ण अधिकार अध्यक्ष रोहित राठी को अधिकृत किया गया प्रत्येक धार्मिक पर्व को धूमधाम से बनाने हेतु सदस्यों से सहमति ली गई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया कृष्ण जन्माष्टमी मनाने हेतु प्रमुख रूप से निम्न लोगों को दायित्व दिया गया हीरा बाजपेयी, विजय टाटिया, पंकज चांडक, सुमन साहू, सागर शर्मा लोकेश शर्मा एवं समिति के समस्त पदाधिकारी रहेंगे। ठीक उसी प्रकार गणेश चतुर्थी उत्सव के लिए भी समिति का चयन किया गया जिसमें मिथलेश चांडक संतोष बाजपेयी, कोमल दास मानिक, छगन लाल सोनी, द्वारका प्रसाद ठाकुर एवं शांति भंसाली है। और 7 अगस्त को होने वाला अखंड रामायण की व्यवस्था हीरा बाजपेयी एवं अनीष मिश्रा को दिया गया व समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

संपादकीय

# राजनीतिक बीमारी खैरात की संस्कृति

**खैरात** की संस्कृति एक राजनीतिक बीमारी है और इसका राजनीतिक इलाज होना चाहिए। इसमें न्यायपालिका को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता अश्विनी उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पार्टियों को चुनावों के पहले 'अतार्किक खैरातों' की घोषणा से रोकने की प्रार्थना की है। क्या उन्होंने यह मुद्दा पार्टी के किसी मंच पर या कहीं और उठाया है? इसके साथ ही राजनीतिक पार्टियां चुनाव अभियानों के पहले या उसके दौरान जो कुछ करती हैं या उनको करना चाहिए, यह मामला उनके बीच का है। इसमें देश की सर्वोच्च अदालत को घसीटने का क्या औचित्य है? बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय ने सुझाव दिया कि एक समिति का गठन किया जाए जिसमें नीति आयोग, वित्त आयोग, सत्तारूढ़ व विपक्षी दलों, भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा अन्य पक्षों के लोग शामिल हों। अदालत ने वरिष्ठ वकील, राज्यसभा सदस्य तथा पूर्व विधि मंत्री कपिल सिब्बल की राय भी मांगी है। राजनेता अक्सर मामले हल करने में विफल होते हैं और इसलिए न्यायपालिका से सहायता मांगते हैं। लेकिन वे न्यायिक क्षेत्र के विस्तार या न्यायपालिका की अति-सक्रियता पर भी सवाल उठाते हैं। इससे भी बुरी बात है कि वे राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर भी काम नहीं करते हैं। यह समझने के लिए किसी को अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है कि 'खैरातें' न केवल सरकारी खजाने, बल्कि अर्थव्यवस्था और यहां तक कि राजनीति के लिए भी खतरनाक हैं। इसके बावजूद कोई राजनीतिक पार्टी उनके खिलाफ सैद्धान्तिक दृष्टिकोण अपनाने को तैयार या इसमें सक्षम नहीं है। 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'रेवड़ी संस्कृति' के खिलाफ भाषण दिया था। उन्होंने उचित ही संकेत किया था कि यह आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक' है। राज्यों के स्तर पर यह खतरा चिन्ताजनक आयाम धारण कर रहा है क्योंकि सभी पार्टियों की सरकारें विचारहीन लोकरंजकता में लिप्त होती हैं तथा धड़ल्ले से खैरातें बांटती हैं।

हालांकि, इस परिघटना की ओर ध्यान पहली बार नहीं आकर्षित किया गया है। लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ सप्ताह पहले आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने राज्यों की राजकोषीय शाहखर्ची पर चिन्ता व्यक्त की थी। नवंबर, 2021 में जारी आरबीआई की रिपोर्ट में इसी तथ्य को रेखांकित किया गया था। उसने कहा था कि हालिया वर्षों में राज्यों के बकाए कर्ज में बढ़ोत्तरी की प्रवृत्ति दिख रही है जिसका कारण उज्ज्वल डिस्काम एश्योरेंस योजना-उदय, किसानों की कर्ज माफी तथा 2019-20 में आर्थिक सुस्ती है। इन सबके कारण कर्ज-जीएसडीपी अनुपात बढ़ा है। राज्य के लिए जीएसडीपी का वही स्थान है जो देश के लिए जीडीपी का। इस वर्ष अप्रैल में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह ने संकेत किया था कि अर्थव्यवस्था तथा खैरातों की राजनीति में गंभीर गड़बड़ियां हैं। यह 'सबसे निचले स्तर तक गिरावट की दौड़' तथा 'राजकोषीय विभीषिका जल्दी लाने' का रास्ता है। दुर्भाग्य से खैरातों की अर्थनीति और राजनीति तथा लोकरंजकता बेलगाम तरीके से जारी हैं। इस पर पैसा लगता है और उसके खराब नतीजे निकलते हैं। इसका एक उदाहरण महंगे पेट्रोलियम उत्पाद हैं। हमेशा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से किसी को और निश्चित रूप से देश को कोई लाभ नहीं होता है। इसलिए आसानी से लाभ प्राप्त करने के बजाय सभी राजनीतिक पार्टियों को लोकरंजकता की सीमायें तय करनी चाहिए और प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि वे उनको पार नहीं करेंगी। वे यह काम बिना न्यायपालिका की सहायता के कर सकती हैं। इसके लिए एक ऐसी चीज पुनर्जीवित करनी होगी जो मर चुकी है या मर रही है। सभी पार्टियों को आपस में सार्थक संवाद करना चाहिए और केवल इससे ही 'सबसे निचले स्तर तक गिरावट की दौड़' रोकी जा सकती है।

# संकट बना राज्यों का बेलगाम कर्ज

## राज्यों के वित्त पर आरबीआई की रिपोर्ट चिन्ताजनक है। कुछ राज्य कर्ज लेने के असंवैधानिक तरीके भी अपनाने लगे हैं।



**जी. भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की जून बुलेटिन में शामिल आलेख का शीर्षक 'स्टेट फाइनेंसः अ रिस्क एनालिसिस' है। इसमें भारत के 10 सर्वाधिक कर्ज में डूबे राज्यों के सार्वजनिक वित्त का विश्लेषण कर सामान्य रूप से जोखिम के संकेतकों को परिभाषित किया गया है। इसे 'राज्यों की दीवालिया रिपोर्ट' कहना ज्यादा उचित होगा। इस तथ्य को सभी स्वीकार करते हैं कि वैश्विक महामारी के कारण सभी सरकारों की वित्तीय स्थिति पर भयानक नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं, लेकिन राज्यों के वित्त पर इनका प्रभाव अत्यधिक गंभीर है। वैश्विक महामारी शुरू होने के पहले जहां अधिकांश राज्यों ने राजकोषीय दायित्व विधायनों-एफआरबीएम के परिपालन में अपना सकल राजकोषीय घाटा-जीएफडी अपने राज्य के घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी की तीन प्रतिशत की सीमा में लाने में सफलता प्राप्त की थी। इसके बावजूद चार राज्य-आंध्र प्रदेश, केरल, पंजाब व राजस्थान इस सीमा से 0.5 प्रतिशत ऊपर थे। वैश्विक महामारी ने लंबे लाकडाउन व अन्य सीमाबंधनों के कारण सभी राज्यों का राजस्व सुखा दिया, जबकि उनका खर्च सब्सिडी के कारण बढ़ गया था जो गरीबों व संकटग्रस्त लोगों के जीवनयापन के लिए जरूरी हो गई थी। इसके परिणामस्वरूप लगभग सभी राज्यों ने एफआरबीएमए सीमा तोड़ी। इसके चलते बिहार का जीएफडी-जीएसडीपी अनुपात 11.5 तक पहुंच गया, जबकि यह पंजाब, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में क्रमशः 4.6, 5.2 व 4.3 प्रतिशत पहुंच गया था। इसके कारण राज्यों का कर्ज बढ़ा और उनका कर्ज-जीएसडीपी अनुपात सुरक्षित सीमाओं के बाहर निकल गया।

वैश्विक महामारी के कमजोर पड़ने के बाद तेजी से सुधार की आशा और इसके संकेत भी थे। लेकिन इसके बाद फूटे रूस-यूक्रेन युद्ध ने सुधार प्रक्रिया में बाधा डाली। 2022-23 के बजट अनुमानों के अनुसार कर्ज अनुपात 33.3 प्रतिशत से अधिक निकल गया, जबकि 15वें वित्त आयोग ने अनुमान लगाया था कि बिहार, राजस्थान व पश्चिम बंगाल के लिए यह सीमा तय की थी। केवल पंजाब का कर्ज अनुपात 2021-22 में 52.3 प्रतिशत था। लेकिन इससे वे राज्य हतोत्साहित नहीं हुए जो अपना लोकरंजक खर्च बढ़ा रहे थे। इससे निश्चित रूप से वे नीचे जाकर दीवालियापन के स्तर तक पहुंचेंगे जिसका संक्रामक असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ेगा। अंधाधुंध कर्ज लेने के नतीजे के रूप में श्रीलंका की घटनायें सामने आई हैं। इससे सबक लेने पर स्पष्ट है कि राज्यों का वित्त भी जोखिम में फंस सकता है।

आरबीआई पेपर में चेतावनी दी गई है कि 'इस संकटग्रस्त स्थिति को देखते हुए सामान्य समय में नकद सब्सिडी देने की प्रवृत्ति, प्रयोगकर्ता सेवाओं को मुफ्त करना, कुछ राज्यों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन पुनर्जीवित करने की योजनायें तथा भारत में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष गारंटी सिर पर तलवार की तरह लटकी हैं।' उपरोक्त राज्यों के साथ ही इन दस राज्यों में हरियाणा, झारखंड व मध्य प्रदेश भी शामिल हैं जिनका कुल खर्च राज्यों द्वारा खर्च का आधा है। उनके कुल खर्च में राजस्व खर्च 80 से 90 प्रतिशत है जिससे उनके पास वृद्धि हेतु पूंजीगत आबंटन के लिए बहुत कम पैसा बचता है। राजस्व खर्च में भी वेतन, पेंशन व ब्याज भुगतान पर खर्च हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल व पंजाब के लिए 35 प्रतिशत था। इससे विकास, सामाजिक व आर्थिक सेवाओं पर खर्च और सीमित होता है। अधिकांश अत्यधिक कर्ज वाले राज्यों में केवल पेंशन खर्च राजस्व खर्च के 10 प्रतिशत से अधिक है जो डीएसडीपी का लगभग 3 प्रतिशत है। इसके बावजूद राजस्थान व छत्तीसगढ़ ने अपने जोखिम पर पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस लागू करने का निर्णय किया है। उन्होंने स्वयं को नई पेंशन योजना-एनपीएस से अलग कर लिया है जिससे सरकार का पेंशन बोझ काफी सीमा तक कम हुआ है। पश्चिम बंगाल भारत का अकेला ऐसा राज्य है जिसने कभी एनपीएस लागू नहीं की थी। कुछ अन्य राज्य भी बिना फंड वाली ओपीएस लागू करने पर विचार कर रहे हैं। इसकी फंडिंग केवल टैक्सों से होगी और यह भावी पीढ़ी पर बोझ होगी। इसके उलट एनपीएस पेंशन के प्रति सरकार का दायित्व कम करती है, जहां वह कर्मचारी के सेवाकाल में उसके बराबर योगदान करती है और इससे उस पर भविष्य में कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ता है।

रक्षा कर्मियों पर एनपीएस लागू नहीं होती है। मुख्यतः इसके कारण बढ़ते पेंशन खर्च को देखते हुए केन्द्र सरकार को अग्निपथ योजना लागू करने पर मजबूर होना पड़ा है। वर्तमान समय में कुल रक्षा बजट का आधा वेतन व पेंशन पर खर्च हो जाता है और इसे प्रकारान्तर से पागलपन ही कहा जा सकता है।

कर्ज में अत्यधिक डूबे राज्य सब्सिडी पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं जिससे उनका कर्ज बोझ और बढ़ता है क्योंकि यह खर्च केवल कर्ज लेकर ही पूरा किया जा सकता है। वैश्विक महामारी के समय में सब्सिडी व खैरात की बात समझ में आती है, पर अब उसे सावधानी से केवल सर्वाधिक जरूरतमंद लोगों पर केन्द्रित किया जाना चाहिए। इसके बावजूद लोकरंजकता के दबाव तथा वोटबैंक तुष्टीकरण की प्रवृत्ति से राज्य अपने कुल राजस्व खर्च का 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी व खैरातों पर खर्च करने लगे हैं। आंध्र प्रदेश व पंजाब में खैरातें जीएसडीपी के दो प्रतिशत से ऊपर निकल गई हैं, जबकि झारखंड, मध्य प्रदेश व पश्चिम बंगाल में ये जीएसडीपी के एक से दो प्रतिशत के बीच हैं।

केन्द्रशासित क्षेत्र दिल्ली के साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक व ओडिशा जैसे राज्यों ने अपने वित्त का बेहतर प्रबंधन किया है। आरबीआई के पेपर में पंजाब की स्थिति सबसे खराब बताई गई है जहां कर्ज अनुपात 2026-27 में 45 प्रतिशत तक पहुंचने की आशा है। राजस्थान, केरल व पश्चिम बंगाल भी 2026-27 में कर्ज-जीएसडीपी अनुपात 35 प्रतिशत से अधिक पर पहुंच सकते हैं।

निश्चित रूप से यह अंधकार व दीवालियेपन तक पहुंचने का रास्ता है, पर खर्च पर नियंत्रण के सुधारात्मक कदम उठाने तथा कर्ज पर लगाम लगाने के बजाय और ज्यादा निराशाजनक खबर सामने आई है। इससे संकेत मिलता है कि खर्च पर नियंत्रण में अक्षम और अनिच्छुक ये राज्य बैंकों से भावी राजस्व को बंधक रख कर कर्ज ले रहे हैं। इसके लिए 'इस्क्रो' खाते खोले जा रहे हैं जो स्पष्ट रूप से असंवैधानिक होने के साथ सरकारी परिसंपत्तियों को बंधक रखना है। इस्क्रो खाता सरकारी खातों के बाहर होता है और दायित्व पूरा होने तक इसका प्रबंधन बैंक करता है। संविधान के अनुसार राजस्व राज्यों की समेकित निधि में जाने के बजाय भावी राजस्व इस खाते में सीधे जाता है। कम से कम पांच राज्यों ने इस प्रकार कर्ज लेने के लिए अपने भावी राजस्व को बंधक बनाया है, जबकि हो सकता है कि इनकी संख्या अधिक हो।

2019-20 व 2021-22 के बीच इस प्रकार आंध्र प्रदेश ने 23,899 करोड़, उत्तर प्रदेश ने 17,750 करोड़, पंजाब ने 2,879 करोड़, मध्य प्रदेश ने 2,698 करोड़ तथा हिमाचल प्रदेश ने 90 करोड़ कर्ज लिया है। ऐसा कर वे संविधान के अनुच्छेद 293 के उल्लंघन का प्रयास कर रहे हैं जिसके अनुसार राज्यों को केन्द्र के कर्जदार होने पर बाजार से कर्ज लेने के लिए केन्द्र की अनुमति लेना जरूरी है। यह सारी धनराशि बजटेत्तर कर्ज है जिसके लिए राज्य भावी राजस्व प्राप्तियों से अदायगी न होने पर संप्रभु परिसंपत्तियों को भी बंधक बना रहे हैं। हालांकि, इसमें कोई वित्तीय समझदारी नहीं है क्योंकि कर्जदाता ऐसी परिसंपत्तियों को बेचने की स्थिति में नहीं होंगे क्योंकि इसका अर्थ किसी सरकारी बैंक द्वारा कर्ज अदा न होने पर सरकारी संपत्ति, जैसे कोई कार्यालय या पार्क बेचना होगा। इनमें से अधिकांश कर्ज एसबीआई समेत सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों द्वारा दिए गए हैं। हालांकि, आरबीआई ने फौरन यह व्यवहार समाप्त करने के निर्देश दिए हैं तथा तीन महीने में आदेश क्रियान्वयन को कहा है। लेकिन केन्द्र ने भी अतीत में अधिकांशतः सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर बजटेत्तर कर्ज लिए हैं, हालांकि पिछले दो साल में यह व्यवहार मोटेतौर से बंद कर दिया गया है।

# छात्र केंद्रित कक्षाओं से बेहतर परिणाम

**राधिका जाहिदी**
(लेखिका, ग्रीन एकर्स अकादमी की निदेशक हैं)



विभिन्न तरीके अपनाने वाले इंटरएक्टिव या दूसरे शब्दों में छात्रों व शिक्षकों के बीच परस्पर सवांद वाले शिक्षण दृष्टिकोण से शिक्षण- परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हो सकते हैं। अधिकांश वयस्कों ने पढ़ाई के दौरान कक्षाओं में सुस्त ढंग से बैठे रहने का अनुभव किया है, क्योंकि शिक्षक ने मोनोलॉग प्रस्तुत किए होते हैं। इसका अर्थ है कि शिक्षक छात्रों से एकपक्षीय संवाद करते हैं जिसमें छात्रों की कोई भूमिका नहीं होती है।

आज हम जानते हैं कि ऐसा अनुभव सर्वोत्तम नहीं है और इसे इंटरैक्टिव, छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण से बदला जाना चाहिए। पिछले कुछ दशकों में, शिक्षकों ने इंटरैक्टिव शिक्षण दृष्टिकोण के महत्व को पहचाना है। अनुसंधान ने स्थापित किया है कि एकतरफा व्याख्यान में सीखना शायद ही कभी प्रभावी ढंग से होता है। इंटरैक्टिव शिक्षण के माहौल में, छात्र सक्रिय रूप से भागीदारी करते हैं। इसे विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, छात्रों से प्रश्न पूछना, छात्रों को साथियों के साथ और टीमों में काम करना, व्यावहारिक अनुभवों से परिचय कराना, आदि।

इस प्रकार की इंटरएक्टिव शिक्षण -प्रक्रिया के दौरान छात्र सक्रिय रूप से 'बोलने' या 'करने' में भागीदार बनते हैं। छात्र-केंद्रित कक्षाएं गहन शिक्षण के लिए वैयक्तिक छात्र खूबियों का लाभ उठाती हैं। छात्र-केंद्रित शिक्षा, जिसे शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण भी कहा जाता है, एक ऐसा शैक्षणिक दृष्टिकोण है, जो महत्व प्राप्त कर रहा है। छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण स्वीकार करते हैं कि छात्र सीखने के लिए विविध रुचियों, शक्तियों और प्राथमिकताओं वाले अनोखे व्यक्ति होते हैं, जबकि यह पुष्टि करते हुए कि कोई एक तरीका सभी के लिए उपयुक्त नहीं होता है। अच्छे शिक्षण के लिए आवश्यक है कि हम विद्यार्थियों को अच्छी तरह से जानें, और इस ज्ञान का उपयोग निर्देशों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए करें। शिक्षण प्रक्रिया की विभिन्न गति और वरीयताओं के अनुरूप शिक्षण पद्धति में अंतर करते हुए, इसे छात्रों की रुचियों को पाठों में शामिल करके, सामग्री को उनके आसपास के संदर्भों से जोड़कर उन्हें प्रासंगिक बनाने के लिए किया जा सकता है, आदि।

जब छात्र-केंद्रित शिक्षाशास्त्र को शामिल किया जाता है, तो अंतःक्रियात्मक शिक्षण के सकारात्मक प्रभाव को और बढ़ाया जा सकता है। यह काम तीन स्तरों पर किया जा सकता है - भौतिक स्तर पर व्यवहारगत, संवेदी जुड़ाव, मन के स्तर पर संज्ञानात्मक/बौद्धिक जुड़ाव, और दिल के स्तर पर भावनात्मक / प्रेरक जुड़ाव इनमें शामिल हैं।

व्यवहारगत जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए, हमारे पास सीखने का माहौल या रणनीतियां होनी चाहिए जो छात्रों को सीखने की प्रक्रिया के दौरान काम पर बने रहने में सक्षम बनाती हैं। इसे इंटरएक्टिव लर्निंग स्ट्रैटेजी द्वारा प्रचारित किया जाता है जैसे कि छात्रों को कक्षा के दौरान चौकस बने रहने में मदद करने के लिए प्रश्न पूछना और सभी इंद्रियों को शिक्षण के दौरान पूरी तरह से जोड़ने के लिए मल्टी-मोडल इंटरेक्टिव मीडिया का उपयोग करना इनमें शामिल हैं। छात्रों को कक्षा के नियमों का सह-सृजन करने के अवसर दिए जा सकते हैं। इसका अर्थ है कि शिक्षक कक्षा संचालन के नियम बनाने में छात्रों से संवाद कर उनकी राय जानें।

यह सीखने को अधिक छात्र-केंद्रित बनाने में मदद करता है, और शिक्षक अपने छात्रों के साथ नियमों या कक्षा - सहमतियों का सह-सृजन कर सकते हैं। यह छात्रों के बीच कक्षा व स्कूल के प्रति स्वामित्व तथो साझा जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है।

छात्रों को संज्ञानात्मक रूप से जोड़ने का मतलब है कि छात्र सक्रियतापूर्वक सोच रहे हैं कि वे क्या सीख रहे हैं। छात्रों को भी गहन शिक्षण की प्रक्रिया में बौद्धिक रूप से शामिल होना चाहिए। पूछताछ और समूह कार्य जैसी संवादात्मक रणनीतियां बौद्धिक जुड़ाव को बढ़ावा दे सकती हैं। छात्रों को अपनी सोच को व्यक्त करने के अवसर दिए जा सकते हैं, क्योंकि इंटरैक्टिव अध्यापन तभी अधिक शक्तिशाली होता है जब यह छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है, उन्हें अपनी राय व्यक्त करने और दूसरों को सुनने के लिए प्रेरित करता है। छात्रों को एक ही समय में अपने विचारों को साझा करने का अवसर देने के लिए समूह कार्य और डिजिटल मतदान उपकरणों का भी उपयोग किया जा सकता है। जब छात्र बौद्धिक रूप से शिक्षक के साथ जुड़ जाते हैं तो उनके साथ यह स्थिति लंबे समय तक बनाए रखने की अधिक संभावना होती है। इससे छात्रों को बेहतर ढंग से सीखने में मदद मिलती है तथा शिक्षक-छात्र संबंध और बेहतर होते हैं। अलग-अलग छात्र अलग-अलग गति से सीखते हैं। एक रूप सबके अनुरूप जैसा तरीका सभी छात्रों को तत्काल प्रक्रिया से पार ले जाता है, जिससे बुनियादी ज्ञान में कमियां रह जाती हैं। निर्देश की गति में अंतर करने से सभी के लिए बेहतर सीखने को बढ़ावा मिल सकता है। प्रौद्योगिकी में प्रगति अब हमें शिक्षण संसाधनों को क्यूरेट करने या उनको सटीक ढंग से निर्धारित करने के विकल्प देती है जिन्हें अलग-अलग ढंग से प्राप्त किया जा सकता है। यह छात्रों को काफी हद तक अपनी गति से सीखने को बढ़ावा दे सकता है। भावनात्मक स्तर पर भागीदार छात्रों का अर्थ है उन्हें उत्साहित, जिज्ञासु और प्रेरित करना। हम नहीं चाहते कि छात्र सरलता से सीखें, क्योंकि उन्हें केवल रिपोर्ट कार्ड पर ग्रेड के लिए एक शिक्षक द्वारा देखा जा रहा है। शिक्षार्थियों को अपनी जिज्ञासा और जुनून से प्रेरित होना चाहिए। सहयोगी व व्यवहारिक शिक्षण, परियोजना-आधारित शिक्षा जैसी इंटरैक्टिव शिक्षण रणनीतियां इसे बढ़ावा दे सकती हैं।

छात्रों को साथियों के साथ सीखने का अवसर दिया जाना चाहिए, जो उनके बीच बातचीत को बढ़ावा देता है। लेकिन इसके अलावा, हमउम्र शिक्षा, निश्चित रूप से सही कक्षा संस्कृति के साथ, सुरक्षित शिक्षण की जगह बना सकती है जिसमें छात्रों को संदेह व्यक्त करने या स्पष्ट करने के लिए साथियों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हमेशा शिक्षक से पूछने के बजाय सहयोग के लिए किसी सहकर्मी से संपर्क करना बहुत कम डराने वाला होता है। साथ ही, सीखने की प्रक्रिया के दौरान, छात्रों को रुचि-आधारित विकल्प बनाने के अवसर दिए जाने चाहिए। वे जो सीखते हैं उसमें अपनी बात रखने से सीखना अधिक प्रेरक हो जाता है और स्व-निर्देशित शिक्षण-आदतें बनाने में मदद मिलती है।

परियोजना-आधारित शिक्षा जैसा छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण छात्रों को उनकी परियोजनाओं में 'वॉयस एंड च्वाइस' के साथ-साथ निरंतर पूछताछ व आत्ममंथन प्रदान करता है। छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अनुपालन या भागीदारी से परे जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए एक-रूप-सबके अनुरूप, इंटरैक्टिव शिक्षण दृष्टिकोणों को बढ़ा सकते हैं। यह संज्ञानात्मक जुड़ाव (मन) तक पहुंचता है जो बौद्धिक स्तर पर जगाता है और भावनात्मक जुड़ाव (हृदय) तक भी, जो प्रेरित करता है। जुड़ाव का यह उच्च स्तर छात्रों को गहन, स्थायी शिक्षण की ओर ले जाता है।

## फरमाया



**अगले** दस साल में स्कूलों से स्नातक का सफर करने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर खतरे वाली स्थिति है।

**- रघुराम राजन**
पूर्व आरबीआई गवर्नर



**भाजपा** की कर्नाटक सरकार गुरु बासवन्ना के सिद्धान्तों के विपरीत काम कर रही है, जिनके अनुसार ईमानदारी और काम ही पूजा है।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**हम** रोमा व सिर्ती समुदायों के साथ है जिनका नाजियों ने घोर दमन किया था।

**- जस्टिन त्रूदो**
कनाडा के प्रधानमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## बिखरा विपक्ष

**राष्ट्रपति** के चुनाव में तो बिखरा ही था विपक्ष, साथ ही क्रास वोटिंग भी हो गई। द्रौपदी मुर्मू ने बेहतर जीत हासिल कर ली थी। अब उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीश धनखड़ के चुनाव के समय भी विपक्ष बिखरने लगा है। बीजद के बाद बसपा ने भी पाला बदल लिया है और एनडीए के उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग करने की बात कह दी है। मोदी सरकार आने के बाद से ही विपक्ष एकजुट होकर सत्ता का विरोध करने में लगा हुआ है और हर समय फिर चाहे राज्यों के विधानसभा के चुनाव हों या लोकसभा के चुनाव अथवा उपचुनाव, हर समय वो एकजुट होने की तैयारी करता है और हर बार कभी कोई, तो कभी कोई, मतदान होने से पहले ही महागठबंधन से हाथ छुड़ाकर नौ दो ग्यारह हो जाता है। इस तरह की स्थिति के चलते आने वाले लोकसभा चुनाव में वे कितना प्रयास कर सकेंगे जिससे उनकी मंशा पूरी हो सके? माना कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। परन्तु जब प्रारम्भ में ही बिखराव हो जाए तो परिणाम तो उल्टा आना ही है। एकजुटता और बिखराव सब देख चुके और देख रहे हैं जिससे विपक्ष का भविष्य भी स्पष्ट दिख रहा है।

**-शकुंतला महेश**, इंदौर

## कट्टरपन का रोग

**'हर-हर शम्भू'** भजन गाने वाली फरमानी नाज़ पर देश को नाज़ है, किन्तु कट्टरपंथी मुल्लाओं ने फतवे जारी कर दिए। वैसे तो अब शिक्षित मुसलमानों पर इन फतवेबाजों के फतवों का कोई प्रभाव नहीं होता, फिर भी कुछ समय के लिए ये गैंग देश का माहौल खराब करने में सफल तो हो ही जाते हैं। जब किसी घटना से देश की एकता, अखण्डता व सद्भाव को चोट पहुंचती है ये फतवेबाज नींद की गोली लेकर कुम्भकर्ण बन जाते हैं। इनके फतवों की एक विशेषता यह भी है कि फ़तवे निर्बल व महिला पर जल्दी निकलते हैं। फिल्मी दुनिया में तमाम ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने न केवल भजन गए हैं बल्कि हिन्दू देवी-देवताओं की अर्चना भी की है। तिलक व यज्ञोपवीत भी धारण किये है। किन्तु उन पर कोई फतवा नहीं आया। दूसरी ओर लाखों हिन्दू मजारों पर चादर चढ़ाते हैं, कभी किसी शंकराचार्य ने फतवा जारी नहीं किया। सैकड़ों राजनेता आए दिन मुस्लिम बनकर वोट मांगने सड़कों पर निकलते हैं, कोई शंकराचार्य नहीं बोले कि फलां नेता हिन्दू नहीं रहा। मुस्लिम भाइयों को सोचना होगा कि कट्टरता उनको कितना नुकसान पहुंचा रही है।

**-डॉ नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

## अर्थव्यवस्था की स्थिति

**मानसून** सत्र में बहुत जद्दोजहद के बाद, सत्तारूढ़ दल, महंगाई पर चर्चा को तैयार तो हुआ। मगर उनके एक भी सदस्य ने माना ही नहीं, कि महंगाई है। बल्कि इसके उलट, वित्तमंत्री महोदया ने भारत की आर्थिक स्थिति को दुनिया में सर्वोत्कृष्ट बताने में तनिक भी देरी नहीं की। कहा कि मंदी की यहां दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है। भाजपा जबसे सत्ता में आयी है तबसे उसका ये स्लोगन बन गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। मगर क्या हकीकत में ऐसा है? क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक के बाद एक विपरीत परिस्थितियां पैदा कर रहा है। पहले उच्च राजकोषीय घाटा, फिर रुपये में गिरावट और अब चालू खाता घाटा, मुद्रा स्फीति, जिसके एक बड़े हिस्से के लिए बढ़ता व्यापार घाटा जिम्मेदार है। जुलाई में भारत का व्यापार घाटा 31 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इससे हमारा विदेशी मुद्रा भण्डार भी कम होता जा रहा है। हम अपनी अर्थव्यवस्था को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकते।

**-जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

# गांव हो या शहर जिले के हर घर पर शान के साथ लहराएगा तिरंगा : विकास दीवान

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रदेश संयोजक बृजमोहन अग्रवाल से मिले नवागढ़ के नेतागण

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रभारी विकास धर दीवान के नेतृत्व में नवागढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं ने अभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निजी निवास में भेंट कर विधानसभा से संग्रह किए राशि से नवागढ़ विधानसभा में वृहद अभियान चलाने हेतु एकात्म परिसर रायपुर से 5,000 तिरंगे झंडे खरीदें। इस दौरान नवागढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेताओं सहित अभियान के तीनों मारो, नवागढ़ एवं खण्डसरा मंडल के प्रभारी भी उपस्थित रहे।

जिला महामंत्री विकास दीवान ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार बेमेतरा जिला एवं नवागढ़ विधानसभा में वृहद स्तर पर इस अभियान को चलाए जाने की तैयारियां चल रही है। दीवान ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला संयोजक बृजमोहन अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के मार्गदर्शन में हमारे कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के लिए हम जल्द नवागढ़ विधानसभा मुख्यालय में तिरंगा काउंटर खोलेंगे। जिस किसी को भी तिरंगा चाहिए वह हमारे कार्यालय में आकर तिरंगा ले सकते हैं। इसके अलावा जगह जगह पर कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को तिरंगे भेंट भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चाहे गांव हो या शहर जिले के हर घर पर तिरंगा शान के साथ लहराएगा।

सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने आज़ादी के अमृत महोत्सव वर्ष को यादगार बनाने के लिए हर-घर तिरंगा अभियान की घोषणा की है। इस अभियान का मकसद देशवासियों को देश की मिट्टी से जुड़ने की भावनात्मक पहल है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि हर एक देशवासी राष्ट्रीय स्वाभिमान व राष्ट्र प्रेम के इस अद्वितीय महोत्सव में सहभाग कर सके इसके लिए आगामी 15 अगस्त को सभी घरों पर तिरंगा शान से फहराएगा। इस अवसर पर एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरिकिशन कुर्रे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु राय, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेंद्र महिलाग, पूर्व जनपद सदस्य नेमीराज सोनवानी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू राजपूत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश सदस्य होरीलाल सिन्हा, भगत कुंभकार, नवागढ़ मंडल अध्यक्ष चद्रपाल साहू, युपेश साहू, प्रदीप बब्बू शुक्ला, गजेंद्र साहू, कपिल बंजारे, रोहित साहू, बिनो सोनकर, उत्तरा सोनकर, सरिता कुंभकार, तनु दीवान, पूनमचंद बाबूलाल वर्मा, अरुण आनंद, पंडित नवरंगे, गुड्डा खान, मोनू गोस्वामी, मिन्टू बिसेन,सुरेश निषाद, टिकम गोस्वामी, कुलेश्वर सिन्हा, विनोद साहू, अभिषेक राजपूत सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

# पावर हाउस बाजार के व्यवसायियों के पार्किंग की व्यवस्था होगी ओवरब्रिज के नीचे

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख मार्केट पावर हाउस के सब्जी, फल मार्केट एवं समीपस्थ अन्य बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने सायं काल किया। पूरे बाजार क्षेत्र का 3 घंटे तक कलेक्टर ने निरीक्षण कर मार्केट में सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दुकानदारों के द्वारा सामग्री विक्रय के लिए अतिरिक्त रूप से सड़क बाधा करते हुए विक्रय के लिए लगाए गए स्टॉल को हटवाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि बाजार में आने-जाने वाले खरीदारों को इससे अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं उन्होंने मार्केट के व्यवसायियों से भी बाजार को सुव्यवस्थित करने पर चर्चा की और सहयोग करने कहा। कलेक्टर ने निरीक्षण में देखा की शहर का प्रमुख मार्केट होने के कारण और नेशनल हाईवे से लगे होने के कारण तथा पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यवसायियो के वाहन बाजार क्षेत्र के भीतर एवं सड़कों के किनारे ही खड़ी हो रही है जिससे यातायात प्रभावित होने तथा दुर्घटनाओं की संभावना हो सकती है, इसके बेहतर विकल्प के रूप में पावर हाउस में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे के रिक्त स्थान पर पावर हाउस मार्केट के व्यापारियों के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था करने के उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। पावर हाउस मार्केट के सामने सड़कों के किनारे लगे हुए ठेले को उचित तरीके से व्यवस्थित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। कलेक्टर मीणा ने निरीक्षण के दौरान पाया कि एंप्लॉयमेंट भवन, सब्जी मंडी सुलभ शौचालय के समीप की लाइट बंद है जिसे उन्होंने तत्काल चालू करने के निर्देश मौके पर दिए, उन्होंने कहा कि ऐसे बंद लाइटों की निरंतरता पर जांच करते हुए लाइट को चालू कराएं। जवाहर मार्केट एवं सर्कुलर मार्केट का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया और उन्होंने यहां पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था देखी। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने महात्मा गांधी नगर बीएसपी पानी टंकी के चारों तरफ के पार्किंग को बड़ा करवाने के निर्देश दिए, ताकि सड़कों पर जाम की स्थिति न हो और बेहतर पार्किंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मार्केट क्षेत्र के सभी सुलभ शौचालय स्वच्छ होने चाहिए इसकी निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश उन्होंने दिए। कलेक्टर मीणा ने कहा कि मुख्य सड़कों के अलावा अंदरूनी इलाकों, बाजार क्षेत्रों में भी रोका छेका अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही करें और बाजार क्षेत्र में सुबह और रात्रि में भी कचरे का उठाव हो। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन 3 आयुक्त येशा लहरे,जोन 4 आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# तुलसीदास की रचना रामचरितमानस प्रत्येक हिंदू परिवार अनिवार्य हिस्सा : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लाक के से ग्राम आनंदगांव की पावन धरा में गुरुवार को संत शिरोमणि तुलसीदास जयंती समारोह मनाया गया । समारोह के मुख्य अतिथि किसान नेता योगेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि कवि और दार्शनिक तुलसीदास की रचनाए आज चार सदी बाद भी भारतीय समाज के अंतर्मन और उसके सांस्कृतिक-मनोवैज्ञानिक मानस का सर्वाधिक विश्वसनीय चित्रण है। हिंदी में कोई काव्य कृति इतनी लोकप्रिय नहीं हुई, जितना कि तुलसीदास रचित रामचरितमानस। आज भी रामचरितमानस श्वांस की तरह प्रत्येक हिंदू परिवार का अभिन्न अंग है। विशुद्ध अवधी में की गई कविताई घर-घर में बोली जाती है, रामचरितमास का पाठ होता है। साहित्य तो बहुत कुछ सृजित किया जाता रहा है, लेकिन बहुत कम चीजें इस तरह बरसों-बरस भारतीय जनमानस में स्थायित्व पाती हैं, जैसा कि तुलसी के साथ दिखता है।

### तुलसीदास की रचनाओं पर कलाकारों ने बांधा समां

इस अवसर पर जय कृष्ण मानस मंडली आनंद गांव शिवशक्ति मानस मंडली तेलगा, जय दुर्गा मानस मंडली कोसपातर, आनंद मानस मंडली खर्रा, शक्ति संगम मानस परिवार भिम्भोरी के कलाकारों ने तुलसीदास की रचनाओं पर समा बांधा। कलाकारों ने भजन कीर्तन व रामचरित मानस की चौपाईयों को संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार मिश्रा मटका, व्याख्याकार राजेंद्र कुमार, सालिकराम वर्मा भिम्भोरी, पवित्र कुमार शर्मा आनंद गांव, भागवताचार्य विनय ताम्रकार बेरला, प्रसिद्ध तबला वादक मूलूराम वर्मा हरदी, बुधउराम साहू भरचट्टी उपस्थित थे।

# हत्या के फरार आरोपी को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ कर पुलिस को किया सुपुर्द

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हत्या के फरार आरोपी को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द किया । विगत कुछ समय पूर्व थाना जरहागांव जिला मुंगेली पुलिस के द्वारा राजकुमार पात्रे साकिन हरिहरपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा को हत्या के मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान जरहागांव पुलिस द्वारा आरोपी गोफेलाल गेंदले को गिरुफ्तार किया गया था। तथा प्रकरण से संबंधित फरार आरोपी मनीष अनंत साकिन मोतिमपुर की पतासाजी की जा रही थी। थाना प्रभारी जरहागांव के माध्यम से प्रकरण के फरार आरोपी मनीष अनंत साकिन मोतिमपुर थाना नवागढ़ की पता साजी हेतु थाना नवागढ से संपर्क किया गया था। घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर थाना नवागढ प्रभारी द्वारा अधीनस्थ स्टाफ को प्रकरण के फरार आरोपी मनीष अनंत साकिन मोतिमपुर की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया था। जो कि आज दिनांक 05.अग.2022 को मुखबिर सूचना के अधार पर प्रकरण के फरार आरोपी मनीष अनंत का मोतिमपुर में होने की सूचना पर थाना नवागढ स्टाफ के द्वारा मौके पर पहुचकर ग्रामीणो की सहयोग से आरोपी मनीष अनंत को पकड़ कर थाना नवागढ़ लाया गया।प्रकरण के संबंध में आरोपी मनीष अनंत साकिन मोतिमपुर थाना नवागढ़ से पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना दिनांक समय दौरान थाना जरहागांव क्षेत्र में हुए राजकुमार पात्रे साकिन हरिहरपुर थाना नवागढ़ की हत्या के मामले में स्वयं को अन्य आरोपी गोफेलाल गेंदले के साथ संलिप्त होना बताया। इस संबंध में बेमेतरा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के पश्चात निर्देशानुसार संबंधित थाना प्रभारी जरहागांव उप निरीक्षक भुपेन्द्र चंद्रा से संपर्क कर उनको अवगत कराया गया।

# पथर्रीकला एवं सिलघट स्कूल में पुलिस ने जागरूक किया, अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में बच्चो के सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए चेतना एवं नशा मुक्ति, यातायात, सायबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 03.अग.2022 को थाना परपोडी के उप निरीक्षक बी. आर. ठाकुर, प्र.आर. रघुराज सिंह यदु, आरक्षक शिव यादव थाना बेरला से प्रधान आरक्षक संदीप साहू के द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पथर्रीकला एवं शासकीय स्कुल सिलघट में शिक्षक/ शिक्षिकाओं की उपस्थिति में छात्र ङ्क छात्राओं को बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया तथा साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी, एटीएम ठगी, ऑनलाईन ठगी, फेसबुक, से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता को बताया गया व किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्स्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब मेंह्य से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है।

इस संबंध में जानकारी दिया गया। तथा अन्य यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। जिले में अध्ययनरत 9 वीं से 12 वीं तक एवं उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, इंजीनियरिंग शिक्षा में नियमित अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को केन्द्रीय छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिसके लिए पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कर सकते है। कक्षा 9 वीं एवं 10 वीं में नियमित अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु आनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2022 एवं कक्षा 11 वीं, 12 वीं तथा उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, इंजीनियरिंग शिक्षा में नियमित अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु आनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु जिले के समाज कल्याण विभाग, जिला शिक्षा विभाग, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा से संपर्क कर सकते है।

# बच्चों में मोबाइल की लत छुड़ाने होगा विशेष अभियान

## मनोवैज्ञानिक और मास्टर ट्रेनर मिलकर स्कूलों में करेंगे अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



ऑनलाइन क्लासेज की वजह से अधिकांश बच्चों में मोबाइल की लत लग गई है। इससे उनकी फिजिकल एक्टिविटी कम हो रही है और मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभाव का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। ऐसे में बाल संरक्षण आयोग की पहल है कि मोबाइल की लत से बच्चों को बचाने एक विशेष कार्यक्रम स्कूलों में चलाया जाए। इसे मनोवैज्ञानिकों की मदद से तैयार किया गया है। इसमें फिजिकल एक्टिविटी पर ज्यादा जोर होगा। यह बात बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम ने कही। उन्होंने कहा कि आजकल तो बच्चे क्राउलिंग करते हैं उसी समय से धीरे-धीरे मोबाइल के अभ्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में हमने मनोवैज्ञानिकों की राय लेकर ब्रोशर तैयार किया है और कार्यक्रम बनाया है। क्लस्टर लेवल पर मास्टर ट्रेनर इस संबंध में शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे और स्कूलों में बच्चों को एक्टिविटी कराई जाएगी। इस दौरान कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में हर संभव कार्य जिले में किया जाएगा। अभी निर्देशित किया गया है कि दस दिनों के भीतर सभी आंगनबाड़ियों और स्कूलों की मरम्मत कर दी जाए। जिन आंगनबाड़ियों में पेरेंट्स बच्चों को अंडा खिलाने के इच्छुक हैं वहां पर अंडा और जहां इस संबंध में अनिच्छुक हैं वहां पर केला और दूध बच्चों को दिया जा रहा है। सैनिटाइजेशन को लेकर भी विशेष रूप से निर्देश दिये गये हैं। स्कूलों के टायलेट्स काफी खराब रहते हैं। इनकी मरम्मत और नियमित साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिये गये हैं और इसे लगातार ट्रैक किया जा रहा है। इस दौरान आयोग के सदस्य सोनल गुप्ता, सचिव प्रतीक खरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन , सहायक संचालक बृजेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। आयोग के सचिव खरे ने विस्तार से एजेंडा पर चर्चा की। इसमें आरटीई से लेकर कोविड वैक्सीनेशन तक विस्तार से सभी मुद्दों पर चर्चा हुई।

# बेमेतरा पुलिस की कार्यवाही, फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तर



**बेमेतरा।** पुलिस पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार किया, अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा प्रतिदिन पुरे जिले में स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियो को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना बेमेतरा स्टाफ के द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 193/16 एवं 194/16, अपराध क्रमांक 193/16 एवं 169/13, धारा

# मितान योजना के तहत 421 हितग्राही हुए लाभान्वित घर पहुंचाकर दिए गए आवश्यक सर्टिफिकेट

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मितान योजना के तहत अब तक 421 प्रमाण पत्र हितग्राहियों को घर पहुंचाकर दिए जा चुके हैं। विभिन्न प्रकार की सेवाएं मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत आम नागरिकों को मिल रही है। कार्यालय के चक्कर काटने से मुक्ति भी मिल रही है, क्योंकि विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्राप्त करने के लिए केवल 14545 पर कॉल करना है इस टोल फ्री नंबर पर कॉल करते ही, आवश्यक प्रमाण पत्र बनकर घर में मिल जाता है। आवश्यक दस्तावेज जमा करने भी ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं है, इसे भी मितान घर पहुंचकर अपलोड करता है। मुख्यमंत्री मितान योजना का शुभारंभ 1 मई 2022 से हुआ है और घर पहुंच सेवा के माध्यम से नागरिकों को केंद्रीय सेवाएं प्रदान की जा रही है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर इस योजना पर भिलाई निगम में वृहद काम किया जा रहा है और लोगों को घर पहुंचाकर प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। वर्तमान में 13 प्रकार की सेवाएं जिसमें से नगर निगम की 7 सेवाएं तथा राजस्व की 6 सेवाएं प्रदान की जा रही है, इस प्रकार कुल 13 सेवाएं जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, विवाह प्रमाण पत्र में सुधार, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस, मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नकल भूमि दस्तावेज हेतु भूमि की जानकारी की सेवाएं इस योजना के तहत मिल रही है। भिलाई निगम क्षेत्र के आम नागरिक इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क कर सकते हैं। नागरिकों को सेवाओं का लाभ उठाने के लिए मितान को केवल 50 रुपए एवं अन्य विभागीय शुल्क का भुगतान करना होगा। मितान की सेवा 26 जनवरी, 15 अगस्त और 2 अक्टूबर को छोड़कर सप्ताह के सभी दिनों में सुबह 8.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि नागरिक को आवेदन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक एस. एम. एस. अपडेट प्राप्त होगा। दीप्ति साहू ने बताया कि वेबसाइट के पोर्टल पर अपने आवेदन की स्थिति देख सकते हैं और ट्रैक कर सकते हैं, इस वेबसाइट से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मुख्यमंत्री मितान योजना के निगम में लागू होने से अब अनावश्यक चक्कर काटने से लोगो को मुक्ति मिल गई है।

## आयुष्मान आपके द्वार के तहत जिलेवासियों से कार्ड बनाने स्वास्थ अधिकारी डॉक्टर सुजॉ बीवीय मुखर्जी ने की अपील

# आयुष्मान अभियान तहत जिले में कार्ड बनवाने असलम अली कर रहे प्रेरित

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम के लोहारा में आयुष्मान आपके द्वार योजना की जानकारी देने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी लोहारा ने लोगों से आयुष्मान कार्ड बनाने अपील किया साथ-साथ जिला प्रोग्राम समन्वयक आयुष्मान भारत के सलाहकार सैय्यद असलम अली यासिनी ने जिले के सभी ग्रामीणों को और शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा आयुष्मान आपके द्वार के तहत समूचे जिले में हमारी स्वास्थ विभाग की टीम जिले भर में घर घर जाकर लोगो को प्रेरित कर रहे है उन्हे जानकारी दे रहे है अभी भी जिले के अधिकांश लोग कार्ड नही बनवा पाए है और 2018 के पूर्व में निर्मित स्मार्ट कार्ड जो की एक परिवार के लिए एक स्मार्ट कार्ड जारी किया जाता था जो की निरस्त हो चुका है परंतु आज भी बहुत से परिवार आज भी उसे ही कार्ड मानकर अपना आयुष्मान कार्ड नहीं बनवा रहे है इन लोगों को इलाज के समय जानकारी के अभाव में दिक्कतें होती है आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी देते हुए बताया की यह प्रक्रिया बहुत आसान है आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु किसी भी प्रकार की आवेदन या शुल्क की आवश्यकता नहीं है प्रकिया पूर्णतः निशुल्क है आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेजों में राशन कार्ड आधार कार्ड अथवा कोई भी फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर नजदीकी च्वाइस सेंटर अथवा शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में अपना वा अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है, पात्र परिवार के प्रत्येक सदस्य को अलग अलग आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा।

आयुष्मान बनवाने के पश्चात आयुष्मान कार्ड हितग्राही को योजना के नियमानुसार बीस लाख तक का निशुल्क उपचार राज्य या राज्य के बाहर पंजीकृत अस्पतालों में निशुल्क इलाज प्राप्त किया जा सकता है।योजना से संबंधित जानकारी हेतु मितानिन दीदी ए एन एम दीदी स्थानीय स्वास्थ कार्यकर्ता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यलय या टोल फ्री नम्बर 104 में संपर्क किया जा सकता है।

# उद्यानिकी विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक



दुर्ग। राजकुमार पटेल, अध्यक्ष शाकम्बरी बोर्ड एवं कैबिनेट मंत्री ने जिले में उद्यानिकी विभाग में संचालित विभागीय योजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिये। समीक्षा बैठक के पश्चात् शासकीय उद्यान रोपणी रूआबांधा का भ्रमण किया एवं चौपाल लगाकर कृषकों से चर्चा कर विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिले के तीनों विकासखण्ड के उद्यान रोपणी प्रभारी व मैदानी क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी/प्रक्षेत्र सलाहकार उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान सदस्य पवन पटेल, दुखवा पटेल, शाकम्बरी बोर्ड, उप संचालक उद्यानसुरेश कुमार ठाकुर और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़**

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा क्र.39/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.यां/खण्ड, रायपुर, दिनांक 02/08/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रथम बार मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | आकाशवाणी पी.एच.ई. कालोनी रायपुर स्थित क्वार्टर नंबर एच-03 में छत पर फ्लोरिंग, जी.आई.पाईप, पानी टंकी स्थापना कार्य एवं अन्य सिविल कार्य (समस्त सामग्री सहित) | 0.91 |
| 2 | न्यू पंचशील नगर पी.एच.ई. कालोनी रायपुर स्थित क्वार्टर जी-10 एवं एफ-04 में प्लम्बरिंग, इलेक्ट्रिक कार्य एवं अन्य सिविल कार्य। (समस्त सामग्री सहित) | 2.17 |
| 3 | पुराना पंचशील नगर पी.एच.ई. कालोनी रायपुर स्थित क्वार्टर नंबर जी-03 में इलेक्ट्रिक कार्य एवं अन्य सिविल कार्य (समस्त सामग्री सहित) | 1.35 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12.08.2022 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

G- 93431/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
रायपुर, छत्तीसगढ़

# लाखों रुपए की सोने-चांदी की तस्करी करते दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

■ सलेरियो कार से उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर कर रहे थे प्रवेश

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



पुलिस को सोने-चांदी की तस्करी करते एक बड़े मामले में सफलता मिली है, महासमुंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था,जिसके तहत जिलें के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों पर थाना/चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम द्वारा लगातार संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग व तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान दिनांक 04 अगस्त को कोमाखान थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट फॉरेस्ट नाका टेमरी (छ.ग. ओड़िसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी तभी खरियार रोड ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की मारूती सलेरियों कार क्रमांक CG 04 MZ 7131 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी।

उक्त वाहन को फॉरेस्ट नाका टेमरी चेक पोस्ट के पास रोका गया। कार में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिनसे पूछताछ करने पर ड्राईवर के बगल सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मनप्रीत सिंह पिता हरदयाल सिंह उम्र 30 वर्ष सा. म.नं. 24 गली नंबर 02 ईश्वर नगर टी.टी. रोड अमृतसर थाना सुल्तानविंड जिला अमृतसर, पंजाब एवं वाहन चालक ने अपना नाम वहाजउद्दीन पिता पीर मोम्मद उम्र 37 वर्ष सा. मौदहापारा वार्ड नं. 36 कल्लू गैरेज के बाजू रायपुर थाना मौदहापारा जिल रायपुर रहने वाले है। जिनसे पूछताछ करने पर सही तरीके से जवाब नही देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नही पाये जाने पर वाहन की तलाशी ली गई तो उसके पास रखे काला बैंग रखा मिला। इससे पुलिस टीम को संदेह हुआ और बैग को खुलवाकर चेक कराने कहा गया तो चेक कराओ कहने पर सोना जडित नाक, कान, गला में पहनने वाला समान रखना बताया। जिसे निकालकर चेक करने पर भारी मात्रा में सोना के विभिन्नआभूषण (कान की बाली, टाप, नाक का लौंग, फुल्ली, नथनी, गेहूँ दाना, चैन लॉकेट) रखे मिल, उक्त मशरूका के संबंध में पूछताछ करने पर वाहन में सवार दोनो व्यक्तियों नें बताया कि उक्त सोने के आभूषण को अमृतसर पंजाब से लाना और छत्तीसगढ व उडिसा क्षेत्र के विभिन्न जगहों में बेचना बताया। पुलिस की टीम द्वारा दोनो व्यक्तियों से सोने के आभूषण के संबंध में दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह कोई भी वैधानिक दस्तावेज पेश नही कर पाया। और पुलिस गोलमोल जवाब दे रहे थे। दोनो का आचरण भी संदिग्ध था।

सोने के आभूषण के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होने से सोने के आभूषण कान की बाली, टाप, नाक का लौंग, फुल्ली, नथनी - 16285 नग, गेहूँ दाना - 332 नग, चैन - 01 नग, लॉकेट - 423 नग कीमती करीबन 17,04,100/- रूपये एवं वाहन मारूती सलेरिया कार क्र0 CG 04 MZ 7131 सफेद रंग की कीमती करीबन 4,00,000 रूपये को जप्त कर थाना कोमाखान में इस्तागाशा क्रमांक 03/2022 धारा 41 (1+4) जा.फौ., धारा 379 भादवि के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक अभिरक्षा भेजने व विवेचना कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है, सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में अति0 पुलिस अधीक्षक आकाश राव के निर्देशन में अनु.अधिकारी (पु) बागबाहरा कपिल चन्द्रा, थाना प्रभारी कोमाखान निरीक्षक रामअवतार पटेल, सायबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत, सउनि ललित चंद्रा, रनसाय मिरी प्रआर0 नरेन्द्र साहू, जितेन्द्र सिंह, आर0 कामता आवडे, मुकेश चन्द्राकर, विरेन्द्र नेताम, सौरभ तोमर, संतोष सावरा, युवराज ठाकुर, पवन ठाकुर, तरूणी भोई, कृष्णा पटेल व टीम द्वारा की गई।

# चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के नए अध्यक्ष बनाए गए हेमंत देवांगन

■ 4 अगस्त को संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से चुना गया हेमंत को चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति का समिति का अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर सहित पूरे क्षेत्र में अपने सेवा रचनात्मक एवं धार्मिक कार्यों से पहचान बना चुकी संस्था चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति की 4 अगस्त को आयोजित बैठक के दौरान नए अध्यक्ष के रूप में शक्ति शहर के हेमंत टेंट बाजार के संचालक हेमंत देवांगन को चुना गया है, समिति के सदस्य संतोष देवांगन साव के निवास में 4 अगस्त की रात्रि आयोजित सदस्यों की बैठक के दौरान बताया गया कि चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति का पंजीयन भी हो चुका है, तथा आने वाले समय में समिति के कार्यों को और अधिक सर्वव्यापी एवं विस्तारित करना है, इस दौरान आने वाले समय के लिए चंद्रपुर पदयात्रा समिति के नए अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से हेमंत देवांगन को दायित्व दिया गया साथ ही संयोजक के रूप में श्यामसुंदर अग्रवाल (श्याम चूड़ी वाले) को जिम्मेदारी दी गई, वहीं हेमंत देवांगन को नया अध्यक्ष बनाए जाने पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में समिति के कार्यों को और अधिक विस्तारित करते हुए सेवा कार्यों को गति देंगे, तो वही हेमंत देवांगन ने भी अध्यक्ष बनाए जाने पर कहा है कि श्री चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति आम नागरिकों के बीच अपने कार्यों को लेकर अपनी पहचान स्थापित कर चुकी है, तथा समिति के सभी सदस्य निरंतर सेवा कार्यों में जुटे हुए हैं, तो वही शक्ति शहर के सार्वजनिक मुक्तिधाम एवं मारवाड़ी मुक्तिधाम में समिति द्वारा सर्व सहयोग से निरंतर जो जीर्णोद्धार एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है वह अपने आप में एक जन जागरूकता का संदेश है।



साथ ही समिति द्वारा सर्व सहयोग से एंबुलेंस वाहन भी विगत वर्ष प्रारंभ की गई है, साथ ही शहर में श्री अग्रवाल सभा द्वारा प्रदत स्वर्ग रथ वाहन सेवा का भी कुशल एवं बेहतर ढंग से संचालन का कार्य श्री चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है,इस दौरान शायमसुन्दर अग्रवाल चूड़ी वाले ने बताया की प्रतिवर्ष नवरात्रि के पर्व पर माँ चंद्रहासिनी देवी चंद्रपुर एवं मां अष्टभुजी देवी अड़भार की पदयात्रा का वृहद धार्मिक आयोजन भी सभी सदस्यों के प्रयासों से संपन्न हो रहा है।

# आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान में सहभागी बनेगा DIA विजन इंस्टिट्यूट



■ 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच अपने घर में तिरंगा अवश्य फहराने और सोशल मीडिया एकाउंट्स की डीपी में तिरंगा लगाने की अपील भी की गई

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

आजादी के 75 वीं वर्षगांठ को पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनकी शौर्यगाथा का यशोगान करने एक अनूठा अभियान शुरू किया गया है। आगामी 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश वासियों से की है। इसके साथ ही सोशल मीडिया में तिरंगा को डीपी बनाने की अपील भी की गई है। इस अभियान को सफल बनाने विभिन्न स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्ट संस्था विजन इंस्टिट्यूट देल्ही आईएएस अकादमी से सम्बद्ध में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत सिंह ठाकुर और पंकज अग्रवाल संपर्क कार्यक्रम हेतु पहुंचे। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों सहित प्रशिक्षक टोली से 'हर घर तिरंगा' अभियान में सहभागिता की अपील कीदिल्ली आई.ए. एस अकादमी बिलासपुर के संचालक सौरभ चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम कराया गया इस अवसर पर प्रमुख रुप से प्रशांत सिंह ठाकुर, पंकज अग्रवाल, संचालक विवेक मित्तल, प्रबंधक अविनाश ठाकुर सहित इंस्टिट्यूट के छात्र विनोद साहू, शितलेश, शिवकला, शिवलता, कामाक्षी, पद्मिनी, कविता तिवारी, सीमा साहू, मुकेश केसी, मनीष ठाकुर, प्रियंका देवांगन, आयुष, धानी, पूजा मिश्रा, नीतू, सूरज लहरे उपस्थित थे।

# सार्वजनिक कार्यक्रमों में गुलदस्ता के बदले पौधा भेंट करें : कलेक्टर

■ जिला मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय में विक्रय हेतु पौधों का स्टॉल लगाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम बाघामुड़ा में स्थित शासकीय उद्यान रोपणी, ग्राम धरमपुरा में स्थित राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड मुंगेली व मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बाघामुड़ा में उद्यान प्रभारी को विकासखण्ड मुख्यालय और जिला मुख्यालय में लोगों को सहज रूप से फलदार एवं छायादार औषधीय पौधा उपलब्ध कराने हेतु स्टॉल लगाने एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में अतिथियों को गुलदस्ता के बदले पौधा भेंट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आमलोगों को आसानी से पौधा उपलब्ध हो, इस हेतु संपर्क नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से जिले को और अधिक हराभरा बनाने में मदद मिलेगी और रोजगार के अवसर सृजन होंगे साथ ही नर्सरियों की आय में भी वृद्धि होगी। इसके लिए उन्होंने उद्यान के मुख्य गेट के सामने उपलब्ध पौधों का नाम और मूल्य सूची भी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय उद्यान में विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और सजावटी पौधों का अवलोकन किया और प्रतिवर्ष होने वाली आमदनी की जानकारी ली। उन्होंने उद्यान में पौधों की बेहतर रखरखाव हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने वहां कार्यरत श्रमिकों से भी चर्चा की। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी ने बताया कि आम लोगों के लिए शासकीय उद्यान में आम, कटहल, लीची, अमरूद, करौंदा सहित विभिन्न प्रकार के फलदार और सजावटी पौधे उपलब्ध है।

तत्पश्चात् कलेक्टर ने ग्राम चमारी में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण कर उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को गौठानो में मशरूम उत्पादन, फेंसिंग आदि कार्य से आसपास क्षेत्र के लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र में नारियल का पौधा भी रोपा और जिले के नागरिकों को पौधा लगाने की अपील की।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बाराद्वार आज करेगा प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी का स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर के प्रांतीय अध्यक्ष अमर परवानी अपने अध्यक्ष निर्वाचन के बाद पहली बार जांजगीर-चांपा जिले के प्रवास में आ रहे हैं इस इस दौरान 7 अगस्त दिन-रविवार को दोपहर 3:00 बजे से छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बाराद्वार के सदस्यों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी का स्वागत अभिनंदन समारोह एवं बैठक रखी गई है,उक्त आशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मनोनीत प्रांतीय मंत्री मुकेश जिंदल बाराद्वार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी जांजगीर-चांपा जिले की विभिन्न इकाइयों में 7 अगस्त को प्रवास करेंगे तथा वे अकलतरा में प्रवेश के साथ ही अपने निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत दोपहर 3:00 बजे अग्रसेन भवन बाराद्वार पहुंचेंगे, जहां चेंबर के सदस्यों द्वारा उनका जोरदार स्वागत- अभिनंदन किया जाएगा, साथ ही वे सदस्यों की बैठक को भी संबोधित करेंगे, प्रांतीय मनोनीत मंत्री मुकेश जिंदल ने समस्त चेंबर सदस्यों एवं व्यापारी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे प्रांतीय अध्यक्ष अमर परवानी के इस स्वागत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

# शांतिकुंज हरिद्वार के युवा प्रकोष्ठ का कन्या माध्यमिक शाला में व्यसन मुक्ति कार्यक्रम आयोजित



**सक्ती।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन मे जिला जांजगीर चाम्पा, ब्लॉक सक्ती के शासकीय सदर कन्या माध्यमिक विद्यालय सक्ती में 06 अगस्त को व्यसन मुक्त का कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें लगभग 50-60 की संख्या में बच्चे एवं टीचर्स उपस्थित रहे, कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को व्यसन से बचाना एवं दुर्गुणों से दूर रखना है,जिसमें प्रथम प्रस्तुतीकरण एवं कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ प्रारंभ किया गया तत्पश्चात नेहा गुप्ता एवं शक्ति राज गुप्ता के द्वारा संपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला गया एवं बच्चों को व्यसन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक हानियों के बारे में बताया गया,इसी क्रम में के गीत की प्रस्तुतिकरण की, साथ ही साथ कार्यक्रम के समापन तक में वरिष्ठ कार्यकर्ता निर्मला शर्मा दीदी ने बच्चों को नशा से मुक्त रहने हेतु संकल्पित करवाया,इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में शासकीय माध्यमिक शाला की प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा एवं उनके द्वारा आग्रह किया गया कि वह पुनः आ करके अपनी और भी ऐसे ही विभिन्न विषयों पर कक्षाएं दें जिससे कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिल सके।

# आजादी के अमृत महोत्सवः महिला स्वसहायता समूह से चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और सदस्यों ने खरीदी 1000 राष्ट्रीय ध्वज

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न मनाने के लिए 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर झंडा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर की उपस्थिति में जिला कलेक्टोरेट स्थित कलेक्टर कक्ष में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार वाधवा व सदस्यों ने महिला स्वसहायता समूह से एक हजार राष्ट्रीय ध्वज की खरीदी की।

इस दौरान कलेक्टर ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष व सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा झंडा बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जिले के नागरिकों को हर घर झंडा अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न मनाने एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए झंडे को जिले के सभी व्यापारियों को निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

## निधन

### अरविंद अग्रवाल



**शक्ति।** शक्ति शहर की प्रतिष्ठित फर्म श्री काशीराम ओमप्रकाश अग्रवाल एवं प्रमोद साइकिल स्टोर वार्ड नं.16 स्टेशन रोड हाईस्कूल के सामने के संचालक विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल एवं रविंद्र अग्रवाल (लालू) के भ्राता श्री अरविंद अग्रवाल (कालू) उम्र-48 वर्ष पिता-स्व. ओमप्रकाश अग्रवाल का आकस्मिक निधन दिनांक- 05 अगस्त 2022 दिन-शुक्रवार को हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार 06 अगस्त 2022 दिन- शनिवार को स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में हुआ।

अंतिम संस्कार यात्रा निवास-प्रमोद साइकिल स्टोर हाईस्कूल के सामने सक्ती से निकली, अरविंद अग्रवाल के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा उनकी अंतिम संस्कार यात्रा में काफी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# मुंगेली शहर का होगा कायाकल्प, विभिन्न चिन्हांकित स्थलों का होगा सौंदर्यीकरण



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली शहर का बहुत ही जल्द कायाकल्प होगा। विभिन्न चिन्हांकित स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जायेगा और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद मुंगेली ने पूरी तैयारी कर ली है। इसी तारतम्य में कलेक्टर और नगरपालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने सबेरे दुपहिया वाहन से शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर और नगर पालिका अध्यक्ष ने सबसे पहले शहर के बीच स्थित आगर नदी के पुल के किनारे चैपाटी निर्माण और सौंदर्यीकरण हेतु स्थल का निरीक्षण किया।

जिसके बाद उन्होंने पुराना बस स्टैंड के समीप पालिका बाजार, गोलबाजार में पार्किंग व्यवस्था, चैराहा पर महापुरुष की प्रतिमा स्थापना व सौंदर्यीकरण, लोरमी बायपास रोड में प्रतिमा स्थापना व बालानी चैक और पड़ाव चैक के सौंदर्यीकरण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका मुंगेली में साफ सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया और कचरों को उपयुक्त स्थल में डंप करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने ग्राम बाघामुड़ा में किसानों के खेत तक पहुंचकर फसल का किया अवलोकन

■ धान के बदले अन्य फसल ले रहे किसानों की सराहना की
■ किसान राजेश तिवारी 05 एकड़ में पपीता और किसान प्रफुल वैद्य 10 एकड़ मे कर रहे हैं मूंगफली और बांस की खेती

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम बाघामुड़ा में शासन की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् धान के बदले अन्य फसल ले रहे किसान राजेश तिवारी और प्रफुल वैध के खेत पहुंचकर उनके फसल का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर धान के बदले लिए जा रहे अन्य फसल की कुल रकबा, फसल की लागत और कार्यरत श्रमिक आदि की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने धान के बदले अन्य फसल ले रहे किसानों की पहल की सराहना की और अन्य किसानों के लिए अनुकरणीय बताया। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि आदान सहायता हेतु राजीव गांधी किसान न्याय योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

इस योजना के तहत धान के बदले कोदो, कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुंगधित धान और अन्य फोर्टिफाइट धान की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी जाती है। उन्होंने किसानों को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना की भी जानकारी दी और योजना का लाभ उठाने प्रेरित किया। किसान राजेश तिवारी ने बताया कि वे राजीव गांधी किसान न्याय योजना से प्रभावित होकर जिला प्रशासन की पहल और उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में इस वर्ष धान के बदले अन्य फसल ले रहे हैं। उन्होंने अपने 05 एकड़ में रेड लेडी प्रजाति के उन्नत किस्म का पपीता लगाया है। पपीता की बाजार में काफी मांग रहती है, व्यापारी खेत से ही पपीता की फसल की खरीदारी कर लेकर जाते हैं। इस फसल से धान की फसल की अपेक्षा अधिक आमदनी प्राप्त होती है।

इसी प्रकार प्रफुल्ल वैद्य ने बताया कि वे राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् अपने 10 एकड़ खेत में मुंगफली के साथ बांस की इंटरक्रापिंग फसल ले रहे है। दोनों किसानों ने बताया कि विभाग की योजना के तहत् प्रति हेक्टेयर 22 हजार 500 रूपए का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। साथ ही सुक्ष्म सिंचाई योजना के तहत् 55 प्रतिशत के अनुदान राशि पर ड्रिप प्रतिस्थापन हुआ है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित संबंधत अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने ग्राम धरदेई में लगाई चैपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**मुंगेली।** कलेक्टर ने विकासखण्ड पथरिया के ग्राम धरदेई में चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगो को गंभीरतापूर्वक सुनी। उन्होंने ग्रामीणों से फसलों की बुवाई, खाद की उपलब्धता, वर्षा, राशन, पेशन, पेयजल, बिजली आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बिजली संबंधी समस्या के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बिजली की समस्या को निराकृत करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्रामीण गोवर्धन राम द्वारा उन्हें सेवा सहकारी समिति धरदेई से चैकीदारी के पद से हटाये जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लिया और इस पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की बात कही। वहीं जय मां वैष्णवी समूह की महिलाओं द्वारा मिनी राइस मिल की संचालन, ग्रामीण कौशल ठाकुर ने शौचालय की शेष राशि दिलाने, मनोज कुमार द्वारा जाति प्रमाण पत्र, जलेश्वर द्वारा राशन कार्ड में नाम जुड़वाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

## गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्मरण करते हुए किया नमन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राष्ट्रगान के रचयिता, कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उन्हें याद किया। डॉ. महंत ने कहा कि गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर मानवतावादी विचारक थे, जिन्होंने साहित्य, संगीत, कला और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अपनी अनूठी प्रतिभा का परिचय दिया। रवींद्रनाथ टैगोर भारत ही नहीं एशिया के प्रथम व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1913 में उनकी कृति गीतांजलि के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनका मानना था कि छात्रों को प्रकृति के सानिध्य में शिक्षा हासिल करनी चाहिए, अपने इसी सोच को ध्यान में रख कर उन्होंने शांति निकेतन की स्थापना की थी। देश की उन्नति और प्रगति में उनका अमिट योगदान रहा है ।

## गिरीश पंकज को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का साहित्य भूषण सम्मान



**रायपुर।** उत्तरप्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले विभिन्न सामानों की घोषणा हो गई है। छत्तीसगढ़ के साहित्यकार गिरीश पंकज को साहित्य भूषण सम्मान मिलेगा। इसमें ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी मिलेगी।उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान ने वर्ष 2021 के पुरस्कार घोषित किए। वर्ष 2021 के सम्मानों/पुरस्कारों की घोषणा मंगलवार को कर दी गई। संस्थान का प्रतिष्ठित आठ लाख रुपये का भारत भारती सम्मान दिल्ली के डा. रमानाथ त्रिपाठी को देने का निर्णय लिया गया। पांच लाख रुपये का लोहिया साहित्य सम्मान देहरादून के बुद्धिनाथ मिश्र को देने की घोषणा हुई। गिरीश पंकज की अब तक विभिन्न विधाओं में सौ सबसे अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो गई है। इसमें 11 उपन्यास 30 व्यंग्य संग्रह शामिल है। हिंदी भवन दिल्ली सेउन्हें एक लाख रुपये राशि वाले व्यंग्य श्री सम्मान भी प्रदान किया था। पंकज गत 40 सालों से साहित्य साधना में संलग्न हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा मनेन्द्रगढ़ में हुई फिर रायपुर में आकर पिछले चार दशकों से पत्रकारिता और साहित्य की सेवा में लगे रहे। इस वक्त वे छत्तीसगढ़ राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के अध्यक्ष हैं।

# जिले में विशेष अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को निःशुल्क लगाया जा रहा प्रिकॉशन डोज





पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कोविड से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को विशेष अभियान चलाकर निःशुल्क प्रिकॉशन बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विगत 15 जुलाई से आगामी 75 दिनों अर्थात 30 सितम्बर 2022 तक सभी पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क टीकाकरण का प्रावधान है। अभियान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे लोग जिन्हें कोविड वैक्सीन का दूसरा टीका लगाए 6 माह या 26 सप्ताह पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर पर प्रिकॉशन, बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। साथ ही 12 से 14 वर्ष के बच्चों को कोर्बिभेक्स वैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज तथा 15 से 17 वर्ष के बच्चों को को वैक्सीन का प्रथम व द्वितीय डोज लगाया जा रहा है। एवं किसी कारण से प्रथम या द्वितीय खुराक से वंचित व्यक्तियों को भी प्राथमिकता से टीका लगाया जा रहा है। इस हेतु दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों वनांचलों के बसाहटों, पारा, मोहल्ला, टोला में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में आज कोविड टीकाकरण हेतु महाभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर टीका लगाया गया है। साथ ही स्कूल, आश्रम छात्रावास, बैंक, बाजार हाट जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी मेडिकल टीम द्वारा लोगों को टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य, पुलिस , राजस्व, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों के हेल्थ केयर वर्कस, फ्रंट लाइन वर्कस को गंभीरता से प्रिकॉशन डोज लगवाने के लिए निर्देशित किया है। इस हेतु सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है । उन्होंने जिले के सभी पात्र व्यक्तियों से टीका लगवाकर कोरोना से बचाव एवं कोविड अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभाने की अपील की है।

## अंतरराज्यीय रेत तस्करी पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही, डंप किया गया 90 ट्रिप रेत हुआ जप्त



पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल अनुविभाग अंतर्गत बाँसकोट व आसपास के क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। जिस गम्भीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए अवैध रूप से रखे गए रेत पर प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। जिसके पश्चात रेत तस्करी से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा है। लगातार शिकायतों के पश्चात इसे प्रशासन की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही के रूप में देखा जा रहा है। शिकायत के पश्चात शुक्रवार को केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा समेत समस्त प्रशासनिक अमला ग्राम बांसकोट पहुंचा था। जहां प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से डंप किए गए रेत को जप्त कर कार्यवाही की गई।

### युवा समिति की शिकायत पर पहुंचा प्रशासनिक अमला

मिली जानकारी के अनुसार रात्रि में उड़ीसा एवं अन्य जगहों पर इस रेत को ऊंचे दाम में बेचा जा रहा था। इस सम्बंध में युवा समिति द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर दी गयी चेतावनी एवं मीडिया एवं सोशल में प्रचार के पश्चात प्रशासन हरकत में आया। तत्पश्चात एसडीएम केशकाल शंकरलाल सिन्हा, तहसीलदार एस.के भोई, शान्तनु तारम, एसडीओपी भूपत धनेश्री, विश्रामपुरी थाना प्रभारी रविशंकर ध्रुव, बांसकोट चौकी प्रभारी विवेक सेंगर तथा ग्राम सरपंच मनोज नाग, उपसरपंच अशोक शार्दुल, वार्ड पंच, ग्राम पटेल, कोटवार आदि की उपस्थिति में कार्यवाही की गई।

## 11 से 17 अगस्त तक जिले में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा स्वतंत्रता सप्ताह

**जशपुरनगर।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आगामी स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक आमजनों में देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु प्रत्येक घर,शासकीय, अर्धशासकीय और निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायिक-वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में भी सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा साथ ही विविध कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में हर घर तिरंगा अभियान की उत्साहपूर्वक तैयारी की जा रही है। जिले में महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से झण्डा संहिता द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार ध्वज तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। समूह की महिलाएं ध्वज की सिलाई कार्य में सतत लगी हुई हैं। कलेक्टर कार्यालय में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित तिरंगा का स्टॉल के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है। साथ ही सभी जनपदों में कार्यक्रम की सफलता हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में आज नगर पंचायत बगीचा में टीम जय हो, नेहरू युवा केन्द्र, राजीव युवा मितान क्लब एवं रानी दुर्गावती महिला मंडल बगीचा के द्वारा लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार कुनकुरी नगर पंचायत में जनजागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## ट्रक और ट्रेलर चालको से लिफ्ट मांग कर साथियों के साथ लूटपाट करने वाली महिला गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के एक महिला सदस्य को पकड़ा है जो ट्रक और ट्रेलर ड्राइवरों से रास्ते में लिफ्ट मांगती थी और सूने रास्ते में साथियों के साथ उनको लूट लेते थे। पुलिस अभी इस मामले में और जांच कर रही है। फिलहाल इस गिरोह के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। इसमें एक महिला भी शामिल है। मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, लूटपाट करने वाली महिला को पुलिस ने कोरबा से गिरफ्तार किया है। महिला सुनसान जगह पर हाथ दिखाकर ड्राइवरों को रोकती थी। चालक जैसे ही रुकते, महिला के साथी आकर मारपीट करते और लूट कर भाग जाते। पुलिस ने इस गिरोह के एक आरोपी को दो दिन पहले गिरफ्तार था।दरअसल, झारखंड के गढ़वा जिले के डंडई निवासी नासीर अंसारी (23) ड्राइवर है। मंगलवार देर शाम करीब 7 बजे वह ट्रेलर में कोयला लोड कर लोखंडी जा रहा था। रास्ते में ट्रेलर का ब्रेकडाउन हो गया। रात करीब 9 बजे वह रतनपुर क्षेत्र के बगदेवा टोल प्लाजा के पास पहुंचा था। तभी एक महिला ने हाथ दिखाकर उसे रोका और रतनपुर बाइपास तक जाने के लिए लिफ्ट मांगी। इस पर ड्राइवर ने उसे बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद महिला ने ड्राइवर से रास्ते में दोस्त को भी बिठाने के लिए कहा। इस पर ड्राइवर ने उसे भी बिठा लिया। करीब 8-10 किलोमीटर दूर वहां से निकले होंगे कि बाइक सवार युवक आया और ट्रेलर के सामने खड़ा कर उसे रुकवा दिया। ट्रेलर के रुकते ही अंदर बैठी महिला और उसके साथी व बाइक सवार युवक ने ट्रेलर ड्राइवर से मारपीट शुरू कर दी। उससे पांच हजार रुपए, लाइसेंस और अन्य दस्तावेज लूट लिए। ड्राइवर नासिर अंसारी ने पुलिस को बताया कि महिला और उसके साथी ट्रेलर को लूटकर भागने की फिराक में थे। मारपीट और लूटपाट करने के बाद उसे धमका कर ट्रेलर लूटकर जा रहे थे। तभी उसने दूसरे ड्राइवरों की मदद से उनका पीछा किया, लेकिन महिला और बाइक सवार भाग निकले। हालांकि इस दौरान एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि वह कोरबा के कुसमुंडा क्षेत्र के इमलीछापर निवासी जवाहर एक्का है।

## आनलाइन पंखा खरीदने का झांसा देकर ठगों ने बैक खाते से 61360 रुपए निकाल लिए

**बिलासपुर।** इलेक्ट्रिकल्स दुकान संचालक से 8 फंखे ऑनलाइन खरीदने का झांसा देकर शातिर ठगों ने ऑनलाइन तरीके से व्यवसायी की पत्नी के बैंक एकाउंट से 61360 रुपए निकाल लिए, जैसे ही पैसे कटने का मैसेज मिला उन्हें अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ जिन्होंने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार शिवम ऑर्चिड राजकिशोर नगर निवासी विनीत गुप्ता इलेक्ट्रिकल्स दुकान का संचालन करते है, जिनके पास जस्ट डायल के नंबर से कॉल आया और 8 पंखे खरीदने की बात हुई जिसके लिए पेमेंट की मांग संचालक विनीत ने तब उन्होंने फोन पे करने अपना स्कैनर भेजा, जिसमें पैसे नही जाने का हवाला देते हुए शातिर ठगों ने और किसी एकाउंट की जानकारी मांगी तब व्यवसायी ने अपनी पत्नी वर्षा गुप्ता का मोबाईल नम्बर और जानकारियां उपलब्ध कराई, जिसके बाद पत्नी के मोबाईल नम्बर पर कई लिंक आने लगे जिन्हें क्लिक करते ही बैंक एकाउंट से पैसे निकलने लगे, शातिर ठगों ने ऑनलाइन तरीके से 3 किस्तों में 61360 रुपए निकाल लिए। मामले में पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात फोन नंबर धारक के खिलाफ धारा 420-ढ्ढक्क्ष्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## परिवहन मंत्री होंगे फाड़ा के कार्यकम में शामिल



**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेशन फाड़ा के उपाध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया, चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर परवानी, रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष विवेक गर्ग एवं फाड़ा व राडा के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर से सौजन्य मुलाकात की और फेडरेशन आफ ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेशन (फाड़ा) द्वारा वार्षिक सम्मलेन 24अगस्त को एक होटल में किया जा रहा है उसके बारे में मंत्री को अवगत कराते हुए इस कार्यक्रम में अध्यक्षता करने और हमें आशीर्वाद प्रदान कर हमें अनुग्रहित करने का आग्रह किया। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेशन के उपाध्यक्ष श्री मनीष राज सिंघानिया ने बताया की फाड़ा देश का सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल संगठन है इस कार्यक्रम में देश भर के ऑटोमोबाईल व्यवसाई सम्मलित होगे जो की हमारे प्रदेश के लिए गर्व की बात है मनीष राज सिंघानिया ने माननीय परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के द्वारा परिवहन के लिये किये गये कार्यो के लिये धन्यवाद दियाए की आपके आने से परिवहन विभाग के कार्यो का क्रियान्वयन शीघ्रता से होने लगा है।

## कोलंबिया में कोविड टीकाकरण का अमृत महोत्सव



**रायपुर।** कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय टिकाकरण कार्यक्रम का आयोजन कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसीवा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस टीकाकरण में करीब 110 विद्यार्थियों,प्रोफेसरो के साथ साथ आसपास के ग्रामीणों ने भी टीका लगवाया। कार्यक्रम के दौरान कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के फार्मेसी कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी मिस्टर सागर साहूए इंजीनियरिंग के मिस्टर ओमेश साहू तथा उन्नत भारत अभियान के अधिकारी मिस्टर राहुल गोस्वामी ने भी अपना टीकाकरण करवाया।

## अल्प वर्षा से सूखे की स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर से मांग

**तिल्दा नेवरा।** किसान नेता जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने ग्राम पंचायत कोटा में 50 गांव के किसान मजदूर, सरपंच ,जनपद सदस्य,पंच एवं सियान किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक में अल्प वर्षा से सूखे की स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर से मांग की गई । इस बैठक में निर्णय लिया गया कि तिल्दा नेवरा, खरोरा सिमगा, धरसीवां, सुहेला ब्लॉक व तहसील में अल्पखंड वर्षा के कारण सूखे की स्थिति है तहसील के समस्त क्षेत्र में नजरी आकलन करने के निर्देश संयुक्त रुप से आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी कलेक्टर को पत्र लिखकर समस्त क्षेत्रों का मुआयना कराने की बात कही है क्षेत्र के किसानों ने एक स्वर से कहा है।

## शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में मनाया गया ग्रीन डे



**रायपुर।** शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, बाजार चौक ,चंगोराभाठा,रायपुर में दिनांक 6 अगस्त 2022 दिन शनिवार को सावन उत्सव ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया । ग्रीन डे के थीम पर सभी विद्यार्थियों के साथ साथ सभी स्टाफग्रीन ड्रेस में स्कूल पहुंचे। सेलिब्रेशन में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने पार्टिसिपेट किया था । विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रकार के पोस्टर विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए। सभी बच्चे ग्रीन डे के उपलक्ष्य में पौधा लेकर स्कूल आए थे । बच्चों ने ग्रीन डे के उपलक्ष में विद्यालय में पौधारोपण किया एवं उन पौधों का सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता जी, स्कूल के प्राचार्य श्री बंशी लाल सूर्गे, इंचार्ज नंदनी शर्मा, मंजू सेन , सुषमा श्रीवास्तव, अनामिका साहू, माया शुक्ला, भावना मौर्या, सरिता देवांगन, परमेश्वरी परिहार, जयश्री देवांगन, ममता रेड्डी, प्रभा यदु, आरती यदु, कु. दिव्या साहू, दीपिका मालाकार , दिव्या तिवारी, ममता साहू, अविनाश गुप्ता, मुकेश भंगला इत्यादि सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवम तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट गौठान होंगे पुरस्कृत

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा ।इसके लिए कृषि विभाग द्वारा उत्कृष्ट गौठनों के चयन की प्रि या शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है। कृषि विभाग ने उत्कृष्ट गौठानों के चयन के लिए बुनियादी ढ़ांचा, गोबर य एवं कम्पोस्ट उत्पादन, विविध आजीविका एवं स्वावलंबन को आधार मानते हुए इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए हैं।

## 2025 में होने वाली शिवमहापुराण कथा को करवाने का प्रण लेकर 2022 में करवा लिया अश्वनी शर्मा ने : पं. प्रदीप मिश्रा



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

स्व. रामदयाल शर्मा जी एवं स्व. शारदा देवी शर्मा जी की पुण्य स्मृति में भाटापारा नगर में चल रहे शिव महापुराण कथा के आयोजन के चौथे दिन प्रदीप मिश्रा ने व्यास पीठ से कहा कि यह कथा 2025 में होनी थी जिसका समय भी निर्धारित हो गया था पर भाटापारा के पुण्य नगरी में जन्मे अश्वनी शर्मा की प्रबल इच्छा शक्ति और उनके शिव भक्ति से महादेव की कृपा से यह आयोजन 2022 में ही संपन्न हो रहा है..दुनिया मे लोग हीरे सोने चांदी या और कुछ अपने पति से मांग करते है पर इनकी अर्धांगिनी ने शिवमहापुराण की मांग कर के अपने 70 पीढियो को तारने के साथ साथ पूरे भाटापारा नगर को तार दिया क्योंकि शिवमहापुराण जहां होता है वहा की पूरी धरती और पूरे लोगो का परिवार तर जाता है...,,प्रदीप मिश्रा ने कहा कि धन्य है छत्तीसगढ़ के भाटापारा के लोग ओर धन्य है भाटापारा की धरती,,, भाटापारा की धरती को कोटि कोटि प्रणाम है।

प्रसिद्ध कथावाचक परमपूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से चल रहे अशोक सुंदरी शिव महापुराण कथा का आयोजन नारायणी कुंज खोलवा रोड भाटापारा में चल रहा है,. कार्यक्रम में आज केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पंडित श्याम सुंदर दास व भाजपा वरिष्ठ नेता,पूर्व मंत्री,विधायक बृजमोहन अग्रवाल एव पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम अपने पूरे परिवार के साथ व मंदकुद्विप के पूज्य गुरु जी,,,विधायक शकुंतला साहू, पूर्व विधायक चैतराम साहू,सुशील शर्मा,शामिल हुए.,. विधायक शिवरतन शर्मा भी श्रद्धालुओं के साथ बैठ कथा का आनंद ले रहे है और कार्यक्रम में पहुच रहे श्रद्धालुओं को आने के लिए आभार भी व्यक्त कर रहे है... साथ ही आयोजक अश्वनी शर्मा ने कहा है कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है सेवा कार्य मे लगें युवकों द्वारा सभी श्रद्धालुओ से बाबा महादेव जी की महिमा का आनंद लेने एवं व्यवस्था में सहयोग देने का आग्रह किया जा रहा है।

## मोहर्रम का महीना मानवता और हक़ का संदेश देने वाला : मौलाना मिस्बाही

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



इस्लामिक नए साल की शुरुवात मोहर्रम के महीने से होती है। ये महीना मानवता और इंसानियत के साथ साथ हक का संदेश देने वाला है। बिलासपुर शहर के मगरपारा में 6 दिनों से जिक्रे शोहदा ए कर्बला की तकरीर चल रही है। यह बात उत्तरप्रदेश से आए मौलाना शहंशाह आलम मिस्बाही ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। शनिवार को प्रेस क्लब में पहुचे मिस्बाही ने कहा कि सभी लोगों को धर्म और सियासत से ऊपर उठकर मानवता का धर्म निभाना चाहिए। उन्होंने कहा की जुल्म और ज्यादती करना गुनाह (पाप) है।किसी मज़लूम निरीह या गरीब को तकलीफनहीं होनी चाहिए ये हम सभी को कोशिश की जानी चाहिए। खासकर ये मोहर्रम का महीना लोगों को यही संदेश देता है। किसी के आतंक के खिलाफ झुकना नहीं चाहिए,कर्बला की जंग में पैगंबर के शहीद नवासे ने कायनात को यही संदेश दिया है। इंसानियत के दुश्मन यजीद का मुकाबला करते हुए इमामे हसन हुसैन की शहादत पूरे विश्व को संदेश दे रही है कि जब जब देश दुनिया में जुल्म हुआ है उसके खिलाफआवाजें मजबूत हुई हैं।पत्रकारों के एक सवाल के जवाब उन्होंने बताया की अल्लाह के रास्ते में जो लोग कुर्बान होते हैं वो शहीद कहलाते हैं और ऐसे लोगों की शहादत में मातम नही बल्कि खुशियां मनाई जानी चाहिए। यह महीना काफी मुबारक महीना है। इसलिए उन्होंने सभी से आग्रह किया है इस मुबारक महीने में पुरानी बातों को दरकिनार कर खुशियां मनाई जाए।श्री मिस्बाही ने कहा कि हमारे पैगंबर साहब ने सभी को एक दूसरे का सम्मान करना बताया है। पत्रकारों के राजनीतिक सवालों का उन्होंने जवाब से किनारा किया। यह जरूर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित देश में अमन शांति है। और यह कायम रहनी चाहिए। देश में रहने वाला हर आदमी चाहे वह हिंदू मुसलमान सिख या ईसाई हो सभी का खून लाल है और सभी आपस में एक हैं। उन्होंने कहाकि राजनीति से परे हटकर सभी लोगों को आपस में भाईचारा मानवता का व्यवहार निभाना चाहिए। मिस्बाही ने सभी मुस्लिमों से अपील की,कि अपने अपने बच्चों को अच्छी तालीम दे।उन्हें अच्छे संस्कार के अलावा खुद की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करना चाहिए। इस मौके पर मौजूद उसकी देन कमेटी के संरक्षक शेख नजीरुद्दीन ने कमेटी द्वारा कराए जा रहे तकरीर पर फोकस किया। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी मगरपारा चौक में शोहदा ए कर्बला को लेकर तकरीर की जा रही है।

## अरविन्द, सेले, पीयूष और फांसिस को मिला बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ

### अब तक जिले में 97693 पात्र हिग्राहियों को 11.83 करो? की राशि का छूट मिला है



**सफलता की कहानी**

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

दूरस्थ अंचल के किसानों को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना बिजली बिल हॉफ योजना से लाभांवित किया जा रहा है। विभाग द्वारा लोगों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही है और ज्यादा बिजली बिल संबंधी समस्याओं का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा है। योजना का लाभ उठाने वाले मनोरा विकासखंड के कुम्हारटोली निवासी अरविन्द तिग्गा को बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 1500 रूपए का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिमाह बिजली बिल का समय पर भुगतान कर देते हैं। जिससे उनको समय पर लाभ मिल जाता है। बाजारडांड निवासी सेले को 370 रूपए छूट का लाभ मिला। आस्ता के फांसिस मिंज को 881 रूपए का लाभ मिला है वे भी अपने बिजली बिल का भुगतान समय पर कर देते हैं। आस्ता बस्ती के पीयूष को भी बिजली बिल हाफ योजना के तहत् 222 रूपए का लाभ मिला है। सभी लाभ उठाने वाले हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ शासन को धन्यावद देते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए यह योजना लाभदायक है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के बिजली बिल उपभोक्त ाओं को हॉफ बिजली बिल योजना से लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में घरेलू उपोक्त ाओं की संख्या 160817 हैं जिसमें से योजना के तहत् 97693 पात्र हिग्राहियों को 11.83 करोड़ की राशि की छूट प्रदान की गई है।

**FOR CHANGE OF NAME OF SERVING SOLDIER**

I, No. 4378512W Rank NK Name VIJAY KUMAR YADAW, son of RAMAU RAM YADAW. serving soldier of 5 Assam Regt. presently residing at Village - Singarwahi, PO - Dabena, PS-Narharpur, Tehsil - Narharpur, District - Kanker, State - Chhattisgarh, PIN - 494333 have changed my name from VIJAY KUMAR YADAW to VIJAY KUMAR YADAV vide affidavit dated ----------- NOTARY, ............

# रेत तस्कर ने ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटाई, गड्ढे में फंसाया और कार्रवाई की चुनौती दी, अमले ने दो वाहन जब्त किए

## कार्रवाई कर रहे कर्मियों को धमकाने की भी शिकायत, अधिकारी इस पर मौन

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव/छुरिया
www.dailypioneer.com

छुरिया इलाके के जंगल से अंधाधुंध रेत निकालने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। वन विभाग ने शनिवार की सुबह पड़रामटोला के जंगल से रेत तस्करी करते दो ट्रेक्टरों को जब्त किया है। जानकारी है कि, इनमें से एक ट्रैक्टर के मालिक ने मौके पर पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया और विभागीय टीम को धमकी भी दी। हालांकि इस मामले में अमले के अधिकारी कुछ बोल नहीं रहे हैं।

तस्करी करते दबोचे गए ट्रक्टरों में से एक नगर पंचायत छुरिया में कांग्रेस के पार्षद सुनील लारोकर की बताई जा रही है। दूसरी गाड़ी कुमर्रा छुरिया के किसी लाला साहू की बताई गई है। विभागीय अमले को इस कार्रवाई के दौरान जमकर मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि, सुबह 8-9 बजे के बीच वन विभाग की टीम ने बीट गार्ड की मौजूदगी में तस्करी करते ट्रैक्टरों को दबोच लिया। यहां राजनीतिक रौब का भी इस्तेमाल करने की कोशिश की गई।

वन विभाग एसडीओ उत्तम गुप्ता ने पायनियर से चर्चा में बताया कि तस्करी करते वाहनों को जब्त कर डिपो लाया गया है। भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व मई में भी दो जंगल से रेत की तस्करी करने वाले दो वाहनों को जब्त किया गया था। डिपो में वन विभाग के हवाले पहले ही तीन वाहन खड़े हैं




जिन्हें तस्करी करते पकड़ा गया था। डिप्टी रेंजर सोनी ने बताया कि कई बार हिदायत देने के बावजूद रेत तस्करी करने वाले बाज नहीं आए हैं। रेत का अवैध ढुलाई के प्रकरण की जानकारी हमें मिलती रही। आज जैसे ही सूचना मिली टीम ने तात्कालिक कार्रवाई कर ट्रैक्टरों को दबोच लिया। पिछ्ले कुछ दिनों में 5 ट्रैक्टरों को पकड़ कर कार्यवाही की गई है।

### टीम को धमकी दी, ट्रॉली पलटाई

खबर है किरेत तस्करी के मामले पर जब जंगल में कार्रवाई शुरु हुई तो यहां एक वाहन का मालिक पहुंच गया। उसने टीम को न सिर्फ धमकियां दी बल्कि अपना राजनीतिक रौब दिखाते हुए देख लेने की बात कही। मौके पर मौजूद रहे वन विभाग की टीम के एक सदस्य ने बताया कि उक्त व्यक्ति ने एक ट्रैक्टर की ट्रॉली पलटा दी और दूसरे को किचड़ में फंसा दिया और वहां से चला गया। वन विभाग ने इस मामले पर किसी तरह की कार्रवाई किए जाने की पुष्टि अब तक नहीं की है। दूसरी ओर वन अमले के कर्मचारी दुर्व्यवहार से आहत हैं।

### कांग्रेसी नेता दे रहे संरक्षण, विधायक खिलाफत कर रहीं

छुरिया इलाके में रेत तस्करी का मामला नया नहीं है। आए दिन यहां इस गोरखधंधे को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। विभागीय अमला घून की तरह पीस रहा है। दरअसल, कांग्रेस के एक जिला स्तर के नेता से रेत तस्करों को संरक्षण मिल रहा है। उनके ही रौब दिखाते हुए कुछेक बार तो रेत तस्कर वन विभाग के डिपो से ही जबरिया गाड़ी उठा ले जा चुके हैं। विभागीय अमला हाथ बांधता देखता रहा। खुज्जी विधायक छन्नी साहू इस पूरे गोरखधंधे के खिलाफ आवाज उठाती रहीं हैं। जिसे लेकर उन्ह् भी कई बार आरोपों और साजिशों का सामना करना पड़ा है।

### अब भी जद से बाहर

वन विभाग की इस कार्रवाई के बाद रेत तस्करी और फर्जी रॉयल्टी पर्ची का पुराना मामला एक बार फिर ताजा हो गया है। इस मामले में नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष के देवर तरुण सिन्हा पर ऊंगली उठती रही है। दरअसल, 04 दिसंबर 2021 को तरुण सिन्हा का वाहन रेत तस्करी करते पकड़ा गया था। इसके लिए फर्जी रॉयल्ट पर्ची के इस्तेमाल के आरोप लगे हैं। पुलिस इस मामले में अब तक तरुण पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर सकी है। वहीं इसी प्रकरण में एक युवक की गिरफ्तारी को लेकर भी तरुण घिरे रहे हैं।

## पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कलानी नगर में हर घर झंडा लगाने का आह्वान

**राजनांदगांव।** पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कलानी नगर की बैठक सिंधु भवन में संपन्न हुई।वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, बक्शाराम अंदानी, अध्यक्ष मनुमल मोटलानी की विशेष उपस्थिति में कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर केंद्र व राज्य सरकार की हर घर झंडा अभियान के तहत सिंधी कॉलोनी के प्रत्येक घर में झंडा लगाने की मुहिम चलाई जाएगी और सभी सदस्यों से आव्हान किया जाएगा कि प्रत्येक घरों में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अपने अपने घरों में लोग झंडा लगाएं। मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि सड़क किनारे जितने भी मकान हैं, उन मकानों पर बड़ा झंडा लगाया जाएगा ताकि जी रोड से निकलने वाले वाहनों को तिरंगा झंडा देखकर गर्व का अनुभव हो सके।

## तिरंगा यात्रा निकालने दिया मार्गदर्शन



पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाए जाने की तैयारी हेतु भाजपा मण्डल छुरिया की साहू धरमशाला में बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से बैठक प्रभारी जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला किसान मोर्चाअध्यक्ष हीरेन्द्र साहू, वरिष्ठ भाजपा व अनुसुचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षएमडीठाकुरने उक्त बैठक में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने व प्रभारफे री तिरंगा यात्रा निकालने के सबन्ध में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर, खिलेश्वर साहू, घासीराम साहू, राधेश्याम शर्मा, शेखर भारद्वाज, रोमी भाटिया, मनभावनसिंह उइके, चुरामन लाल साहू, मोनू गुप्त, मयाराम साहू,मनीष जैन, हनीफ कुरैशी, संगीता यादव, शानु यदु,भुनेश्वरप्रसाद साहू,राजेश्वर धुर्वे,कांता साहू, प्रिंस भाटिया,सोहन कुमार साहू, दिलीप साहू, सोनू कसेर, लक्ष्मी यादव, विक्रांत श्रीवास्तव, सुकृत दास साहू,प्रहलाद मंडावी, टीकम साहू,तीरथ विश्वकर्मा,ईश्वरलाल साहू, महेरुक साहू, अशोक सेन,गिरधारी साहू, टामेस कंवर, धन्नालाल यादव,दशरथ लाल चंद्रवंशी, हरिराम, भुनेश्वर प्रसाद साहू, तोरणदास वैष्णव, टामेश कुमार कंवर व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने सीएम से की भेंट



पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात कर पिछड़ा वर्ग की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए पिछड़ा वर्ग की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर कोर कमेटी सदस्य एवं जनपद सदस्य विपिन यादव, जिला अध्यक्ष राजनांदगांव चिंता राम साहू, तरुण धाकड़ जगदलपुर, धनीराम यादव सुकमा, गणेश यादव दंतेवाड़ा, फूलचंद दीवान कोंडागांव, सुरेश पटेल कांकेर, धमतरी अंगेज हिरवानी, महासचिव भागवत वैष्णव, रवि कुमार साहू, बलीराम सिन्हा, हरीराम साहू, लोकेश साहू, दीपक महोबिया, कृष्णा नागराज,रूपम सेन, भगवान सिंह, रामदत्त कौशिक, उदय राम पटेल, सुमेरी रजक सहित पिछड़ा वर्ग के सदस्य उपस्थित रहे।

## देवपुरा की नाबालिग दुर्ग रेल्वे स्टेशन में मिली

**गंडईपंडरिया।** नगर के नज़दीकी ग्राम पंचायत देवपुरा की 12 साल की किशोरी को 24 घण्टे के अंदर बरामद करने में पुलिस को क़ामयाबी मिली है। नाबालिग बालिका स्कूल जाने के लिए सुबह घर से निकली थीजिसे दुर्ग रेल्वे स्टेशन से बरामद किया गया।

गौरतलब हो कि प्रार्थिया ने बीते 4 अगस्त को गंडई थाने में आकर सूचना दी कि उसकी 12 साल बालिका सुबह 9 बजे गंडई स्कूल जाने घर से निकली है जो देर शाम घर नहीं आयी है। बच्ची को गंडई के बस स्टेशन में अंतिम बार देखा गया जो अपनी गांव की पढ़ने वाली सहेली को छोड़कर कही चली गई है। नाबालिग कक्षा 6वी की छात्रा है। घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) नेहा पांडेय, एसडीओपी गंडई प्रशांत खांड़े को सूचित किया गया कि संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नाबालिग बच्ची की पतासाजी एवं बरामदगी के लिए हर सम्भव प्रयास करने दिशा निर्देश प्राप्त होने पर बच्ची की तलाश के लिए बस स्टैण्ड आने जाने वाले बसों के चालक-परिचालक से पूछताछ किया गया। साथ ही राजनांदगांव, दुर्ग जीआरपी को हुलिया बताकर संपर्क किया गया। बच्ची को जीआरपी पुलिस ने दुर्ग रेल्वे स्टेशन में मिलने की जानकारी दी गईजिसे प्रार्थिया के साथ जाकर 24 घण्टे के अंदर बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## एनएसयूआई ने स्कूल व्यवस्था सुधारने ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

तुमड़ीबोड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के स्कूल समय मे भी स्कूल परिसर से बाहर रहने की खबर उभरकर आई है। स्कूल में विद्यार्थियों के अनुशासन एवं सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल के ही कुछ छात्रों की शिकायत पर तुमड़ीबोड एनएसयूआई ने स्कूल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा है। इस संदर्भ में मीडिया में जानकारी देते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमर झा के मार्गदर्शन में तुमड़ीबोड एनएसयूआई के घनश्याम साहू व भूपेंद्र साहू ने बताया कि स्कूल में अनुशासन की कमी होने, छात्राओं कस स्कूल समय मे भी परिसर से बाहर देखे जाने की जानकारी मिलने एवं स्कूल में अनावश्यक तत्वों के आवाजाही पर पुर्णतः प्रतिबंध लगाने की मांग सहित स्कूल यूनिफार्म को लेकर असहमति जताते हुए स्कूल के अन्य विद्यार्थियों की शिकायत पर तुमड़ीबोड़ एनएसयूआई ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन है। एनएसयूआई ने बताया कि समस्याओं व मांगों के निराकरण हेतु एक सप्ताह का अल्टिमेटम दिया गया। निराकरण नही होने पर उच्च जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में वासु, त्रिलोक, देवीलाल, दीपक, साहिल, घनेंद्र, चितेश्वर, कुशल, रितेश, यस, ऐश्वर्य, सुरेश, रमेश, तरुण, अजीत सहित अनेक विद्यार्थी शामिल थे।

## हिंदू गौरव दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता छुईखदान
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम साल्हे कला में भाजपा युवा मोर्चा छुईखदान के उपाध्यक्ष जतिन यादव एवम विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में हिंदू गौरव दिवस मनाया गया। 5 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत से केंद्र में सरकार बनने के पश्चात श्री राम जन्मभूमि पर सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर बनाने का फै सला दिया था जिसे ग्राम साल्हेकला में विश्व गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। यादव ने कहा कि प्रभु श्री राम का मंदिर लंबे संघर्ष के बाद कई कारसेवको के बलिदानों का प्रमाण है और आज सिर्फ मंदिर निर्माण ही नही एक सशक्त भारत का पुनर्निर्माण हो रहा है। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के ग्राम अध्यक्ष टोपेंद्र जघेल, महामंत्री दिनेश साहू , उपाध्यक्ष आकाश साहू भाजपा मंडल युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य दुष्यंत जंघेल एवम भारी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेजी से चल रहा टीकाकरण का कार्य 9 लाख नागरिक बूस्टर डोज से वंचित

**राजनांदगांव।** जिले में अमृत महोत्सव अंतर्गत निःशुल्क कोविड टीकाकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। कोविड-19 से सुरक्षा के लिए 30 सितम्बर तक निःशुल्क बूस्टर डोज लगाया जाना है। कलेक्टर डोमन सिंह ने नागरिकों से आह्वान किया है कि 18 से 59 वर्ष के आयु वर्ग के नागरिक शीघ्र ही टीकाकरण करा लें। जिन्होंने पहला एवं दूसरा टीका नहीं लगाया है, वे भी लगवाएं। साथ ही जिन्होंने पहला और दूसरा टीका लगवा लिया है, वे बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि अभियान को गति प्रदान करते हुए ऐसे नागरिकों को चिन्हांकित कर युद्ध स्तर पर टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। अभी भी जिले में ऐसे नागरिक है, जिन्होंने बूस्टर डोज नहीं लगाया है। कोविड-19 संक्रमण की विभीषिका से जूझते हुए आज हम सब टीकाकरण की वजह से सुरक्षित है। इसके पहले इस महामारी के घातक दुष्परिणाम हम सभी देख चुके हैं।

## उप निरीक्षक युगलकिशोर और कृष की शहादत याद कर भर आई आंखे

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




गातापार-बकरकट्टा के बीच 5 साल पहले नक्सल हमले में शहीद हुए उप निरीक्षक युगलकिशोर और आरक्षक कृष साहू को महकमे ने शनिवार को शहादत की सालाना बरसी पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर समेत अन्य अफसरों ने स्थानीय पुलिस लाईन स्थित तीनों शहीदों के प्रतिमा में श्रद्धा के फूल अर्पित किए। उसके बाद उनकी देश और राज्य की सुरक्षा के प्रति गहरे लगाव और उनके योगदान को याद कर महकमे ने कुबानी व्यर्थ नहीं जाने का संकल्प लेकर नक्सल लड़ाई को और तेज करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ठाकुर का कहना है कि दोनों शहीदों ने अपनी शहादत से देश और राज्य का नाम रौशन किया है। उनके परिवार और रिश्तेदारों के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस हमेशा खड़ी है। गौरतलब है कि 6 अगस्त 2017 को गश्त में निकले युगलकिशोर वर्मा व आरक्षक कृष साहू नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। खराब मौसम में हुए इस मुठभेड़ में जवानो ने नक्सलियों से लंबी लड़ाई की थी, लेकिन इस मुठभेड़ में दोनों शहीद हो गए थे।स्थानीय पुलिस लाइन में दोनों शहीदों को याद करते हुए महकमे ने परिवार को ढांढस बंधाया और उनके जीवन संबंधी समस्याओं को सुनकर फौरन निराकरण किया।

## हर घर झंडा अभियान के तहत नगर में निकाली गई रैली

पायनियर संवाददाता गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पूर्ण होने पर मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता एवं राष्ट्रीयता की भावना को संवर्धित करने के लिए हर घर झंडा अभियान के तहत बीते शनिवार को निकाय द्वारा नगर में रैली निकाली गई। इस रैली में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। रैली निकाय से निकल कर नगर के हृदय चौक, गंगई मंदिर एवं बस स्टैंड होते हुए पुनः निकाय पहुंचे। गौरतलब हो कि हर घर झंडा अभियान के तहत स्वतंत्रता सप्ताह 11 अगस्त से 17 अगस्त तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते शनिवार को नगर में झण्डा रैली निकाली गई।

इस रैली में तहसीलदार टी.आर. वर्मा, निकाय के सीएमओ प्रमोद शुक्ला, उपअभियंता रूपेश राठिया, थाना प्रभारी राजेश देवदास, नगर अध्यक्ष चेतन देवांगन, उपाध्यक्ष जाबिद खान, पार्षद लियाकत अली, दिलीप ओगरे, सूरज नामदेव, बालक दास डहरिया, टूम्मन साहू, हबीब खान, नीलम नामदेव, निकाय के सभी कर्मचारी, नवीन स्कूल के छात्र-छात्राएं व शिक्षक सहित नगर के लोग शामिल रहे।

## जीवनदीप समिति की बैठक में खुज्जी विधायक ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

# आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं में लापरवाही न बरतें चिकित्सक, सुविधाएं दुरुस्त हों : विधायक छन्नी साहू



पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू के निर्देश पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया की जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और जीवनदीप समिति के सदस्यों की मौजूदगी में यहां विधायक साहू ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के संबंध में कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छुरिया का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसपास के ग्रामीणों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए यहां आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा और ड्यूटी डॉक्टरों की मौजूदगी में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 से बचाव हेतु प्रीकॉशन डोज भी लगवाया।

शनिवार को आयोजित इस बैठक में विधायक छन्नी साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, बीएमओ चंद्रशेखर वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव, जनपद सदस्य सुमन साहू, लादूराम तुमरेकी व अन्य सदस्य मौजूद रहे। विधायक साहू ने ड्यूटी डॉक्टरों को समय पर उपस्थित रहने और इमरजेंसी सेवा में तत्काल हॉस्पिटल पहुंचने के निर्देश दिए। साथ ही साथ हाट बाजार योजना में संलग्न चिकित्सकों से अतिरिक्त सेवा लेने के संदर्भ में उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया है। विधायक साहू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों की समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण के लिए बीएमओ को आदेशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ को हिदायत देते हुए सभी मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार के लिए निर्देशित किया। बैठक पश्चात विधायक साहू ने सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के साथ अस्पताल प्रबंधन का जायजा लिया और मरीजों की हालचाल जाना। इसी बीच विधायक ने बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हेतु समस्त स्टाफ को सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन हेतु लोगों को प्रेरित करने की बात कही।

## नगर पंचायत में हुई शांति समिति की बैठक



**गंडईपंडरिया।** आगामी दिनों में मोहर्रम और रक्षा बंधन का त्यौहार आने वाला है। जिसको ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत में बीते शनिवार को दोपहर साढ़े 12 बजे शांति समिति की बैठक रखी गई। जिसमे दोनों ही पर्व को शांति पूर्वक और शालीनता के साथ मनाने की अपील की गई। आगामी 9 अगस्त को मोहर्रम (ताजिया) और 11 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। शांति समिति की बैठक में गंडई तहसीलदार टी.आर. वर्मा, एसडीओपी प्रशांत खांड़े, थाना प्रभारी राजेश देवदास, निकाय के सीएमओ प्रमोद शुक्ला, नगर अध्यक्ष चेतन देवांगन, उपाध्यक्ष जाबिद खान, गंडई ज़मीदार लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, एल्डरमैन हबीब खान, पार्षद दिलीप ओगरे, नीलम नामदेव, फिरोज मेमन, टूम्मन साहू सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## सावन एकादशी को सोनू लख्खा का संकीर्तन



**राजनांदगांव।** श्री हनुमान श्याम मंदिर, रायपुर नाका में सावन शुक्ल एकादशी, 8 अगस्त सोमवार को श्याम प्रभु का संकीर्तन आयोजित किया गया है। हरियाणा से सुप्रसिद्ध श्याम सेवक सोनू लख्खा रात्रि 08:15 बजे से श्याम भरोसे भजनों की अमृत गंगा में स्नान करावेंगे।ज्ञात हो कि श्री हनुमान श्याम मंदिर में स्थापित खाटू श्याम मन्दिर में प्रत्येक एकादशी में कीर्तन होता है। इसी कड़ी में इस सावन की एकादशी पर सुप्रसिद्ध भजन गायक सोनू लक्खा हरियाणा का भजन रखा गया है।

# डेंगू नियंत्रण एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए भिलाई निगम ने 1 लाख घरों का किया सर्वे, 95685 घरों में वितरित किए टेमीफास् के बॉटल

**पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर**
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एवं सभी जोन आयुक्त के माध्यम से भिलाई निगम क्षेत्र में अब तक स्वास्थ्य विभाग एवं गठित विशेष टीम के द्वारा 104865 घरों का सर्वे जलजनित बीमारियों के रोकथाम एवं डेंगू नियंत्रण के लिए किया जा चुका है।

विशेष टीम में वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी के. के. सिंह के नेतृत्व में प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। 1 जून से यह सर्वे प्रारंभ हुआ था और अब तक लाखों घरों का सर्वेक्षण हो चुका है। डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए भिलाई निगम ने 95685 घरों में टेमीफास् के बॉटल का वितरण अब तक किया है। वहीं निगम ने विशेष दल का गठन भी सर्वेक्षण के लिए किया हुआ है जोकि प्रतिदिन सर्वे करते हुए जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उपाय अपनाते हुए जन जागरूकता का प्रचार-प्रसार भी कर रही है। पीलिया के नियंत्रण के लिए 74430 घरों में क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया जा चुका है।

निगम की टीम घर-घर में जल जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए पहुंच रही है। 58 वार्डों में अब तक विशेष अभियान चलाया जा चुका है। 10140 जगह पर कूलर एवं टंकी, कंटेनर एवं विभिन्न पात्रों को खाली कराए जा चुके हैं। इधर जल जमाव होने वाले स्थानों पर मलेरिया ऑयल एवं जला ऑयल का छिड़काव किया जा रहा है। डेंगू के लार्वा को पनपने नहीं देने निगम ने पुख्ता तैयारी कर रखी है, मच्छरों के खात्मा के लिए मेलाथियान का स्प्रे किया जा रहा है वही फागिंग मशीन की सहायता से मच्छरों को नष्ट किया जा रहा है। बीमारी फैलाने वाले जीवाणुओं को नष्ट करने के लिए ब्लीचिंग एवं चूना का छिड़काव किया जा रहा है। वही जागरूकता के तहत पंपलेट का वितरण भी किया जा रहा है तथा नालियों की सफाई कराई जा रही है। जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग अमला प्रत्येक क्षेत्रों में तैनात होकर कार्य कर रहा है।

# गुजरात विधानसभा पर्यवेक्षक ममता चन्द्राकर ने ली साबरकांठा लोकसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक

**पायनियर संवाददाता < बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



विधायक एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन एवं विकास प्राधिकरण के सदस्य ममता चन्द्राकर बतौर गुजरात विधानसभा चुनाव पर्यवेक्षक साबरकांठा लोकसभा अंतर्गत विधानसभा में दौरा कर कार्यकताओं की बैठक लेकर जीत के टिप्स दे रही है। गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव मद्दे के नजर अखिलभारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस ने विधायक पंडरिया ममता चन्द्राकर को सह पर्यवेक्षक की अहम जवाबदारी सौपी है। अखिभारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा के निर्देशानुसार गुजरात विधानसभा के पर्यवेक्षक पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर गुजरात के 6 दिवसीय प्रवास पर है विधायक ममता को गुजरात के अहमदाबाद के साबरकांठा लोकसभा के प्रभार पर है साबरकाठा लोकसभा में 7 विधानसभा है जिसमे हिम्मत नगर, इदार, खेदबहा भीलोडा, मोडासा, बयाड, प्रातिज शामिल है विधायक ममता 30 जुलाई 2022 से 6 अगस्त 2022 तक 6 दिवसीय प्रवास पर है इस दौरान पर्यवेक्षक ममता प्रति दिन प्रभार अंतर्गत स्थानों पर कार्यकर्ताओं व कांग्रेसजनों की बैठक लेकर जीत की मंत्र दे रही है। आज इसी कड़ी में उरई में कार्यकर्ताओं व कांग्रेसजनों की बैठक लेकर जीत के मंत्र व टिप्स दिए पर्यवेक्षक ममता के साथ प्रतिनिधि अध्यक्ष जनपद लोहारा धनुक वर्मा सरपंच संघ अध्यक्ष लोहारा ब्लॉक रूपचंद वर्मा उपस्थित रहे पर्यवेक्षक ममता चन्द्राकर 6 अगस्त को गुजरात प्रवास से कबीरधाम के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नेहरू नगर में जोन समिति की हुई बैठक, सभापति एवं जोन अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू रहे मौजूद





**पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर**
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के सभापति एवं नेहरू नगर जोन के अध्यक्ष गिरवर बंटी साहू एवं जोन आयुक्त मनीष गायकवाड की मौजूदगी में जोन समिति की बैठक संपन्न हुई। पार्षदों ने छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा की। खमरिया के क्षेत्र में जेसीबी की मांग पर उन्हें कार्य के लिए त्वरित रूप से जेसीबी उपलब्ध कराया गया। वही सभापति गिरवर बंटी साहू ने जलभराव वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने अधिकारियों को कहा, जल जनित बीमारियों के निदान के लिए स्वास्थ्य विभाग को हमेशा मुस्तैद रहने पर चर्चा हुई। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डो को लेकर सुझाव दिए। डेंगू नियंत्रण एवं जलजनित बीमारियों के रोकथाम के उपाय पर पार्षदों ने काफी देर तक चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी, एमआईसी सदस्य लालचंद वर्मा, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद योगेश साहू, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद मुकेश अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद चंदेश्वरी बांधे, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद रवि शंकर कुर्रे, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद राजेंद्र कुमार, वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद रानू साहू, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद महेश वर्मा, वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद अंजु सिंहा एवं वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद भोजराज सिन्हा, सहायक अभियंता विनीता वर्मा व जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# 3 विभाग के अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

- **सड़क किनारे खाली जमीन पर कब्जाधारियों को पहले हटाया जाएगा, फिर होगा सौन्दर्यीकरण**
- **मैत्रीनगर मार्केट के सामने बनेगी चौपाटी**

**पायनियर संवाददाता < रिसाली**
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रिसाली के मुख्य मार्गो का सौन्दर्यीकरण होगा। सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को पहले हटाया जाएगा। इसके लिए नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग दुर्ग व भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों ने विजिट किया। उल्लेखनीय है कि जोहार चौक से दशहरा मैदान होते कल्याणी मंदिर मार्ग का सौन्दर्यीकरण होना है। सड़क किनारे पेवर ब्लाक लगाया जाना है। बीएसपी मार्केट और मैत्रीनगर मार्केट के सामने सड़क किनारे फुटकर व्यापारियों का कब्जा होने की वजह से कार्य अटका पड़ा है। गुरूवार को आयुक्त आशीष देवांगन, कार्यपालन अभियंता सुशील कुमार बाबर, बीएसपी के के.के. यादव व लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने शीघ्र अभियान चलाने निर्णय लिया।

### बनेगी चैपाटी

इसी मार्ग पर मैत्रीनगर मार्केट के सामने निगम का चैपाटी होगा। इसके लिए लगभग 50 लाख की राशि खर्च की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वस्थ्य वातावरण में खाने पीने का सामान उपलब्ध हो। आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि चैपाटी प्लान में गढ़कलेवा को भी शामिल किया गया है।

### लोक निर्माण विभाग मंत्री ने राशि स्वीकृत की

रिसाली के मुख्य मार्ग का सौन्दर्यीकरण करने लगभग 1 करोड़ का खर्च किया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू ने राशि स्वीकृत कर भूमिपूजन किया है। 49.35 लाख रूपए का मार्ग के किनारे नहर तट पर प्लान्टर तैयार किया गया है। वही सामने के हिस्से में 39.26 लाख का पेवर ब्लाक लगाया जाएगा। पेवर ब्लाक लगाने से पहले जंगल क्लीन करने के साथ ही अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# जिला कांग्रेस मंहगाई के विरोध प्रदर्शन में मीनाक्षी के नेतृत्व में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकर्ता हुए शामिल




**पायनियर संवाददाता < कवर्धा**
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस सुप्रीमो नीलकण्ठ के अगवाई में देश मे बढ़ते मंहगाई के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मीनाक्षी ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। प्रदेश कांग्रेस सुप्रीमो मोहन मरकाम जननायक कवर्धा के लाडले विधायक कैबिनेट मंत्री मो.अकबर जिला कांग्रेस प्रभारी थानेश्वर पाटिला के निदेश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलकण्ठ के अगवाई में देश मे तीब्र गति से बढ़ते मंहगाई के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं गिरफ्तारी का कार्यक्रम आयोजित था उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (महिला विभाग) इंटक के जिला अध्यक्ष मीनाक्षी ठाकुर के नेतृत्व राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के कार्यकर्ता शामिल होकर बढ़ते मंहगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर एवं पुतला दहन कर गिरफ़्तारी दी मीनाक्षी ठाकुर के अगवाई मे राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकर्ता सुकृता भठ्ठ सीता राज दुवसिया सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुई ब्लॉक कांग्रेस पंडरिया अध्यक्ष नवीन जयसवाल विधायक प्रतिनिधि गुरूदत्त शर्मा मनीष शर्मा पार्षद घनश्याम साहू जिला अध्यक्ष लखन राजपूत परदेशी राम ,एल्डरमेन अकबर खान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खोवाराम भास्कर सुरेश दिवाकर ललित धुर्वे सूरज यादव संदीप साहू पवन शर्मा सुरेश चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# रेलवे पटरी के किनारे लगी है बस्ती, शहीद वीर नारायण सिंह की सकरी बस्तियों में पहुंचे आयुक्त लोकेश चंद्राकर

**पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर**
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर निरंतर मॉर्निंग विजिट में निगम के क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। महापौर नीरज पाल ने स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई की परिकल्पना के तहत अधिकारियों को विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने सभी जोन आयुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों का सुबह दौरा करने का निर्देश दिया हुआ है। जोन आयुक्त भी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था बनाए रखने गली, मोहल्लों में भ्रमण कर रहे हैं। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर सुबह वार्ड क्रमांक 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर पहुंचे, शहीद वीर नारायण सिंह नगर रेलवे पटरी के किनारे लगी हुई बस्ती है तथा नेशनल हाईवे के किनारे बसी हुई है। बहुत ही सघन बस्ती होने के कारण निगम आयुक्त ने पूरे मोहल्ले का निरीक्षण किया, उन्होंने सफाई व्यवस्था देखी और नालियों की सफाई वृहद रूप से करने के निर्देश दिए। यह वही वार्ड है जहां भरपूर मात्रा में जल स्रोत है, गली, मोहल्लों में कुए ही कुए है, निगमायुक्त ने कहा कि निकासी की व्यवस्था ऐसी बस्तियों में नितांत आवश्यक है, इस दिशा में भी कार्य करें, उन्होंने सफाई को लेकर मोहल्ले वासियों से फीडबैक लिया। सार्वजनिक शौचालय की सफाई भी उन्होंने देखी, पटरी किनारे के समीप क्षेत्रों का निरीक्षण किया, उन्होंने निर्देश दिए कि कचरा एक स्थान पर डंप न हो, घनी बस्ती होने के कारण डोर टू डोर कचरा का उठाव निरंतर होता रहे।

### कवर्धा जिले और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं युवा कवि तुकाराम साहू 'तरुण'

**कवर्धा।** राष्ट्रीय साहित्य संस्था शब्दाक्षर के द्वारा 6,7,8 तीन दिवसीय अखिल भारतीय साहित्योत्सव का कार्यक्रम चेन्नई तमिलनाडु में किया जा रहा है, छत्तीसगढ़ राज्य व जिले की ओर से कम आयु में प्रसिद्धि प्राप्त युवा कवि तुकाराम साहू तरूण इस आयोजन में शामिल हुए हैं, प्रथम दिवस तुकाराम को शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तुकाराम नव कलमकारों को साथ लेकर नव कलमकार साहित्य मंच भी संचालित कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में भारत देश के सभी राज्यों से विशेष आमंत्रित 70 कवि/साहित्यकार सम्मिलित हुए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष श्री विद्याभूषण जयदेव के निर्देशन में सेवा शंकर अग्रवाल, कुलेश्वर जायसवाल, और 4 महिला साहित्यकार भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



# कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने एक विपत्तिग्रस्त परिवार को 4 लाख रूपए का चेक वितरण किया

**पायनियर संवाददाता < कवर्धा**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम घटमुड़ा दुर्जनपुर में 1 विपत्तिग्रस्त परिवार को 4 लाख रूपए चेक वितरण किया। वन मंत्री ने चेक वितरण करते हुए विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते है। चेक वितरण करते समय मंत्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने शोक संतप्त परिवार से भेंट-मुलाकात करते हुए कहा कि किसी भी परिवार के लिए हर सदस्य का एक महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परिवार का चाहे वह छोटा या बड़ा या घर का मुखिया हो अकास्मात रूप से परिवार को छोड़कर चले जाना उस परिवार के लिए एक अपूर्णिय क्षति होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार की अपूर्णिय क्षति को पूर्ति तो नहीं कर पाएंगे, लेकिन इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते उन घर परिवारों के अभिभावक के रूप में हर परिस्थितियों में उनका साथ देने सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। मंत्री अकबर द्वारा आबीसी-6-4 के तहत बोड़ला तहसील के ग्राम घटमुड़ा दुर्जनपुर निवासी धनीराम बैगा की तालाब में नहाते समय डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त हिरमोतिन को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आबीसी-6-4) के तहत 4 लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

# मंत्री अकबर ने पवित्र श्रावण मास में भोरमदेव मंदिर पहुंच कर विधिवत पूजा-अर्चना की

- **अकबर ने बाबा भोरमदेव मंदिर की पूजा अर्चना कर प्रदेश के खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की**

**पायनियर संवाददाता < कवर्धा**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातत्विक व जनआस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रर्थिना की। उन्होने शिवजी का विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए जलाभिषेक किया और महाआरती में शामिल भी हुए। उन्होने बताया कि कबीरधाम का भोरमदेव मंदिर एक जनआस्था का विशाल केन्द्र है। यहां सदियों से पवित्र सावन माह में पदयात्रा और कावंडियों द्वारा मां नर्मदा सहित अन्य पवित्र स्थलों से जल लाने की परम्परा है। उन्होने कहा कि मेरा भी इस मंदिर से विशेष लगाव और आस्था है। जब भी कोई अवसर मिलता है, यहां आने का तो समय निकाल कर यहा विधिवत पूजा अर्चना और जलाभिषेक करने जरूर आता हू। इससे मुझे मन में शांति और आंनद की अनुभूति भी होती है। उल्लेखनीय है कि पवित्र श्रावण मास चल रहा है। पूरे सावन माह में बाबा भोरमदेव मंदिर और कवर्धा के प्राचीन बुढ़ा महादेव मंदिर में पदयात्रा कर हजारों कांवडिया और श्रद्धालुगण यहां आते है। अकबर ने पूजा-अर्चना के बाद मंदिर में आए सौकड़ों श्रद्धालुओं से भेंट-मुलाकात करते हुए सभी का अभिवादन भी स्वीकार किया। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# नरवा योजना नहीं होती तो छांटा में इस बार मुश्किल हो जाती, नरवा प्रोजेक्ट की वजह से कोई दिक्कत नहीं

- **मोटर पंप लगाकर ले रहे पर्याप्त पानी**

**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नरवा योजना का जादूई असर ग्रामीण क्षेत्रों में दिखने लगा है। ये तस्वीरें छाटा से आई हैं। छाटा में इस बार पानी कम गिरा है। छाटा ही नहीं आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में खंड वर्षा हुई है चूंकि छाटा नरवा प्रोजेक्ट में था इसलिए यहां पर इसका कोई असर नहीं हुआ और खेतों के लिए किसानों के पास पर्याप्त पानी है। छाटा के किसान देवेंद्र पटेल ने बताया कि इस इलाके में खंड वर्षा हुई है कहीं हुई, कहीं नहीं। चूंकि शासन ने नरवा योजना में चेक डेम बना दिया और नाले से गाद निकलवा दी इसलिए पानी ठहर गया और हमारे खेतों को पानी की संजीवनी मिल गई। गांव के किसान पुनीत ने बताया कि 19 जून को अच्छी बारिश हुई थी और इससे ही चेक डेम में अच्छा पानी आ गया। चेक डेम नहीं बनता तो पूरा पानी बह जाता। इसके साथ ही नरवा कार्य होने से आसपास के खेतों में नमी भी पर्याप्त मात्रा में है और भूमिगत जल का स्तर अच्छा बढ़ने से किसानों को लाभ हुआ है। जून से अगस्त तक चार बार वर्षा का पानी रोका गया है और 172 एकड़ खेतों में सिंचाई की जा चुकी है। यह सिंचाई मोटर पंपों के माध्यम से हो रही है। इसके अलावा भूमिगत जल का रिसाव नाले के माध्यम से अच्छा होने से जिन खेतों में बोर है वहां भी अच्छा पानी आ रहा है। पहले इस नरवा में पानी का प्रवाह फरवरी तक ही होता था अब अप्रैल तक इसमें पानी रहता है। इससे दोनों फसले लेने के लिए रास्ता खुल गया है।

जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि अभी कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के साथ नरवा योजना के किनारे के गांवों का निरीक्षण किया और सभी में भूमिगत जल का स्तर काफी उठा है। किसान काफी खुश हैं। खंड वर्षा से होने वाले दुष्प्रभाव से किसान बच गये हैं और अब तक बर्बाद होने वाला पानी अब सुरक्षित रहने लगा है। पहले चेक डेम था बदहाल- उल्लेखनीय है कि बोदल बोहारडीह से सांतरा तक सवा तीन किमी नाले पर कार्य किया गया है जिससे एक बड़े पैच में कैचमेंट एरिया का पानी भूमिगत जल के रूप में रिस रहा है और अंततः खेतों तक पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले यहां चेक डेम तो था लेकिन बदहाल था, इसका उपयोग ही नहीं था।

# घर-घर झंडा उपलब्ध कराने महिलाओं ने लगाया स्टॉल



**पायनियर संवाददाता < रिसाली**
www.dailypioneer.com

नवगठित नगर पालिक निगम क्षेत्र में घर-घर झंडा उपलब्ध कराने महिला संगठनों ने स्टॉल लगाना शुरू कर दिया। शिवाजी चौक रिसाली स्थित स्टॉल का महापौर शशि सिन्हा ने न केवल स्टॉल का उद्घाटन किया बल्कि प्रथम नागरिक की हैसियत से घर पर ध्वज फहराने महिला समूह से तिरंगा खरीदा। इस दौरान आयुक्त आशीष देवांगन भी ग्राहक बने।

रिसाली निगम क्षेत्र की राष्ट्रीय क्षेत्रीय एरिया लेबल फेडरेशन की महिलाओं ने 11 से 17 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान के लिए झंडा उपलब्ध कराने स्टॉल लगाना शुरू कर दिया है। निगम क्षेत्र का पहला स्टॉल का उद्घाटन महापौर शशि सिन्हा ने झंडा खरीदकर किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त के अलावा, सहायक अभियंता आर.के.जैन. उपअभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर, अखिलेश गुप्ता, नितिश अमन साहू समेत उमयंती ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने झंडा खरीदा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403